हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

30 की हुई स्मृति, बल्ले से लिख रही हैं भारतीय महिला क्रिकेट की नई कहानी

Page 09



देश

उद्धव के छह सांसदों का शिवसेना में विलय को मंज़ूरी, टीएमसी के 20 बागी सांसद बैठेंगे अलग

शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 20 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 228 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,31,350 | ₹ 2,30,000 |





## आज का इतिहास

**2014 :** अमेरिकी ने कहा कि सबूत बताते हैं कि मलेशियाई एयरलाइंस की उड़ान एमएच17 में रूस निर्मित मिसाइल दागी गई थी; मिसाइल हमले में सवार सभी 298 लोगों की मौत हो गई।

**2012 :** लंदन में, ओलंपिक मशाल का आगमन होता है, जो 2012 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के आगे यू.के.-व्यापक रिले के अंतिम चरणों का संकेत देता है।

## न्यूज बाइट्स

### एमपी में यूसीसी बिल को कैबिनेट की मंजूरी

मोतिहारी नई दिल्ली (ए.)। मध्य प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड, यूसीसी) लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रविवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यूसीसी विधेयक-2026 के ड्राफ्ट को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। अब इसे विधानसभा में पेश किया जाएगा। विधानसभा का सत्र कल से शुरू हो रहा है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार विधेयक को विधानसभा में पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। समानता भारतीय संस्कृति और मूल्यों का अभिन्न हिस्सा रही है। इसी भावना के अनुरूप सरकार ने यह कदम उठाया है। देश में उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य है, जबकि गुजरात और असम में यूसीसी विधेयक पारित हो चुका है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने भोपाल के गौरवशाली इतिहास का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भोपाल का इतिहास परमार राजवंश और राजा भोज से जुड़ा है। यह क्षेत्र प्राचीन काल से सनातन संस्कृति का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि भोपाल का गहरा संबंध गोंड राजवंश से भी है। मदन शाह और संग्राम शाह जैसे शासकों ने क्षेत्र के विकास में योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा- इतिहास में राजा निजाम शाह की विष देकर हत्या और उसके बाद रानी कमलापति द्वारा अपने पुत्र एवं प्रजा की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष का भी विशेष महत्व है।

---

बिहार में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से सीएम सम्राट चौधरी ने की कई घोषणाएं

# सीएम ने दी 551 मॉडल स्कूलों की सौगात बेगूसराय में बनेगी दिनकर यूनिवर्सिटी

- अब घर के पास मिलेगी प्लस-टू तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
- आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे मॉडल स्कूल

निज संवाददाता | बेगूसराय

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को बेगूसराय से बिहार के 551 सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय (मॉडल स्कूल) का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बेगूसराय पहुंचे सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन विद्यालयों का लोकार्पण करते हुए घोषणा की कि बेगूसराय में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेगूसराय राष्ट्रकवि दिनकर की कर्मभूमि है, इसलिए उन्होंने मॉडल स्कूलों की शुरुआत के लिए इसी जिले का चयन किया। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, ई-लाइब्रेरी, आधुनिक प्रयोगशालाएं और अनुभवी शिक्षकों की व्यवस्था होगी। साथ ही विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल भवनों का उद्घाटन करना नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों से राज्य के चार लाख से अधिक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा और शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने बताया कि एफआईएलओ ऐप के माध्यम से छात्र-छात्राएं देर रात तक भी ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी दोहराया कि सरकार अगले दो वर्षों में एक करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने बीपी इंटर स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विज्ञान एवं नवाचार प्रदर्शनी स्टॉल देखे, स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया तथा छात्रों से बातचीत कर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया।

उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने कहा कि बेगूसराय हमेशा से बिहार के विकास का अग्रदूत रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के पिछले कार्यकाल में शिक्षा सुधार की नींव रखी गई थी और अब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में शिक्षा विकास का दूसरा चरण शुरू हुआ है।





### 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

शिक्षा विभाग के अनुसार 551 मॉडल स्कूलों का उद्देश्य राज्य के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इन विद्यालयों में निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान अवसर मिल सके। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव राजीव रौशन ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि विद्यालयों में पढ़ाई समय पर शुरू हो तथा पेयजल, शौचालय, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कोई कार्य लंबित न रहे।

### सरकारी कॉलेजों में बनेंगे प्लेसमेंट सेल

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की कि राज्य के सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल भी स्थापित किए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रोजगार संबंधी मार्गदर्शन भी मिल सके।

### दिनकर विश्वविद्यालय की घोषणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी साहित्य साधना से बिहार का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। उनके सम्मान में बेगूसराय में दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी, जो क्षेत्र में उच्च शिक्षा का नया केंद्र बनेगा।

### हमारे युवा जॉब क्रिएटर बनें : सीएम

**पटना (नि.सं.)।** बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इंजीनियरिंग पास आउट छात्रों से कहा- जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बने। नए-नए शोध से ही हम आगे बढ़ पाएंगे। हमारे यहां अब भी यह सोच है कि कोई भी सरकारी नौकरी मिल जाए। भले ही वह चतुर्थ ग्रेड का ही क्यों न हो। पर अब ऐसा नहीं हो। जीवन को समृद्ध बनाना है, परिवार की समृद्धि का रास्ता खोलना है तो जॉब क्रियेटर बनना होगा। अब आगे बढ़ने का समय है। कंपीटिशन का समय है। आप नई इंडस्ट्री/स्टार्टअप का सुझाव दें। समृद्धि का रास्ता सुझाएं। नये शोध से ही हम आगे बढ़ पाएंगे। वो बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के तीसरा दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि आज मोबाइल और इंटरनेट के युग में पूरी दुनिया मुट्ठी में है। युवाओं को नए इनोवेशन कर राज्य को समृद्ध बनाना चाहिए। सम्राट चौधरी ने बताया कि बिहार के सभी 38 जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज हैं।

---

नालंदा में पारिवारिक विवाद बना त्रासदी

# तीन की मौत, एक गंभीर, चार वर्षीय बच्चे की बची जान



निज संवाददाता | नालंदा

बिहार के नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव में शनिवार को एक ही परिवार में हुई दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। पारिवारिक विवाद के बीच तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। वहीं, चार वर्षीय मासूम की जान उस समय बच गई जब उसने कथित तौर पर उसे दी गई सल्फास की गोली फेंक दी। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह की वजह ससुर और बहू के बीच कथित अवैध संबंध सामने आया है। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की जांच जारी है और सभी तथ्यों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी।

मृतकों की पहचान दिलेंद्र तांती (65), उनकी बहू गौरी देवी (30) और बड़े बेटे रंजीत तांती (40) के रूप में हुई है। छोटे बेटे पुरुषोत्तम तांती (35) ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन समय रहते परिजनों और ग्रामीणों ने उसे बचा लिया। उसका इलाज चल रहा है। परिजनों के अस्पताल जाने के बाद पिता दिलेंद्र तांती ने घर की छत पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस तरह कुछ ही घंटों के भीतर एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मृतक दंपती के चार वर्षीय बेटे प्रिंस ने बताया कि उसके माता-पिता बाजार से सल्फास की गोलियां खरीदकर लाए थे और उसे भी गोली खाने के लिए दी गई थी।

### पहले छोटे बेटे ने किया आत्महत्या का प्रयास

अस्पताल में भर्ती पुरुषोत्तम तांती ने बताया कि लंबे समय से चल रहे घरेलू विवाद से परेशान होकर उन्होंने शनिवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। परिजनों ने उन्हें समय रहते फंदे से उतारकर इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। इसी दौरान बड़े भाई रंजीत तांती और उनकी पत्नी गौरी देवी ने कथित रूप से गेहूं में इस्तेमाल होने वाली कीटनाशक दवा सल्फास खा ली। दोनों की हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

---

# आज से शुरू होगा बिहार विधानसभा का मानसून सत्र

- प्रथम अनुपूरक बजट समेत कई विधेयकों पर होगी चर्चा

निज संवाददाता | पटना



बिहार विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र आज से शुरू होकर 24 जुलाई 2026 तक चलेगा। इस दौरान सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का प्रथम अनुपूरक बजट सदन में पेश करेगी। साथ ही कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित किए जाने की संभावना है। सत्र के दौरान 21 और 22 जुलाई को विभिन्न विधेयक सदन में प्रस्तुत किए जाएंगे, जबकि 23 जुलाई को प्रथम अनुपूरक बजट पर विस्तृत चर्चा के बाद मतदान कराया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित सर्वदलीय बैठक में सदन की कार्यवाही को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने पर चर्चा हुई। इस बार पहली बार विधायकों के लिए शून्यकाल और ध्यानाकर्षण प्रस्तावों की सूचनाएं ऑनलाइन स्वीकार करने की व्यवस्था लागू की गई है।

विधानसभा अध्यक्ष ने सभी दलों से अपील की कि वे अपने-अपने सदस्यों को प्रश्नकाल, शून्यकाल, विधायी कार्य और जनहित के मुद्दों पर अनुशासित एवं रचनात्मक भागीदारी के लिए प्रेरित करें, ताकि सदन की कार्यवाही अधिक सार्थक बन सके। मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। राजद, कांग्रेस और वाम दल राज्य में हाल की आपराधिक घटनाओं तथा कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को घेरने की रणनीति बना रहे हैं। विपक्ष भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर सहित अन्य घटनाओं को लेकर सरकार से जवाब मांग सकता है। इसके अलावा राज्य की कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी तीखी बहस होने की संभावना है।

मानसून सत्र को देखते हुए विधानसभा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। सभी प्रवेश द्वारों पर बैगेज स्कैनर, वाहन जांच प्रणाली और मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे। प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति, वाहन और सामान की गहन जांच की जाएगी।

सत्र के दौरान अनधिकृत

---

# राज्यसभा में आज पेश होगा वंदे मातरम् को कानूनी संरक्षण देने वाला विधेयक



- राष्ट्रगीत के अपमान या गायन में व्यवधान डालना हो सकता है दंडनीय अपराध

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को केंद्र सरकार राज्यसभा में राष्ट्र गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश करेगी। प्रस्तावित संशोधन का उद्देश्य राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को राष्ट्रगान जन गण मन के समान वैधानिक संरक्षण प्रदान करना है। विधेयक को सोमवार की कार्यसूची में शामिल किया गया है और इसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उच्च सदन में पेश करेंगे। यह विधेयक राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन के लिए लाया जा रहा है। वर्तमान कानून के तहत राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान का अपमान या अनादर दंडनीय अपराध है, जिसके लिए तीन वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। प्रस्तावित संशोधन के बाद राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करना या उसका अपमान करना भी दंडनीय अपराध की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। सरकार का कहना है कि यह पहल वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित वर्षभर के समारोहों के बीच की जा रही है। इसके माध्यम से राष्ट्रगीत को भी राष्ट्रीय सम्मान के दृष्टिकोण से समान कानूनी संरक्षण देने का प्रयास किया जा रहा है।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्यों को पत्र लिखकर सरकारी कार्यक्रमों में, जहां जन गण मन का गायन होता है, वहां वंदे मातरम् के वादन या गायन को भी सुनिश्चित करने का आग्रह कर चुका है। प्रस्तावित विधेयक पारित होने पर राष्ट्रगीत के सम्मान से जुड़े प्रावधानों को कानूनी मजबूती मिलने की संभावना है।

---

उत्तर बिहार को बाढ़ और सिंचाई की बड़ी सौगात

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेलवा–मीनापुर लिंक चैनल परियोजना का किया लोकार्पण

निज संवाददाता | शिवहर

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को उत्तर बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही बेलवा–मीनापुर लिंक चैनल परियोजना का लोकार्पण किया। करीब 130 करोड़ 88 लाख 57 हजार रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना के शुरू होने से शिवहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की 40 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री दो हेलीकॉप्टरों से पिपराही प्रखंड के बेलवा घाट पहुंचे, जहां उन्होंने फीता काटकर लिंक चैनल का उद्घाटन किया और परियोजना से संबंधित तकनीकी जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उद्घाटन के बाद चैनल का संचालन औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री एवं शिवहर विधायक डॉ. श्वेता गुप्ता, सांसद लवली आनंद, पूर्व सांसद रमा देवी, सीतामढ़ी सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, विधायक ऋतु जायसवाल, पूर्व विधायक ठाकुर रत्नाकर राणा, विभागीय अधिकारी तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि शिवहर वर्षों से बागमती नदी की बाढ़ का दंश झेलता रहा है। हर वर्ष बाढ़ के कारण किसानों की फसलें बर्बाद होती थीं और जनजीवन प्रभावित होता था। उन्होंने कहा कि बेलवा–मीनापुर लिंक चैनल केवल एक इंजीनियरिंग परियोजना नहीं, बल्कि किसानों की राहत, समृद्धि और खुशहाली की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार सरकार विकास योजनाओं को मिशन मोड में लागू कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी और समयबद्ध तरीके से सभी योजनाओं को पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बेलवा–मीनापुर लिंक चैनल को शिवहर जिले के लिए गेम चेंजर परियोजना माना जा रहा है। लंबे समय से बाढ़ और सिंचाई की दोहरी समस्या से जूझ रहे किसानों को उम्मीद है कि यह परियोजना खेती को नई दिशा देगी, कृषि उत्पादकता बढ़ाएगी और शिवहर सहित उत्तर बिहार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



### किसानों को मिलेगा सालभर सिंचाई का लाभ

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस परियोजना के संचालन से बाढ़ के पानी का बेहतर प्रबंधन संभव होगा और किसानों को पूरे वर्ष सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। इससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा, खेती की लागत कम होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

---

बिहार में ग्रीनसेल मोबिलिटी करेगी ई-बसों की आपूर्ति, तैयारियां अंतिम चरण में

# जल्द मिलेंगी 100 नई पीएम ई-बसें, 31 बस डिपो भी होंगे आधुनिक

- प्रदूषण मुक्त और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन की दिशा में बड़ा कदम
- आरएफपी तैयार करने के लिए पीडब्ल्यूसी को दिए गए निर्देश

निज संवाददाता | पटना



बिहार के लोगों को जल्द ही प्रदूषण मुक्त और आरामदायक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा मिलने वाली है। राज्य में पर्यावरण अनुकूल पीएम ई-बस सेवा को गति देने की तैयारी पूरी हो चुकी है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के बेड़े में इस महीने के अंतिम सप्ताह तक करीब 100 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल हो जाएंगी। बस निर्माता कंपनी ग्रीनसेल मोबिलिटी के अधिकारियों ने हाल ही में परिवहन विभाग एवं बीएसआरटीसी के प्रशासक अतुल वर्मा से मुलाकात कर बसों की डिलीवरी की प्रगति की जानकारी दी। इसके बाद ई-बसों के संचालन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

ई-बस परियोजना के साथ ही राज्य के 31 बस डिपो को भी आधुनिक बनाया जाएगा। इसके लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत डिपो के पुनर्विकास की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। इस संबंध में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में परियोजना के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में परामर्शदाता संस्था प्राइस वाटरहाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) को निर्देश दिया गया कि वह जल्द से जल्द आरएफपी रिपोर्ट तैयार करे, ताकि समय पर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा सके और निर्माण कार्य में देरी न हो।

### समयबद्ध तरीके से पूरा होगा प्रोजेक्ट

बीएसआरटीसी के प्रशासक अतुल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ई-बस सेवा और डिपो आधुनिकीकरण की दोनों परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से सभी आवश्यक सहयोग और सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पीएम ई-बस सेवा और बस डिपो पुनर्विकास परियोजना बिहार की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इसके लिए सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

---

# बिहार में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर मिलेगी सब्सिडी, घर बैठे ऑनलाइन आवेदन शुरू

निज संवाददाता | पटना





बिहार सरकार ने राज्य में पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने और प्रदूषण के स्तर को कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। 'बिहार इलेक्ट्रिक वाहन (संशोधन) नीति, 2026' को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद नए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीदने वालों को वित्तीय प्रोत्साहन (सब्सिडी) देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिवहन विभाग ने इसके लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध करा दी है। परिवहन विभाग के अनुसार यह सब्सिडी केवल उन इलेक्ट्रिक वाहनों पर लागू होगी, जिनकी खरीद 15 मई 2026 या उसके बाद की गई है। इससे पहले खरीदे गए वाहनों पर नई नीति के तहत प्रोत्साहन राशि का लाभ नहीं मिलेगा। विभाग ने आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन रखा है, जिससे लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सब्सिडी प्राप्त करने के लिए वाहन मालिकों को परिवहन विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के दौरान जिले का नाम, वाहन का पंजीकरण (आरसी) नंबर, इंजन और चेसिस नंबर, वाहन खरीद की तिथि, पैन कार्ड, बैंक खाते का विवरण तथा पासबुक या रद्द चेक सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। यह वित्तीय सहायता 'मुख्यमंत्री बिहार पर्यावरण-अनुकूल परिवहन रोजगार योजना' के तहत दी जाएगी।

योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत उपयोग के लिए खरीदे गए इलेक्ट्रिक दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के साथ-साथ व्यावसायिक उपयोग के लिए खरीदे गए इलेक्ट्रिक तीनपहिया (ई-रिक्शा एवं अन्य थ्री-व्हीलर) वाहनों पर भी निर्धारित प्रोत्साहन राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जाएगी। सरकार का मानना है कि इस पहल से राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा, प्रदूषण में कमी आएगी और हरित परिवहन को गति मिलेगी। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

---

# बिहार में मानसून सक्रिय, 17 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। राजधानी पटना में रविवार सुबह से बादल छाए रहे, जबकि देर शाम तेज बारिश ने मौसम सुहावना बना दिया। वहीं जहानाबाद, बगहा, मधेपुरा, गोपालगंज, बक्सर, छपरा और सुपौल समेत कई जिलों में सुबह से ही अच्छी बारिश दर्ज की गई। लगातार हो रही वर्षा से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। बगहा के कई गांवों में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बक्सर में कुछ घंटों की तेज बारिश से सड़कें जलमग्न हो गईं और लोग घुटने भर पानी से होकर आने-जाने को मजबूर दिखे। वहीं सीवान सदर अस्पताल परिसर में भी जलजमाव की स्थिति बन गई। मौसम विभाग ने राज्य के 17 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जबकि 20 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। इन जिलों में तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंगलवार को कौआकोल के पहाड़पुर पंचायत में लगेगा सहयोग शिविर

**कौआकोल।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के तहत इस बार मंगलवार को प्रखंड की पहाड़पुर पंचायत में शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि शिविर का आयोजन पंचायत सरकार भवन,पहाड़पुर में किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मियों को समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। साथ ही सरकारी योजनाओं, प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन, आवास, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई कर यथासंभव मौके पर ही समाधान का प्रयास किया जाएगा। जिन मामलों का तत्काल निष्पादन संभव नहीं होगा,उन्हें संबंधित विभाग को भेजकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने पहाड़पुर पंचायत के सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान कराएं तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त करें।

### पति की हत्या मामले में गिरफ्तार पत्नी भेजी गई न्यायिक हिरासत में, चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के दरावां गांव स्थित दारोबीघा बधार से शनिवार को एक युवक का शव बरामद होने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच तेज कर दी है। इस मामले में मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है,जबकि अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई जमुई जिला के चन्द्रदीप थाना अंतर्गत आढ़ा गांव निवासी चितरंजन कुमार-पिता अर्जुन महतो के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि उनके भाई ओंकार कुमार को जहर देकर हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में प्राप्त आवेदन पर मृतक की पत्नी मंजू देवी सहित चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। नामजद आरोपितों में मंजू देवी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया,जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम लगातार कार्रवाई में जुटी हुई है।

### शराब धंधेबाज सुमन्त उर्फ नागा गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव निवासी शराब तस्करी के आरोपित सुमन्त कुमार उर्फ नागा को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। काफी दिनों से फरार चल रहे आरोपित की गिरफ्तारी पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सुमन्त कुमार उर्फ नागा के विरुद्ध कौआकोल थाना में शराब तस्करी से संबंधित कई प्राथमिकी दर्ज हैं। विभिन्न मामलों में वांछित होने के कारण पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी,लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान एसटीएफ के सहयोग से सोखोदेवरा गांव में नाटकीय ढंग से छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर शराब तस्करी और अवैध कारोबार में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा तथा ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नारदीगंज विद्यालय को मिला सरस्वती विधा निकेतन का दर्जा

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय नारदीगंज को सरकार और शिक्षा विभाग ने इस विद्यालय को मॉडल विद्यालय का दर्जा दिया है। अब इसका नया नाम 'सरस्वती शिक्षा निकेतन (मॉडल स्कूल) इंटर विद्यालय, नारदीगंज' हो गया है। रविवार दोपहर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इसका विधिवत उद्घाटन किया। इसी कड़ी में विद्यालय परिसर में भव्य समारोह आयोजित हुआ। जहां मुख्य अतिथि के रूप में नवादा के डीएम रवि प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मॉडल विद्यालय में छात्रों को स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, डिजिटल क्लास और आधुनिक साइंस लैब जैसी सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, बच्चों को स्कूल में ही जेईई (JEE) और नीट (NEET) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, बीडीओ सोनिया ढनढननिया, बीईओ दीपक सक्सेना और प्रभारी प्राचार्य कृष्णकांत इचा गुट्टू समेत कई अधिकारी, शिक्षक और छात्र मौजूद रहे। छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से स्थानीय लोगों और बच्चों में भारी उत्साह है।

### फर्जी पत्रकार बनकर ठगी का नया पैंतरा, रजौली के कनक कुमार सेठ को ऐसे जाल में फंसाने की हुई नाकाम कोशिश अंगदान और दिव्यांगों की मदद के नाम पर मांगे पैसे, दुकानदार की सूझबूझ से नाकाम हुआ ठग का शातिर प्लान

**रजौली।** डिजिटल दुनिया में ठगी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं, जहां अब जालसाज रसूखदार पदों और प्रतिष्ठित पेशों का मुखौटा ओढ़कर लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला रजौली बाजार से सामने आया है, जहां कनक ज्वेलर्स नामक एक जेवरात दुकानदार कनक कुमार सेठ से फर्जी पत्रकार बनकर अवैध वसूली और ठगी करने का एक गंभीर प्रयास किया गया। हालांकि, दुकानदार की सतर्कता और सूझबूझ के चलते यह शातिर चाल पूरी तरह नाकाम हो गई। दुकानदार से मिली जानकारी और ऑडियो-व्हाट्सएप चैट के साक्ष्यों के अनुसार, खुद को 'न्यूज चैनल 24+' का पत्रकार और पत्रकार संघ का अध्यक्ष संतोष सिंह बताने वाले एक अज्ञात व्यक्ति ने कनक कुमार सेठ को फोन किया। ठग ने बेहद सधे हुए और पेशेवर लहजे में बात करते हुए कहा कि उनके चैनल की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उसने खुद को एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पेश करते हुए इस कथित नेक काम के लिए दुकानदार से आर्थिक सहयोग की मांग की।कॉल के ठीक बाद जालसाज ने कनक कुमार सेठ के व्हाट्सएप नंबर पर +91 90654 25978 से मैसेज भेजकर सीधे 5100 रूपये की मांग कर दी और साथ में एक क्यूआर कोड भी भेजा ताकि तुरंत भुगतान कराया जा सके। ठग बार-बार 'स्क्रीनशॉट प्लीज' और 'भेजा जाए प्रभु' जैसे संदेश भेजकर पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाने लगा। जब जेवरात दुकानदार ने तुरंत पैसे नहीं भेजे और उसकी प्रामाणिकता पर संदेह जताया, तो ठग अपनी औकात पर आ गया। उसने सीधे तौर पर धमकी भरे लहजे में लिखा, 'आपका लगता है इलाज करना पड़ेगा, पत्रकारों को इतना घुमा रहे हैं आप'। इस पर कनक कुमार सेठ ने निडरता से जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि वे उसे नहीं जानते हैं और उसके 'इलाज' वाले बयान का क्या मतलब है। इसके बाद पूरी तरह बौखलाए ठग ने सीधे 'पैसा भेजो पैसा' के मैसेज भेजने शुरू कर दिए और सहयोग न करने का आरोप लगाने लगा। दुकानदार कनक कुमार सेठ ने बिना डरे साफ कह दिया कि जब वे उसे पहचानते ही नहीं, तो पैसे किस बात के दें। इस पूरी घटना ने यह साफ कर दिया है कि अपराधी अब समाज सेवा और मीडिया का डर दिखाकर सीधे-सीधे उगाही करने का प्रयास कर रहे हैं। इस नाकाम फ्रॉड के बाद स्थानीय पत्रकारों द्वारा क्षेत्र के व्यापारियों को सतर्क रहने और किसी भी अनजान कॉल या क्यूआर कोड पर बिना पूरी जांच-पड़ताल किए पैसे न भेजने की अपील की जा रही है।

# रजौली में दिखा शिक्षा का महाकुंभ, बिहार प्रतिभा खोज परीक्षा में उमड़े ग्रामीण बच्चे, टॉपर्स को मिलेंगे लैपटॉप और साइकिल

- पीडब्लू बिहार वाला और साउथ सीटी इंटरनेशनल स्कूल की अनूठी पहल से दो हजार छात्र-छात्राओं ने ओएमआर शीट पर आजमाया भाग्य
- मेधावियों को मिलेगी मुफ्त ऑनलाइन पढ़ाई की सौगात



साउथ सीटी इंटरनेशनल स्कूल में बिहार प्रतिभा खोज परीक्षा देते छात्र-छात्राएं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड में शिक्षा की एक नई अलख जगाते हुए रविवार को एनएच-20 के किनारे स्थित साउथ सीटी इंटरनेशनल स्कूल में बिहार प्रतिभा खोज परीक्षा का गरिमामयी आयोजन बेहद सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पीडब्लू बिहार वाला की ओर से आयोजित इस विशेष परीक्षा में ग्रामीण परिवेश के भीतर छुपी हुई मेधा को तराशने के लिए दो हजार के करीब छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। स्कूल के निदेशक रविंद्र कुमार और पीडब्लू के मुन्ना कुमार के कुशल नेतृत्व में कुल ग्यारह कमरों के भीतर दो अलग-अलग पालियों में इस परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त माहौल में आयोजित कराया गया, जिसमें नौवीं से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

इसके लिए रजौली प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न उच्च विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक कर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करवाए गए थे।परीक्षा में शामिल हुए इन ग्रामीण बच्चों को परखने के लिए सामाजिक विज्ञान, भौतिकी, रसायन शास्त्र, गणित और जीवविज्ञान विषयों से जुड़े कुल पचास वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे, जिन्हें हल करने के लिए विद्यार्थियों को पूरे साठ मिनट का समय मिला। प्रतियोगिता का परिणाम अगले सप्ताह घोषित किया जाएगा, जिसके बाद चारों वर्गों में अव्वल आने वाले होनहारों को बेहतरीन उपहारों से नवाजा जाएगा। परीक्षा में पहला स्थान पाने वाले छात्र को चमचमाता लैपटॉप, दूसरा स्थान हासिल करने वाले को साइकिल और तीसरा स्थान पाने वाले को पीडब्लू की विशेष किट भेंट की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक वर्ग के टॉप टेन में जगह बनाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, सर्टिफिकेट और पीडब्लू की तरफ से बिल्कुल मुफ्त ऑनलाइन क्लासेज का बड़ा तोहफा मिलेगा ताकि वे घर बैठे देश के बेहतरीन शिक्षकों से मार्गदर्शन पा सकें।

पीडब्लू के प्रतिनिधि मुन्ना कुमार और स्थानीय शिक्षक अभिषेक कुमार ने रजौली जैसे पिछड़े क्षेत्र में इस तरह के आयोजनों को बेहद जरूरी बताया, क्योंकि इससे बच्चों के भीतर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। परीक्षा के दौरान कई ग्रामीण बच्चों को ओएमआर शीट का गोला रंगने में शुरुआती दिक्कतें भी आईं, जिसे वहां मौजूद विक्षकों ने बेहद प्यार से सिखाया ताकि भविष्य में बिहार बोर्ड की मुख्य परीक्षा के दौरान ये बच्चे कोई तकनीकी गलती न करें। सिर्फ इतना ही नहीं स्कूल प्रबंधन ने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में नीट और सिपाही भर्ती जैसी बड़ी परीक्षाओं के केंद्र के रूप में भी वे प्रशासन को अपना पूरा सहयोग देने के लिए हमेशा तैयार खड़े रहेंगे।

साउथ सीटी इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक रविंद्र कुमार और प्राचार्य पवन कुमार के साथ-साथ अभिषेक कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, कुणाल कुमार, शिवशंकर कुमार, पीयूष कुमार, हर्ष कुमार, यशवंत कुमार, संतोष कुमार, दीपक कुमार, रविराज, प्रेम कुमार, मधु कुमारी, मालती देवी, शाइस्ता परवीन, सिंधु कुमारी के अलावे पूरी शिक्षक मंडली ने इस प्रतिभा की खोज परीक्षा को सफल बनाने में अपना रात-दिन एक कर दिये।

# रजौली में अब आधुनिक शिक्षा की नई रोशनी

- मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन किया "सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय" का शुभारंभ, कंप्यूटर लैब से लेकर अग्निशमन तक मिली सुविधा



रजौली इंटर विद्यालय में शुभारंभ करते अधिकारीगण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली की शिक्षा व्यवस्था में रविवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत रजौली इंटर विद्यालय परिसर में संचालित सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। विद्यालय परिसर में लगे विशाल स्क्रीन पर पूरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने रजौली विधायक विमल राजवंशी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार, प्रधानाचार्य आशुतोष प्रधान सहित दर्जनों शिक्षक, छात्र और गणमान्य लोग।

**अब गांव के बच्चों को भी शहर जैसी सुविधा :-** सरकार ने इस मॉडल स्कूल को "आदर्श" नाम देने के पीछे का मकसद साफ कर दिया है। अब रजौली के ग्रामीण बच्चे भी आधुनिक संसाधनों के साथ पढ़ेंगे। मॉडल स्कूल में छात्रों के लिए स्वच्छ पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति,आधुनिक शौचालय, गुणवत्तापूर्ण फर्नीचर, सुव्यवस्थित कार्यालय, सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन उपकरण, कंप्यूटर लैब और हाई-स्पीड इंटरनेट की व्यवस्था की गई है। इन सुविधाओं का उद्देश्य सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को 21वीं सदी के अनुरूप तैयार करना है।

**"ग्रामीण बच्चों को भी मिलेगा बराबर मौका" :-** शुभारंभ के मौके पर विधायक विमल राजवंशी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को गांव-गांव तक ले जाने के लिए संकल्पित है। मॉडल स्कूल के जरिए अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी वही गुणवत्ता और संसाधन मिलेंगे जो बड़े शहरों के स्कूलों में मिलते हैं।विधायक ने इसे रजौली के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि इस पहल से क्षेत्र के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार और प्रधानाचार्य आशुतोष प्रधान ने कहा कि कंप्यूटर लैब और इंटरनेट की सुविधा से बच्चे डिजिटल युग की दौड़ में पीछे नहीं रहेंगे। कार्यक्रम में लाइब्रेरियन संजीव रंजन और पूर्व प्रधानाचार्य बालकृष्ण प्रसाद यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के उद्घाटन के साथ ही नए शैक्षणिक सत्र के लिए मॉडल स्कूल की गतिविधियां भी शुरू हो गईं।

**लोगों ने बताया ऐतिहासिक कदम :-** कार्यक्रम के अंत में सभी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और विद्यालय को सफलतापूर्वक चलाने का संकल्प लिया। स्थानीय अभिभावकों ने इसे "रजौली की शिक्षा के लिए मील का पत्थर" बताया। उनका कहना है कि अब उनके बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा। सरस्वती विद्या निकेतन अब सिर्फ एक स्कूल नहीं, बल्कि रजौली के हजारों बच्चों के सपनों का नया ठिकाना बन गया है।

## हरदिया सेक्टर डी के पास टोटो पलटने से दो मासूम बच्चों समेत महिला गंभीर रूप से घायल, पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती



अस्पताल में इलाज के दौरान चिकित्सक व परिजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली ।** रजौली के हरदिया सेक्टर डी स्थित 2 नंबर गेट के समीप एक अनियंत्रित टोटो ने एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी और उसके बाद अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे महिला समेत दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस भीषण सड़क हादसे में जहां एक तरफ टोटो की टक्कर से महिला लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ी, वहीं टोटो पलटने के कारण उसमें सवार जाजपुर निवासी कपिल सिंह की पुत्री खुशबू कुमारी और पुत्र सुमन कुमार भी बुरी तरह चोटिल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्परता दिखाते हुए आपातकालीन सेवा 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत रेस्क्यू कर इलाज के लिए रजौली अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक डॉ. सतीश चंद्र सिंहा के देखरेख में उनका उपचार किया गया।हालांकि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सुधार होने पर उन्हें घर वापस भेज दिया गया।

# सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल खनवां में वर्चुअल उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



उद्घाटन के समय मौजूद पदाधिकारी एवं शिक्षकगण

**नरहट (नवादा)।** प्रखंड अंतर्गत सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल, खनवां का उद्घाटन आज वर्चुअल माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निशांत प्रियदर्शी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर सेकेंडरी विद्यालय खनवां परिसर में पौधारोपण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके उपरांत विद्यालय सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद कुमार ने की, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक बालमुकुंद ठाकुर ने किया।

समारोह में समाजसेवी पप्पू बाबू, शिक्षाविद् संजय कुमार सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में मॉडल स्कूल की परिकल्पना, उद्देश्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक प्रशुन दीक्षित, डेविड प्रिंस, चंदन शर्मा, शमीम अंसारी, सोनू राम, प्रवीण कुमार, शिक्षिकाएँ खुशबू कुमारी, अरुणा ओझा, पूनम कुमारी, अंजना कुमारी एवं श्वेता कुमारी, विद्यालय के रात्रि प्रहरी टनटन सिंह तथा सहायक बबलू कुमार का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से नवादा जिले के 14 आदर्श विद्यालयों का किया उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा** मुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी के कर-कमलों द्वारा बेगूसराय जिले के आई.ओ.सी.एल. स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के विभिन्न जिलों में नवस्थापित 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नवादा जिले के कुल 14 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का भी उद्घाटन किया गया।

नवादा जिले में उद्घाटित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) में इंटर स्कूल, हिसुआ; इंटर स्कूल, चंडीनावां (काशीचक); इंटर स्कूल, कौआकोल; इंटर स्कूल, नारदीगंज; उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पटवासराय (नवादा सदर); महंथ रामधनपुरी इंटर स्कूल, बुधौली (पकरीबरावां); आर.एस. इंटर स्कूल, शाहपुर (वारिसलीगंज); शिवदानी अयोध्या इंटर स्कूल, गोपालपुर (अकबरपुर); टी.वी. इंटर हाई स्कूल (गोविंदपुर); आर.एस.एस. हाई स्कूल (मेसकौर); प्लस-2 सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खनवां (नरहट); रजौली इंटर स्कूल, रजौली; हाई स्कूल, सिउर (रोह) तथा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांढ़ (सिरदला) शामिल हैं।

इसी क्रम में नवादा जिले के इंटर मॉडल स्कूल (आदर्श विद्यालय), नारदीगंज में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।साथ ही माननीय मुख्यमंत्री के राज्यस्तरीय उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा), प्रखंड विकास पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ब्रजपात की चपेट में आने से युवती गंभीर रूप से झुलसी, सदर अस्पताल रेफर



सीएससी में इलाज करते डॉक्टर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** नरहट प्रखंड के बेरौटा गांव में रविवार को वज्रपात (ब्रजपात) की चपेट में आने से एक 18 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती की पहचान बेरौटा गांव निवासी बच्चु रविदास की पुत्री सोनमधानी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने उसे बेहोशी की हालत में तत्काल नरहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर फिरोज अख्तर ने बेहोश युवती को प्राथमिक उपचार किया जिसके बाद युवती के शरीर में हरकत होने लगी। युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल, नवादा रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चिकित्सकों के अनुसार युवती की स्थिति गंभीर बनी हुई है और सदर अस्पताल में उसका इलाज जारी है। बताया जाता है कि लड़की घर के बाहर थी उसी समय हल्की बारिश शुरू हुई और ब्रजपात कि घटना हो गई जिसके चपेट में आने से लड़की गम्भीर रूप से घायल हो गई।

## इंटर विद्यालय कौआकोल में होगा सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय का संचालन, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कौआकोल।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी शिक्षा पहल के तहत प्रदेश में स्थापित किए जा रहे 551 सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालयों का रविवार को मुख्यमंत्री द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर इंटर विद्यालय कौआकोल में उद्घाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं,शिक्षकों,शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला के वरीय अधिकारियों के साथ सीओ चन्दन चौधरी,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) अजित कुमार एवं इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय के संचालन के लिए इंटर विद्यालय कौआकोल का चयन किया गया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी शहरी क्षेत्रों के समान गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है,ताकि वे प्रतिस्पर्धी दौर में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 9वीं से इंटरमीडिएट तक नियमित पढ़ाई के साथ-साथ जेईई, नीट, एनडीए, एसएससी, बैंकिंग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी। विद्यार्थियों को विशेष शैक्षणिक मार्गदर्शन, करियर काउंसलिंग, आधुनिक शिक्षण संसाधन तथा समय-समय पर विशेषज्ञ शिक्षकों का सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर सफलता प्राप्त कर सकें। बीईओ अजित कुमार ने कहा कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने और लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर अध्ययन करने की अपील की। लाइव प्रसारण के दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन और उद्घाटन कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक देखा। शिक्षकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय के संचालन से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा। मौके पर भाजपा नेता अजित वर्मा,अंकित विश्वकर्मा,कस्तूरबा विद्यालय के लेखापाल अजित कुमार सुमन समेत विद्यालय के शिक्षक आदि मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## कोसी का रौद्र रूपः तीनघरिया गांव से 110 मीटर दूर पहुंचा कटाव, बंबू रोल 60 घंटे में ध्वस्त

**कटिहार**। कुरसेला प्रखंड के तीनघरिया गांव के समीप कोसी नदी का कटाव अब विकराल रूप ले चुका है। नदी गांव से महज 110 मीटर की दूरी पर पहुंच गई है। तीनघरिया, बिंद टोली और नया टोला के सैकड़ों परिवारों के सामने अब अस्तित्व बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। हर दिन करीब दो मीटर उपजाऊ जमीन नदी में समा रही है और ग्रामीण रातभर जागकर कटाव की निगरानी करने को मजबूर हैं। कटाव रोकने के लिए बाढ़ नियंत्रण विभाग ने करीब 2 लाख रुपये की लागत से 500 मीटर लंबाई में बंबू रोल लगाया था। लेकिन विभाग की यह व्यवस्था महज 60 घंटे ही टिक सकी। तेज धारा में पूरा बंबू रोल नदी में समा गया। जिस काम से ग्रामीणों को राहत की उम्मीद थी, वह दो दिन में ही फेल हो गया। 11 जुलाई को बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा विभाग ने दो जेसीबी मशीनें भेजीं। बिना स्पष्ट योजना के काम शुरू होने पर ग्रामीणों ने विरोध कर मशीनों को रोक दिया। 12 जुलाई को बैठक के बाद विभाग से वर्क ऑर्डर मांगा गया। वर्क ऑर्डर मिलने के बाद 13 जुलाई से बंबू रोल लगाने का काम शुरू हुआ और 14 जुलाई तक करीब 500 मीटर में इसे पूरा किया गया। विभाग ने इस 500 मीटर में लगभग 255 बंबू रोल लगाए थे। एक बंबू रोल की लागत 259 रुपये बताई गई है। लेकिन काम पूरा होने के दो दिन के भीतर ही बड़ा हिस्सा कटाव की भेंट चढ़ गया।

ग्रामीणों की मांग पर जिला पदाधिकारी ने स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए, लेकिन कटाव की रफ्तार नहीं थमी। 16 जुलाई को बरारी विधायक विजय सिंह के पहुंचते ही ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया और कथित 265 करोड़ रुपये की कटाव निरोधी योजना पर सवाल दागे। विधायक ने कहा कि विश्व बैंक से ऋण मिलने के बाद ही स्थायी योजना पर काम शुरू होगा। यह सुनते ही ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीण बोले, "ऋण का इंतजार किया तो तब तक गांव ही नहीं बचेगा।" ग्रामीणों का दावा है कि प्रतिदिन औसतन दो मीटर उपजाऊ जमीन कट रही है। इसी रफ्तार से एक महीने में करीब 60 मीटर जमीन नदी में समा जाएगी। ऐसे में तीनघरिया, बिंद टोली और नया टोला पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। बालू टोला कटाव निरोधी के बाद से तीनघरिया तक करीब 400 मीटर क्षेत्र में नदी अत्यधिक वेग से कटाव कर रही है।

विभाग का कहना है कि पूरे मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। जूनियर इंजीनियर निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे, उसके आधार पर रिपेयरिंग की जाएगी। विभाग ने यह भी कहा कि जलस्तर बढ़ा होने के कारण अभी स्थायी कटाव निरोधी कार्य शुरू करना संभव नहीं है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि अस्थायी उपायों के बजाय तत्काल प्रभावी और स्थायी कटाव निरोधी कार्य शुरू कराया जाए, ताकि हजारों लोगों के आशियाने और वर्षों की मेहनत से तैयार उपजाऊ जमीन को बचाया जा सके।

## डीएस कॉलेज में सात दिवसीय युवा आपदा मित्र योजना प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**कटिहार**। दर्शन साह (डीएस) कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं बिहार स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय 'युवा आपदा मित्र योजना' प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन रविवार को छात्रों को आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। 15 से 21 जुलाई तक आयोजित इस विशेष शिविर में छात्रों को प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं से निपटने के गुर सिखाए जा रहे हैं।

मुख्य ट्रेनर श्री अनुपम कुमार पंडित के नेतृत्व में आई डिजास्टर मैनेजमेंट की टीम ने छात्रों को भूकंप, आगजनी, और बाढ़ जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव कार्य करने का सजीव व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही मानव जनित आपदाओं से सुरक्षा के उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को विशेष रूप से सिखाया गया कि यदि घर में गैस सिलेंडर से आग लग जाए, तो बिना घबराए उस पर कैसे काबू पाया जाए। इसके अलावाः मलबे से रेस्क्यूः भूकंप आने पर मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

प्राथमिक उपचारः आपातकालीन स्थिति में दिए जाने वाले फर्स्ट-एड (प्राथमिक उपचार) की विस्तृत जानकारी दी गई।

सी पी आर ट्रेनिंगः अचानक हार्ट अटैक या हृदय घात आने पर किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए सी पी आर देने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

कार्यक्रम की ट्रेनर सुश्री कीर्ति सिन्हा ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर के माध्यम से कुल 250 छात्रों को पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया गया है। शिविर के दौरान सभी प्रतिभागी छात्रों के बीच आपदा प्रबंधन से जुड़ी अत्यंत उपयोगी 'ट्रेनिंग किट' का वितरण भी किया गया। यह ट्रेनिंग छात्रों को किसी भी आपदा के समय समाज की निस्वार्थ सेवा करने के लिए पूरी तरह सक्षम बनाने में सफल रही है। इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर प्रशांत कुमार के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है।जिसमें कॉलेज के अन्य शिक्षकों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। शिविर में भाग ले रहे छात्रों के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

## कटिहार न्यायालय में लगी विशेष अदालत चेक बाउंस के 9 मामले निष्पादित

**कटिहार**। कटिहार न्यायालय, में शनिवार को पहली बार आयोजित स्पेशल लोक अदालत का सफल आयोजन जिला जज रणवीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस विशेष लोक अदालत में समाचार बनने तक 41 लाख 84 हजार 800 रुपये की समझौता राशि पर 9 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका था। इस विशेष लोक अदालत के लिए दो बेंचों का गठन किया गया था। एक बेंच का नेतृत्व एसीजेम कुलदीप कुमार श्रीवास्तव तथा दूसरी



बेंच का नेतृत्व न्यायिक दंडाधिकारी आशीष कुमार द्वारा किया गया। दोनों न्यायिक अधिकारियों के प्रयास से पक्षकारों के बीच आपसी सहमति के आधार पर लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान कराया गया। डीएलएसए सचिव कमलेश सिंह देवू ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में केवल धारा 138 चेक बाउंस से संबंधित मामलों को रखा गया था। जो काफी सफल रहा।उन्होंने कहा कि लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें केवल मुकदमों का निपटारा ही नहीं होता, बल्कि इससे आपसी रिश्तों में आई दूरियां भी समाप्त होती हैं। चूंकि चेक बाउंस के अधिकांश मामलों में दोनों पक्ष पहले से परिचित होते हैं।इसलिए समझौते के बाद उनके बीच पुराने संबंध भी पुनः स्थापित हो जाते हैं। इससे न्यायालय का समय बचने के साथ-साथ पक्षकारों को भी लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है। वहीं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को किया जाएगा। इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# बेटा-बहू ने खाया जहर,ससुर फंदे से झूला, 4 साल के बच्चे को भी जहर देने की कोशिश, एक गंभीर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में अवैध संबंध में एक परिवार तबाह हो गया। पिता, उसके दो बेटे और बहू ने खुदकुशी का रास्ता चुना। बड़े बेटे और बहू के साथ पिता की भी मौत हो गई। छोटे बेटे की हालत गंभीर है, वो अस्पताल में भर्ती है। बहू ने अपने बेटे को भी जहर खिलाने की कोशिश की थी, पर उसने जहर की टिकिया फेंक दी। मामला चंडी थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव की है।

परिवार के चार सदस्यों ने आत्मघाती कदम उठा लिया। दो सदस्यों ने फांसी लगाई, जबकि दंपती ने जहर खा लिया। पुलिस ने बताया कि कलह की शुरुआत ससुर-बहू के अवैध संबंध का खुलासा होने से हुई। मृतकों की पहचान दिलेंद्र तांती (65) और उनकी बहू गौरी देवी (30) के रूप में की गई है। वहीं, बड़े बेटे 40 साल के भाई रंजीत तांती और छोटे बेटे 35 साल के पुरुषोत्तम तांती के रूप में हुई। पुरुषोत्तम के मुताबिक, गौरी ने अपने 4 साल के बच्चे को भी सल्फास खिलाकर मारने की कोशिश की।

**ससुर-बहू के बीच अवैध संबंध के बाद घर में बढ़ा विवादः** DSP सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ की है। पता चला है कि ससुर और बहू के बीच अवैध संबंध था। इसे लेकर परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण पहले दिलेंद्र तांती के छोटे बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसके बाद बड़े बेटे और उसकी पत्नी ने कथित तौर पर जहर खा लिया। वहीं, बाद में दिलेंद्र तांती ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना चंडी थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव की है।



**छोटा बेटा बोला- घरेलू कलह से परेशान था, इसलिए फांसी लगाईः** अस्पताल में भर्ती पुरुषोत्तम तांती ने बताया कि घरेलू विवाद के बाद शनिवार सुबह उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि, समय रहते परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने उन्हें फंदे से उतार लिया और इलाज के लिए एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। पुरुषोत्तम ने बताया, "जब मुझे क्लीनिक में भर्ती कराया गया, तब परिवार के अधिकांश सदस्य मेरे साथ थे। इसी दौरान मेरे बड़े भाई रंजीत और भाभी गौरी देवी ने गेहूं में इस्तेमाल होने वाली सल्फास की गोलियां खा लीं। उन्होंने अपने चार साल के बेटे प्रिंस को भी सल्फास खिलाने की कोशिश की, लेकिन उसने गोली नहीं खाई।" पुरुषोत्तम के अनुसार, सल्फास खाने के बाद रंजीत और गौरी देवी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान गौरी देवी और बड़े भाई रंजीत की मौत हो गई। अस्पताल में भर्ती पुरुषोत्तम ने बताया, सबसे पहले मुझे अस्पताल लाया गया। इसके बाद बड़े भाई और भाभी को भी गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। इसी दौरान मेरे पिता दिलेंद्र तांती ने घर की छत पर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी।

**4 साल के बेटे को भी खाने को दी थी सल्फासः** मृतका गोरी देवी के चार साल बेटे प्रिंस ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ माधोपुर बाजार गया था, जहां से गेहूं में इस्तेमाल होने वाली कीटनाशक दवा (सल्फास) खरीदी गई थी। घर लौटने के बाद उसे भी दवा खिलाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने गोली फेंक दी, जिससे उसकी जान बच गई। रंजीत तांती मोमोज बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वहीं, दिलेंद्र तांती की बेटी फूल कुमारी देवी ने बताया, "मुझे दोपहर करीब 3 बजे घटना की जानकारी मिली। सूचना मिली थी कि उनके बड़े भाई रंजीत तांती और भाभी गोरी देवी ने जहर खा लिया है, जबकि छोटे भाई पुरुषोत्तम तांती ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। जब वह बदहवास होकर मायके पहुंचीं, तब पता चला कि उनके पिता दिलेंद्र तांती ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।"

# गयाजी से बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान बोधगया पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थस्थल बोधगया आने वाले विदेशी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। इंडिगो एयरलाइन अक्टूबर से गया एयरपोर्ट से बैंकॉक के लिए सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू करने की तैयारी में है। यदि सभी आवश्यक स्वीकृतियां समय पर मिल जाती हैं, तो इस सेवा का संचालन अक्टूबर से शुरू होने की संभावना है। इससे बोधगया के पर्यटन उद्योग और स्थानीय कारोबार को नई गति मिलेगी।

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, इंडिगो ने अक्टूबर से मार्च तक के पर्यटन सीजन के लिए बैंकॉक उड़ान का प्रस्तावित शेड्यूल एयरपोर्ट प्रबंधन को सौंप दिया है। इस प्रस्ताव में रोजाना उड़ान संचालित करने की योजना है। फिलहाल, इस प्रस्ताव पर आवश्यक तकनीकी और नियामकीय स्वीकृतियों की प्रक्रिया जारी है। अंतिम मंजूरी मिलने के बाद एयरलाइन आधिकारिक तौर पर उड़ान का समय और बुकिंग से संबंधित जानकारी जारी करेगी।

बोधगया हर साल थाईलैंड, श्रीलंका, जापान, म्यांमार, भूटान और वियतनाम सहित अन्य बौद्ध देशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान शुरू होने से विदेशी यात्रियों का यात्रा समय कम होगा और उन्हें बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। अब तक अधिकांश यात्रियों को दूसरे शहरों के रास्ते गया पहुंचना पड़ता था, जिससे यात्रा लंबी और महंगी हो जाती थी।

### इंडिगो अक्टूबर से शुरू करेगी सेवा




**उड़ान शेड्यूल एयरपोर्ट प्रबंधन को भेजाः** पर्यटन सीजन को देखते हुए, केवल इंडिगो ही नहीं, बल्कि कई विदेशी विमानन कंपनियां भी गया एयरपोर्ट से परिचालन की तैयारी कर रही हैं। थाई एयर एशिया और भूटान की ड्रुक एयर ने अपना प्रस्तावित उड़ान शेड्यूल एयरपोर्ट प्रबंधन को भेज दिया है।


थाई एयरवेज और म्यांमार इंटरनेशनल सहित अन्य एयरलाइंस के भी जल्द ही अपना परिचालन कार्यक्रम उपलब्ध कराने की संभावना है, जिससे आने वाले महीनों में गया एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां बढ़ेंगी।

**परिचालन सुविधा के अनुसार बदलाव संभवः** एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि एयरलाइंस की ओर से भेजे गए टेकऑफ और लैंडिंग के प्रस्तावित समय में परिचालन सुविधा के अनुसार बदलाव संभव है। सभी एजेंसियों से मंजूरी मिलने के बाद अंतिम उड़ान कार्यक्रम जारी किया जाएगा। इसके बाद ही यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग और नियमित संचालन की प्रक्रिया शुरू होगी।

अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या बढ़ने से बोधगया का पर्यटन उद्योग नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। होटल, गेस्ट हाउस, टैक्सी सेवा, ट्रैवल एजेंसियां, हस्तशिल्प व्यवसाय और स्थानीय बाजारों में रोजगार और व्यापार के नए अवसर पैदा होंगे। विदेशी पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही का सीधा लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में इंडिगो गया से दिल्ली और कोलकाता के लिए घरेलू उड़ानों का संचालन कर रही है।

बैंकॉक के लिए अंतरराष्ट्रीय सेवा शुरू होने के बाद गया एयरपोर्ट का महत्व और बढ़ जाएगा। लंबे समय से इस तरह की सीधी अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी की मांग की जा रही थी। यदि प्रस्ताव तय समय पर लागू होता है, तो इस पर्यटन सीजन में बोधगया आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को पहले से कहीं अधिक सुविधाजनक और तेज हवाई यात्रा उपलब्ध हो सकेगी।

# झाड़ियों के बीच मिली युवती शरीर पर खरोंच के निशान



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गयाजी में रविवार को झाड़ियों में एक संदिग्ध युवती मिली है। जिसकी उम्र करीब 25-30 साल के बीच होगी। युवती के कपड़े अस्त-व्यस्त थे। शरीर पर कई जगह पर खरोंच के निशान थे। दो संदिग्ध युवकों को भी लोगों ने पकड़ा था।

भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी, हालांकि वो मौके से फरार हो गए थे। पुलिस उनकी गिरफ्तारी में जुटी हुई है। पूछताछ में युवती ने खुद को वजीरगंज थाना क्षेत्र के अमेठी गांव की निवासी बताया है। मानसिक स्थिति भी सामान्य नहीं बताई जा रही है। इस वजह से उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। मामला गया-नवादा मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने युवती को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे प्रभावती अस्पताल रेफर कर दिया गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गया-नवादा मुख्य मार्ग व्यस्त होने के बावजूद असामाजिक तत्वों का अड्डा है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे स्थानों पर नियमित गश्त बढ़ाने, झाड़ियों की सफाई कराने और दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। साथ ही घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का प्रयास भी किया जा रहा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध युवकों की पहचान की जा सके और घटना की वास्तविकता सामने आ सके। थानाध्यक्ष देवराज इंद्र ने बताया कि युवती मानसिक रूप से भी कुछ कमजोर लग रही है। किसी अनहोनी की संभावना से फिलहाल इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन घटना की पुष्टि मेडिकल जांच रिपोर्ट के आधार पर ही होगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सिलाव के 'श्री काली साह खाजा' को मिला BIB अवॉर्ड बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। बिहार की पारंपरिक मिठाई 'खाजा' को वैश्विक पहचान दिलाने वाले प्रसिद्ध 'श्री काली साह खाजा' की गौरवगाथा में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। सिलाव स्थित इस प्रतिष्ठान के संचालक संजीव गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी सोनी गुप्ता को पटना के ताज सिटी सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रतिष्ठित BIB अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री ईशा देओल ने दिया है।

**200 वर्षों की विरासत और गुणवत्ता का सम्मानः** लगभग दो शताब्दियों से अपने स्वाद और शुद्धता के लिए विख्यात 'श्री काली साह खाजा' ने न केवल बिहार, बल्कि देश-विदेश में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अपनी पारंपरिक मिठास और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण यह प्रतिष्ठान पहले भी प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। BIB अवॉर्ड मिलना इसकी निरंतरता और गुणवत्ता के प्रति अटूट समर्पण का प्रमाण है।

इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए संचालक संजीव गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान न केवल हमारा, बल्कि सिलाव की उस परंपरा का है जिसे हमारे पूर्वजों ने 200 वर्षों से जीवित रखा है। वे और उनके भाई संदीप गुप्ता इस विरासत को आधुनिक स्वरूप देते हुए नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने




आयोजकों और अपने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। श्री काली साह खाजा की खासियत यह है कि वे अपनी पुरानी विरासत को संभालते हुए समय के साथ खुद को बदल रहे हैं। सिलाव स्थित उनकी दुकान पर अब पारंपरिक खाजा के अलावा ग्राहकों के लिए कई आधुनिक और अनोखे फ्लेवर भी उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इनमें मैंगो फ्लेवर खाजा, चॉकलेट फ्लेवर खाजा, गुड़ फ्लेवर खाजा, नमकीन घी फ्लेवर खाजा,चॉकलेट-पिस्ता फ्लेवर खाजा शामिल है। आने वाले समय में संजीव गुप्ता का लक्ष्य इस मिठास को और अधिक व्यापक स्तर पर देश-दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाना है, ताकि सिलाव का नाम पूरी दुनिया में और अधिक गौरवान्वित हो सके।

# नालंदा में बंद घर का ताला तोड़ कर चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा के बिंद थाना क्षेत्र स्थित धरमपुर गांव में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। अपराधियों ने एक सूने घर को अपना निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात, नगद और जमीन से संबंधित बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिए। इस घटना से पीड़ित परिवार गहरे संकट में है, जबकि आसपास के घरों में भी चोरी की कोशिश की खबरें सामने आई हैं। पीड़ित गृहस्वामी विश्वजीत कुमार ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ 17 जुलाई की शाम को घर पर ताला लगाकर बिहार शरीफ गए थे। इसी दौरान बदमाश मौका पाकर घर में दाखिल हुए और मुख्य दरवाजे के साथ-साथ घर के अंदर मौजूद कमरों के ताले तोड़ डाले।

घटना की जानकारी रविवार की सुबह तब हुई, जब पड़ोस के एक ग्रामीण ने घर का दरवाजा खुला देखा और तुरंत विश्वजीत को सूचना दी। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि अंदर



का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारियां खाली थीं।

**सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र-चेन पर किया हाथ साफः** विश्वजीत ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि चोरों ने गोदरेज अलमारी का ताला तोड़कर सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, चेन, हार, कान की बाली, पायल, बिछिया और चांदी के सिक्कों पर हाथ साफ कर दिया है। पीड़ित के अनुसार, चोरी गए जेवरातों की अनुमानित कीमत करीब चार लाख रुपये है, जबकि अलमारी में रखे डेढ़ लाख रुपये से अधिक की नकदी भी गायब है। परिवार के लिए सबसे बड़ी मुसीबत जमीन के वे महत्वपूर्ण दस्तावेज बने हैं, जिन्हें चोर अपने साथ ले गए हैं। इन कागजातों के चोरी हो जाने से अब उन्हें भविष्य में कानूनी और व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस घटना के साथ ही उत्तरथू गांव निवासी तीन सगे भाइयों मुरारी चौहान, कारू चौहान और दीना चौहान के घरों में भी चोरी होने की चर्चा है। ये तीनों भाई वर्तमान में रोजगार के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके घरों के ताले भी टूटे हुए पाए गए हैं। हालांकि, इस पर स्थानीय पुलिस का रुख अलग है। बिंद थानाध्यक्ष मुरली आजाद ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने तीनों भाइयों के घरों में चोरी की बात से इनकार करते हुए कहा कि संभवतः नशेड़ियों ने वहां उत्पात मचाया है और घर के अंदर का सामान सुरक्षित है। फिलहाल, पुलिस विश्वजीत कुमार द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है और अपराधियों की तलाश जारी है।

# होल्डिंग टैक्स के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। बिहार सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों और पंचायतों में होल्डिंग टैक्स तथा अन्य स्थानीय कर लगाने के प्रस्तावित निर्णय के विरोध में गया जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों पर नए कर लगाने का फैसला वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को जिले की सभी 332 पंचायतों तक व्यापक रूप से चलाया जाएगा।

यह प्रदर्शन गया में आयोजित किया गया था। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि बिहार सरकार का यह निर्णय गरीबों, किसानों, मजदूरों, छोटे दुकानदारों और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालेगा। उन्होंने इसे जनविरोधी कदम बताया, क्योंकि जनता पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती लागत से जूझ रही है।

**होल्डिंग टैक्स और अन्य स्थानीय कर लागू होने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगीः** रजनीश कुमार ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अधिकांश परिवार कृषि और छोटे व्यवसायों पर निर्भर हैं। ऐसे में होल्डिंग टैक्स और अन्य स्थानीय कर लागू होने से उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर होगी। नए करों से किसानों की लागत बढ़ेगी और छोटे व्यापारियों का कारोबार प्रभावित होगा। कांग्रेस नेताओं ने सुझाव दिया कि सरकार को जनता पर नए कर लगाने के बजाय भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण, सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और वित्तीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए। यदि राजस्व बढ़ाना ही उद्देश्य है, तो सरकार को राजकोषीय अनुशासन और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से आय बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए, न कि आम लोगों पर बोझ डालकर। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार की बड़ी आबादी आज भी कृषि पर निर्भर



है, इसलिए इस प्रकार का निर्णय ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने घोषणा की कि इस मुद्दे पर कांग्रेस का आंदोलन केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहेगा।

जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने मुख्यालयों पर 25 जुलाई 2026 को विरोध-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसके बाद इस जनआंदोलन को गया जिले की 332 पंचायतों के गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि ग्रामीण जनता को इस मुद्दे के प्रति जागरूक किया जा सके और सरकार पर निर्णय वापस लेने का दबाव बनाया जा सके। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस नेताओं ने सरकार से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित कर संबंधी निर्णय पर पुनर्विचार करने, सभी संबंधित पक्षों से संवाद स्थापित करने तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार जनता की आवाज़ को अनदेखा करती है, तो कांग्रेस लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से अपने आंदोलन को और व्यापक रूप देगी तथा गरीबों, किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन बच्चों की मां ने बाधाओं को चीरकर किया बिहार पुलिस ज्वाईन



**राजपुर-** राजपुर प्रखंड के अमाढी गांव निवासी तीन बच्चे की मां ने घरेलू बाधाओं को चीरते हुए बिहार की पुलिस बनकर मिसाल कायम किया है.जिसको लेकर गांव व समाज में खुशी का माहौल कायम है. सफलता की मिसाल बनी वन्दना के पिता मंगलवलिया गांव निवासी भीम दुबे ने गरीबी व पारिवारिक परिस्थितियों वश अपनी बेटी की शादी 2019 में अमाढी निवासी धीरेंद्र दुबे से किया.जिसके बाद पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन के बावजूद भी वन्दना का सरकारी नौकरी प्राप्त करने का जुनून शबाब पर बना रहा.इस बीच उसने तीन बच्चे को जन्म दिया.सभी का पालन-पोषण करते हुए भी वन्दना ने अपने सपने को सकार करने की मेहनत नहीं छोड़ा.जिसका नतीजा आज हम सबके बीच है. वन्दना कुमारी ने बताया कि बिहार पुलिस में पासिंग आउट के उपरांत उसे सरकार ने सीआईडी विभाग में पदस्थापित किया है.परिवार के मुखिया पिंटू पाण्डेय, जितेन्द्र दुबे गांव निवासी बडन दुबे,श्यामजी तिवारी, ओंकार तिवारी समेत अन्य ने सफलता की बधाई प्रदान किया है.

### कटिहार जिले के 16 प्रखंडों में सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का भव्य उद्घाटन

**कटिहार।** कटिहार जिले के 16 प्रखंडों में सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का भव्य उद्घाटन। डीएम आशुतोष द्विवेदी फलका प्रखंड के शिव नारायण सर्वोदय एच एस बरेटा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 (2025-2030) उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य के अंतर्गत 19 जुलाई, 2026 को कटिहार जिले के सभी प्रखंडों में सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का शुभारंभ समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यस्तरीय मुख्य समारोह बेगूसराय में आयोजित हुआ।जहाँ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर कमलों द्वारा राज्य के 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) का एक साथ लोकार्पण किया।

कटिहार जिले में निम्न कुल 16 प्रखंडों में विद्यालयों के नाम इस प्रकार से हैं-हाई स्कूल हफलागंज कटिहार, राजेंद्र हाई स्कूल धनपाड़ा, मनसाही, नेहरू स्मारक हाई स्कूल नवाबगंज, मनिहारी, उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल कटारिया कुर्सेला, हाई स्कूल बरेटा बरारी, शिव नारायण सूरज देव हाई स्कूल बरेटा फल का, उत्क्रमित हाई स्कूल जनता गोपाल पुर अमदाबाद, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याण गांव बलरामपुर, उत्क्रमित हाई स्कूल दीघरी कोढ़ा, राम दयाल +2 उत्क्रमित हाई स्कूल परभैली कदवा, उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल मल्हारिया समेली, हाई स्कूल आबादपुर बारसोई, आरके हाई स्कूल आजमनगर, अपग्रेड हाई स्कूल पदमपुर हसनगंज, अपग्रेड हाई स्कूल टिकैली डंडखोरा, उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल बुधनगर, प्राणपुर, में एक समारोह आयोजित कर उद्घाटन किया गया उद्घाटन समारोह में स्थानीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ने भाग लिया।

राज्यस्तरीय समारोह में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, केन्द्रीय वस्त्र मंत्री एवं विजय चौधरी, उपमुख्यमंत्री, बिहार, विशिष्ट अतिथि के गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री, बिहार सरकार मिथिलेश तिवारी ने की। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के सभी प्रखंडों के सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) पर किया गया। जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक देखा।

### रामदयाल +2 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, परभेली में मॉडल स्कूल का हुआ शुभारंभ

**कटिहार।** प्रखंड के रामदयाल +2 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, परभेली में मॉडल स्कूल योजना का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय)का उद्घाटन जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष विजय दास, जिला पार्षद आशा सुमन, भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र नाथ ठाकुर, पूर्व मुखिया पेशकार आलम, पूर्व मुखिया किशोर भगत ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। समारोह का संचालन 10+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय परभेली के प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव ने किया। कार्यक्रम में राम दयाल 10+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय परभेली के प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव ने आये अतिथियों का फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। उपस्थित लोगों ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और विद्यालय के विकास की उम्मीद जताई। इस अवसर पर बिहार सरकार की शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की भी चर्चा की गई।राम दयाल 10+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय परभेली के प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव ने कहा कि मॉडल स्कूल जैसी पहल से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकास की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर विधालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित प्रखंड क्षेत्र से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक,अभिभावक एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 2 गिरफ्तार, बाइक-चेकबुक-कारतूस बरामद




**कटिहार।** कुरसेला थाना क्षेत्र के बलथी महेशपुर में रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से बाइक, कई बैंकों की चेकबुक, जिंदा कारतूस और सैकड़ों अभ्यर्थियों के कागजात बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष राकेश कुमार और पु.अ.नि प्रीती कुमारी पुलिस बल के साथ बलथी महेशपुर में चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान गांव की ओर आ रहा एक बाइक सवार पुलिस को देखकर बाइक घुमाकर भागने लगा। पुलिस ने खदेड़कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में बाइक पर सवार सोनू कुमार 26 वर्ष, पिता भुट्टो सिंह, घर सपहा और शाहिल कुमार 22 वर्ष, पिता भुवनेश्वर साह, घर नगनोला, थाना टीकापट्टी से कई आपत्तिजनक सामान मिले। पुलिस ने दोनों के पास से मैट्रिक और इंटर के कई सर्टिफिकेट, विभिन्न बैंकों की ब्लैंक चेकबुक, 06 जिंदा कारतूस, सिपाही भर्ती परीक्षा के कई अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड, 500 रुपये के स्टांप पेपर जिस पर कई लोगों के हस्ताक्षर थे और 2 मोबाइल जब्त किए। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे मद्य निषेध पुलिस बहाली में सेटिंग कराने के नाम पर ठगी करते हैं। अभ्यर्थी से पहले कुछ रकम ली जाती थी और फाइनल सेलेक्शन होने के बाद 10 लाख रुपये वसूले जाते थे। शाहिल कुमार की निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से भी कई अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड बरामद किए। गिरफ्तार दोनों युवकों ने बताया कि इस ठगी के काम में और भी लोग शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्यभर के 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) का ऑनलाइन किया उदघाटन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास :** बिहार में गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं संस्कारयुक्त शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाई देने की दिशा में रविवार का दिन ऐतिहासिक बन गया । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्यभर के 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) का ऑनलाइन उद्घाटन कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत की । इस महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के आठ विद्यालयों को भी आदर्श विद्यालय के रूप में नई पहचान मिली । इनमें सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिक्रमगंज, श्री जगनारायण उच्च विद्यालय कोआथ (दावथ),उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बेलवैया (दिनारा),उच्च विद्यालय कुरूर (काराकाट),उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय धनांव (नासरीगंज),श्री जगजीवन राम उच्च विद्यालय विष्णुपुर(राजपुर),यादव उच्च विद्यालय परशुराम नगर छुलकार (संझौली) तथा राज राजेश्वरी उच्च विद्यालय सूर्यपुरा शामिल हैं ।राज्यस्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नई शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ाना नहीं,बल्कि उन्हें संस्कार,आधुनिक तकनीक, नवाचार और आत्मविश्वास से जोड़कर भविष्य का सक्षम नागरिक बनाना है । आदर्श विद्यालय विकसित बिहार की मजबूत नींव बनेंगे और यहां से निकलने वाले विद्यार्थी देश-दुनिया में बिहार का नाम रोशन करेंगे ।बिक्रमगंज स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया,जहां विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या सीमा कुमारी,शिक्षकगण,गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे । ऑनलाइन कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में प्रभारी प्रधानाचार्या सीमा कुमारी एवं अन्य अतिथियों ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती विद्या



निकेतन (आदर्श विद्यालय) का विधिवत उद्घाटन किया । इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या सीमा कुमारी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह पहल ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है । उन्होंने कहा कि आदर्श विद्यालय बनने से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक संसाधन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा,जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा । कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं में गोल्डी कुमारी,खुशी,अंशिका, ज्योति,मंजूषा,तान्या एवं अंशु ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया । उनके सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे माहौल को उत्साह और उल्लास से भर दिया तथा उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया । मौके पर मध्य विद्यालय घुसियां कला के प्रधानाध्यापक मोहम्मद शमशाद अली,भाजपा नेता नवीन चंद्र साह, समाजसेवी सुदामा पांडेय,कृष्णा पांडेय,संगीत शिक्षक अजीत कुमार मल्लिक,राजीव रंजन सिंह,रंजन कुमार,मदन कुमार पांडेय,मंजू सिंह,उमेश सिंह,सुनील कुमार दुबे, मॉडल शिक्षक शाहिद एकबाल खान,रेवती रमन पांडेय,अभय पांडेय,चंदन कुमार सिंह,रंजन तिवारी,मदन गोपाल पांडेय,ममता कुमारी,महिमा रंजन,नेहा कुमारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक, विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

### जदयू प्रदेश सचिव को कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज( नवादा)** नारदीगंज बाजार स्थित निजी भवन में रविवार को जनता दल यूनाइटेड प्रखण्ड नारदीगंज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ । अध्यक्षता जदयू जिला महासचिव प्रियरंजन सिंह व सी. एस. पब्लिक स्कूल के संचालक विकास कुमार ने की,वही मंच संचालन देवनन्दन मांझी ने की। मौके पर मुख्य अतिथि जदयू के नव मनोनित प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो.प्रमिला प्रजापति, प्रदेश सचिव डा. सतीश कुशवाहा,राजीव रंजन सिंह, रामप्रवेश ,जिला कार्यकारिणी सदस्य दिलीप रंजन ,बंटी कुमार को सम्मानित किया गया। जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम कुशवाहा और सदस्य ,विनय साव,अनीश कुमार,नवलेश सिंह ,विक्की कुमार,पूनम कुमारी,मुद्रिका मनोहर,प्रिंस कुमार, शंभू मालाकार,प्रकाश कुमार,संजय कुशवाहा ने इस अवसर पर नव मनोनित सदस्यों को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए संगठन की मजबूती और विस्तार करने की बात कही।

# रंजिश की आग में बवालः दरवाजा तोड़ घर में घुसे हमलावर, तीन को बेरहमी से पीटा

**महादलित टोला में देर रात वारदात, धारदार हथियार के हमले में युवक गंभीर; सात नामजद पर एफआईआर**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**करगहर (रोहतास),** करगहर थाना क्षेत्र के सिरिसियां महादलित टोला में शनिवार की देर रात पुरानी रंजिश को लेकर हुई हिंसक घटना से इलाके में दहशत फैल गई। आरोप है कि करीब एक दर्जन लोग एक घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। घटना में दो महिलाएं और एक युवक घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगहर ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल सुनील मुसहर को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, सासाराम रेफर कर दिया गया।




पुलिस के अनुसार, नागेंद्र मुसहर अपने परिवार के साथ घर में भोजन कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग घर के बाहर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए दरवाजा खोलने का दबाव बनाने लगे। जब परिवार ने दरवाजा नहीं खोला तो आरोपितों ने दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश कर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

हमले में कमली देवी और कबूतरा देवी घायल हो गईं। महिलाओं को बचाने पहुंचे नागेंद्र मुसहर और उनके पुत्र सुनील मुसहर पर भी हमला किया गया। आरोप है कि सुनील की आंख के नीचे धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद पीड़ित नागेंद्र मुसहर की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# मौसी घर से वापसी उपरांत भक्तों ने भगवान जगन्नाथ का मंदिर में किया स्वागत

**पूजा अर्चना कर लगाया विशेष भोग प्रसाद**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर--** भगवान जगन्नाथ का मौसी घर से वापसी होने पर रविवार को मठ परिसर में मौजूद संत एवं भक्त जनों ने स्वागत किया.भगवान का पूजा अर्चना कर विशेष प्रसाद तैयार कराकर राग भोग लगाया गया.

इस अवसर पर पकड़ी बरदराज मंदिर के मठाधिश्वर सूर्यकांताचार्य, बिहटा तोताद्री मठाधिश्वर माधवाचार्य जी, जगन्नाथ मठ मठाधिश्वर सुदर्शनाचार्य, सुअरा ठाकुरबाडी के महंत कमल नारायण सवामी, वेद मर्मज्ञ पंडित अंजनी स्वामी, मदनमोहन वैष्णव दास जी आदी ने भगवान का वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए आसन ग्रहण कराया.

मठ के पुजारी संत बिलासाचार्य जी ने बताया कि भक्त वत्सल भगवान जगन्नाथ जी पन्द्रह दिन



बुखार से पीड़ित रहकर स्वास्थ्य होने पर मौसी के घर रथ पर सवार होकर यात्रा पर गये थे.इस दौरान रास्ते में भक्तो को उनके दरवाजे पर दर्शन प्रदान किये.भ्रमण उपरांत अपने निवास स्थान को वापस हुए हैं.

मौके पर भगवान जगन्नाथ जी मठ सेवा आश्रम ट्रस्ट के सचिव, कोषाध्यक्ष विभा कुमारी एवं मंदिर कमिटी के सेवायत भक्त कृष्णा यादव, ददन पाण्डेय, भाई जयराम सिंह अकेला,निर्दोष पाण्डेय, संजय पाण्डेय, सिपाही यादव, रविंद्र यादव, मलु बाबा, बिनय बाबा,मदनमोहन तिवारी, श्यामजी तिवारी,बीरेन्द्र सिंह,हाकीम तिवारी,ओंकार तिवारी, मनोज तिवारी उर्फ डाक्टर, शशिकान्त तिवारी उर्फ घुरहू बाबा ओंकार तिवारी,मधु यादव, श्री राजभर समेत अन्य रहे.

# अवैध शराब पीने और मजमा लगाने के आरोप में 12 लोगों पर कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अकोढीगोला(रोहतास)।** अकोढीगोला थाना क्षेत्र के ग्राम बांक में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कुल 12 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत भेजा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बांक में शराब पीने की पुष्टि होने पर संजय कुमार पिता तुलसी सिंह, रवि रंजन सिंह पिता अजय कुमार सिंह, रितेश कुमार पिता उमेश सिंह, कुंदन कुमार पिता सीताराम शर्मा, विशाल कुमार पिता हरिवंश सिंह, विक्की कुमार पिता स्व. रमेश सिंह, संजय कुमार पिता श्रवण रजक, सभी ग्राम बांक थाना अकोढीगोला जिला रोहतास तथा



राजा भैया पिता गंगाराम कुशवाहा ग्राम फफूंदी थाना बगेरू जिला बांदा उत्तर प्रदेश के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें माननीय न्यायालय भेज दिया गया है। वहीं रात्रि में अवैध मजमा लगाने के आरोप में विधि व्यवस्था संधारण हेतु दिग्विजय कुमार उम्र 25 वर्ष पिता अजय सिंह, रवि कुमार सोनी उम्र 23 वर्ष पिता अजय सेठ, चंदन कुमार उम्र 22 वर्ष पिता मुन्ना राम तथा अयोध्या कुमार उर्फ भुअर उम्र 20 वर्ष पिता सुनील पासी, सभी ग्राम बांक थाना अकोढीगोला को BNSS की धारा 126/170 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी महोदय डिहरी के पास प्रस्तुत किया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब एवं असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। विधि व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वज्रपात से महिला की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र की परमा पंचायत में रविवार शाम आसमानी बिजली गिरने से एक बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत हो गई। यह दुःखद घटना करीब 5 बजे उस वक्त हुई, जब 66 वर्षीय जयमंती देवी (पति हरिश्चंद्र चौधरी) गांव के पश्चिम स्थित आहर से घास लेकर लौट रही थीं। रिमझिम बारिश के बीच अचानक तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और शुभचिंतकों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजनों को ढाढस बंधाने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतका के घर पहुंचे। स्थानीय निवासियों और परिजनों ने बताया कि वज्रपात के बाद हरिश्चंद्र चौधरी, मदन चौधरी, लोटन चौधरी और अजीत चौधरी समेत कई ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े, लेकिन तब तक जयमंती देवी की मृत्यु हो चुकी थी।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तुरंत गांव पहुंची। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

# उच्च अधिकारियों के निर्देशों की उपेक्षा, पहली ही बारिश में जलमग्न हुआ राम रूप स्टेडियम; खिलाड़ियों में आक्रोश





कुलबुल सोनी, क्रिकेट कोच



रौशनजीत, क्रिकेट खिलाड़ी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास।** काराकाट नगर पंचायत क्षेत्र स्थित एकमात्र राम रूप स्टेडियम महज एक से डेढ़ घंटे की बारिश में ही पूरी तरह जलमग्न हो गया। स्टेडियम का नजारा किसी खेल मैदान की बजाय तालाब जैसा दिखने लगा। पानी भर जाने से खिलाड़ियों की नियमित प्रैक्टिस ठप हो गई है, जिससे युवा खिलाड़ियों में भारी नाराजगी और चिंता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बरसात से पहले जलजमाव रोकने के लिए नगर पंचायत द्वारा कोई ठोस तैयारी नहीं की गई। जबकि पिछले वर्ष भी इसी समस्या को लेकर तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार एवं तत्कालीन एसडीपीओ आईपीएस संकेत कुमार ने स्वयं स्टेडियम का निरीक्षण कर नगर प्रशासन को जल निकासी की व्यवस्था करने तथा मिट्टी भराई कराने का निर्देश दिया था। उस समय नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा गया था। बावजूद इसके आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। स्टेडियम में अभ्यास करने वाले खिलाड़ी रोशनजीत ने बताया कि पहली ही बारिश में मैदान पूरी तरह पानी से भर गया है, जिससे खिलाड़ियों की प्रैक्टिस बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति से खिलाड़ियों का मनोबल टूट रहा है और इसकी शिकायत कोच से भी की गई है। क्रिकेट कोच कुलबुल सोनी ने बताया कि पिछले वर्ष तत्कालीन एसडीएम प्रभात कुमार स्वयं स्टेडियम पहुंचे थे और नगर प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिया था कि बारिश से पहले पानी निकासी की व्यवस्था एवं मिट्टी भराई कराई जाए, ताकि खिलाड़ियों को परेशानी न हो। लेकिन उन निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया गया। परिणामस्वरूप इस वर्ष पहली ही बारिश ने नगर प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल दी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि काराकाट नगर पंचायत का यह एकमात्र प्रमुख खेल मैदान है। यदि इसकी स्थिति ऐसी ही रही तो बच्चों और युवाओं का खेल के प्रति उत्साह प्रभावित होगा। लोगों ने यह भी कहा कि नगर पंचायत का कार्यकाल चार वर्ष पूरा होने को है, लेकिन खिलाड़ियों के लिए सबसे जरूरी बुनियादी सुविधा तक विकसित नहीं हो सकी। लोगों का कहना है कि स्टेडियम के समीप ही प्रखंड मुख्यालय, थाना सहित कई प्रशासनिक कार्यालय मौजूद हैं, फिर भी इस गंभीर समस्या की लगातार अनदेखी की जा रही है। नागरिकों ने नगर प्रशासन पर उच्च अधिकारियों के निर्देशों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए स्टेडियम में तत्काल जल निकासी, मिट्टी भराई और स्थायी समाधान की मांग की है। इस संबंध में नगर प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत में मिला दुर्लभ प्रजाति का कछुआ, ग्रामीणों ने सुरक्षित जलस्रोत के किनारे छोड़ा

**अररिया।** बिहार में अररिया जिले के के फुलवाड़ी गांव में रविवार को खेत में काम कर रहे ग्रामीणों को एक बड़ा सा दुर्लभ प्रजाति का कछुआ मिला। खेत की जुताई के दौरान मिट्टी में दबा हुआ कछुआ अचानक दिखाई देने पर वहां मौजूद लोगों में कौतूहलता फैल गया।फलस्वरूप बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए।कछुआ छह सात इंच लंबा था और उनके शरीर पर सुनहले रंग का स्पॉट था।ग्रामीणों के अनुसार,इस तरह की प्रजाति का यह कछुआ पहली बार देखने को मिला। बुजुर्गों का मानना है कि खेत में कछुआ दिखना शुभ संकेत माना जाता है और इससे अच्छी फसल होने की उम्मीद बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने कछुए को नुकसान नहीं पहुंचाया और उसे पास के जलस्रोत के किनारे सुरक्षित छोड़ दिया। उल्लेखनीय हो कि बरसात के मौसम में कछुए अक्सर खेतों और निचले इलाकों में आ जाते हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने आमजनों से अपील है कि ऐसे वन्य जीवों को नुकसान न पहुंचाएं।

### 30 दिनों का होगा सावन, चार सोमवारी का बन रहा संयोग

**भागलपुर।** इस वर्ष सावन का महीना 30 दिनों का होगा और चार सोमवारी व्रत का विशेष संयोग बन रहा है। सावन मास की शुरुआत 30 जुलाई से होगी और समापन 28 अगस्त को श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के दिन होगा। इसी दिन रक्षाबंधन और सावन पूर्णिमा का पर्व भी मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार कई वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जा रहा है। पूरे महीने शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की जलाभिषेक कर आराधना में लीन रहेंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि व्रत और त्योहार जीवन में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। भारतीय संस्कृति में व्रत, उपासना और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व रहा है। सावन सोमवारी का व्रत करने से विवाहित महिलाओं को सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है, जबकि कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर मिलने का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि सावन मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस दौरान प्रत्येक सोमवार और प्रदोष में शिवपूजन का विशेष महत्व माना गया है। भक्तों को नियम, संयम, शुद्ध आचरण और सात्विक आहार के साथ भगवान शिव की उपासना करनी चाहिए। सावन में शिवलिंग का रुद्राभिषेक, पार्थिव पूजन, शिव सहस्रनाम पाठ, लघु रुद्र एवं महारुद्र पाठ, जलाभिषेक और बेलपत्र अर्पित करना अत्यंत फलदायी माना गया है। मान्यता है कि सावन में सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करने पर दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों का नाश होता है तथा जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। 03 अगस्तः पहली 10 अगस्तः दूसरी 17 अगस्तः तीसरी 24 अगस्तः चौथी

### कादंबिनी गांगुली की जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**भागलपुर।** भागलपुर के प्रगति शिक्षण संस्थान, मंदरोजा में सामाजिक संस्था स्वाभिमान ने कादंबिनी गांगुली की 165वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष जगतराम साह कर्णपुरी ने की। शिक्षाविद रंजन कुमार राय ने कादंबिनी गांगुली के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह की शुरुआत कराई और उपस्थित सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर रंजन कुमार राय ने कहा कि कादंबिनी गांगुली का जन्म भागलपुर में 1861 में हुआ था।

### श्री उत्सव में महिलाओं के हुनर को मिला मंच

**भागलपुर।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में शनिवार को मोती मातृ सेवा सदन परिसर स्थित गोयनका परिसर में श्री उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना और उनके हुनर को मंच उपलब्ध कराना था। शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक रोहित पांडेय और महापौर डॉ. वसुंधरा लाल ने किया। विशिष्ट अतिथियों में वार्ड पार्षद कुमकुम द्विवेदी, तेरापंथ सभा के अध्यक्ष विनोद बैद, समाजसेवी मंतोष कापरी, भिक्षु सेवा ट्रस्ट के मंत्री उज्जैन मालू, अमृत बेताला सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। महिला मंडल की अध्यक्ष संतोष बैद एवं पदाधिकारियों ने अतिथियों का शॉल और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा संचालित घरेलू उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए 13 स्टॉल लगाए गए, जहां हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। मंडल की ओर से बताया गया कि श्री उत्सव का उद्देश्य महिलाओं में निहित दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी स्वरूप शक्ति को जागृत कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर संगठन के छह प्रमुख कार्यक्षेत्र सुदृढ़ नारी, स्वस्थ परिवार, समृद्ध राष्ट्र, सशक्त संगठन, आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना और कन्या मंडल सशक्तिकरण की जानकारी भी दी गई। मेले में महक जैन, संतोष-मधु जैन, रानू सेठिया, सीमा बैद, मीनू बैद, मनीषा सेठिया, अलका दुगड़, सपना मालू, श्वेता अग्रवाल, रूबी केडिया, आकृति जैन, निकिता संचेती और गुंजन झुनझुनवाला ने स्टॉल लगाए। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की मंत्री महक बेताला ने किया।

### किसानों को हॉर्टिकल्चर टूल किट, पावर नैपसैक स्प्रेयर मशीन भी उपलब्ध कराई

**भागलपुर।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय ने सन्हौला प्रखंड के रामासी गांव को देश का पहला सिंदूर ग्राम घोषित किया है। शनिवार को कुलपति डॉ. डीआर. सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में एक एकड़ भूमि पर 250 सीता सिंदूर के पौधे लगाए गए।100 महिला किसानों के बीच सिंदूर के पौधे वितरित किए गए। किसानों को हॉर्टिकल्चर टूल किट, पावर नैपसैक स्प्रेयर और स्वीपिंग मशीन भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में विधायक शुभानंद मुकेश और रामासी की मुखिया शोभा देवी मौजूद रहे। कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने सीता सिंदूर की तकनीक का पेटेंट और जीआई टैग हासिल किया है। भविष्य में गांव में सिंदूर प्रसंस्करण इकाई स्थापित कर बीजों से शुद्ध प्राकृतिक सिंदूर पाउडर तैयार किया जाएगा। इसके लिए किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण देने के साथ पैकेजिंग, ब्रांडिंग और बाजार उपलब्ध कराने में विश्वविद्यालय का स्टार्टअप सेल सहयोग करेगा। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने बताया कि सीता सिंदूर से प्राप्त प्राकृतिक रंगद्रव्य बिक्सिन का उपयोग खाद्य पदार्थों, सौंदर्य प्रसाधनों और विभिन्न औद्योगिक उत्पादों में किया जाता है। विश्वविद्यालय किसानों की बढ़ती मांग को देखते हुए टिशू कल्चर तकनीक से बड़े पैमाने पर पौधे तैयार करने पर भी काम कर रहा है। कुलपति ने बताया कि पटना के दानापुर कैंटोनमेंट क्षेत्र में विश्व का पहला सिंदूर पार्क विकसित करने की योजना पर भी कार्य चल रहा है। रामासी को सिंदूर आधारित ग्रामीण उद्यम के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां सिंदूर नर्सरी, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन और कुक्कुट पालन जैसी एकीकृत आजीविका गतिविधियां भी शुरू की जाएंगी।

### पैट की परीक्षा ले ली है, तब भी नेट से ही पीएचडी में प्रवेश

**भागलपुर।** पीएचडी में एडमिशन के नियमों में विश्वविद्यालय को किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी। लोक भवन ने कहा है कि पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट) के आधार पर पीएचडी में एडमिशन किसी भी सूरत में मान्य नहीं होगा। नामांकन नेट के आधार पर ही लेना होगा। लोक भवन ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (एलएनएमयू) दरभंगा के मामले में यह निर्देश जारी करते हुए राज्यभर के विश्वविद्यालय को इसका पालन करने को कहा है। एलएनएमयू में सत्र 2024 में पीएचडी में एडमिशन के लिए लिखित परीक्षा ले ली गई थी। जानकारी मिलने पर लोक भवन ने पड़ताल कराई और उसके आधार पर निर्देश जारी किया है कि पैट के तहत लिखित परीक्षा ले ली गई है लेकिन इंटरव्यू नहीं हुआ और मेरिट लिस्ट नहीं बनी है तो पैट की लिखित परीक्षा को पीएचडी में नामांकन के लिए मान्य नहीं किया जाएगा। लोक भवन के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने इसका पत्र जारी किया है। राज्य के कई विश्वविद्यालय में पैट का सत्र लेट था।

# जिले में लगातार बढ़ रहा है गंगा नदी का जलस्तर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर जिले में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग (CWC) के आंकड़ों के अनुसार, कहलगांव में बीते 24 घंटे में जलस्तर 31 सेंटीमीटर बढ़ा है। शुक्रवार को यह 27.76 मीटर दर्ज किया गया था, जो शनिवार को बढ़कर 28.07 मीटर हो गया। वाटर लेवल में तेजी से वृद्धि के बावजूद, गंगा नदी कहलगांव में निर्धारित खतरे के निशान 31.09 मीटर से लगभग 3 मीटर नीचे बह रही है। फिलहाल बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है, लेकिन जलस्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, कहलगांव के अलावा भागलपुर, मुंगेर और हथीदह में भी जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बिहार और झारखंड के कई हिस्सों में अच्छी बारिश की संभावना जताई है। जिससे परेशानी बढ़ सकती है।



**विभाग को अलर्ट रहने के निर्देशः** अगर कोसी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता है, तो इसका असर भागलपुर जिले के निचले इलाकों पर पड़ सकता है। इससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पानी भरने की आशंका बढ़ जाएगी। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है और संबंधित विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्रशासन ने बढ़ाई निगरानीः** जिला प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, सिंचाई विभाग और अंचल अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया है। तटबंधों, घाटों और निचले इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर राहत एवं बचाव दलों को भी सक्रिय किया जाएगा।

**विभाग को अलर्ट रहने के निर्देशः** अगर कोसी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता है, तो इसका असर भागलपुर जिले के निचले इलाकों पर पड़ सकता है। इससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पानी भरने की आशंका बढ़ जाएगी। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है और संबंधित विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्रशासन ने बढ़ाई निगरानीः** जिला प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, सिंचाई विभाग और अंचल अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया है। तटबंधों, घाटों और निचले इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर राहत एवं बचाव दलों को भी सक्रिय किया जाएगा।

**फिलहाल बाढ़ का खतरा नहींः** पिछले वर्ष जुलाई के मध्य तक लगातार बारिश और नेपाल से छोड़े गए पानी के कारण गंगा का जलस्तर कहीं अधिक तेजी से खतरे के निशान की ओर बढ़ा था। कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनने लगी थी।

# निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई है। श्रद्धालुओं में उत्साह है। जगह-जगह फूलों की वर्षा की जा रही है। श्री राधा कुंज बिहारी मठ (हरे कृष्ण सेंटर) के भक्ति प्रमोद भगवत, ईश्वर नाम दास और रक्षक गिरधारी दास ने बताया कि सरयू सदन से शुरू होकर यह रथयात्रा शहर के मेन रोड में प्रवेश करेगी। इसके बाद श्रद्धालुओं का हुजूम भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथ को खींचते हुए हर-हर महादेव चौक की ओर बढ़ेगा। वहां से यात्रा आगे बढ़ते हुए कपस्या चौक से वापस मुड़कर जीडी कॉलेज परिसर पहुंचेगी, जहां इस भव्य रथयात्रा का समापन होगा। जीडी कॉलेज परिसर में मुंबई से पहुंचे भक्तों की ओर से भव्य रॉक कीर्तन है। समापन स्थल पर भगवान के दर्शन और महाप्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था है।

**मेडिकल टीम और पानी की व्यवस्थाः** विशाल आयोजन में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है।



प्रशासनिक सुरक्षा के साथ निजी स्तर पर भी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। भीड़ को नियंत्रित करने, आपातकालीन चिकित्सा सहायता और पीने के पानी की व्यवस्था के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई है। रथयात्रा में संकीर्तन मंडली मुख्य आकर्षण होगी।

**शरबत-पानी का वितरणः** पारंपरिक वाद्य यंत्रों, मृदंग और झांझ की थाप पर हरे कृष्ण हरे राम के महामंत्र के साथ पूरा शहर गुंजायमान हो उठा है। उड़ीसा की पारंपरिक शैली में सजे रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ नगर भ्रमण पर निकले हैं। स्थानीय व्यवसायियों और सामाजिक संगठनों ने भी रथयात्रा के स्वागत के लिए जगह-जगह स्टॉल लगाया है।

## पैक्स में 96.99 लाख के धान गबन का आरोप कागजों पर खरीदा धान, गोदाम मिले खाली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका के रजौन प्रखंड अंतर्गत भवानीपुर कठौन प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) में धान अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 के दौरान हुए करीब 97 लाख रुपए के धान गबन का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में पैक्स के गोदामों से 4051 क्विंटल से अधिक धान गायब मिला है। इस संबंध में सहकारिता विभाग ने शनिवार देर शाम तत्कालीन पैक्स अध्यक्ष, प्रबंधक और प्रबंधकारिणी समिति के सभी सदस्यों समेत कुल 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए रजौन थाने में आवेदन दिया है। सहकारिता प्रसार पदाधिकारी चक्रपाणि कनिष्क एवं सन्नी कुमार द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, पैक्स ने अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 में 101 किसानों से कुल 5744.81 क्विंटल धान की खरीद की थी। नियमों के तहत, अधिप्राप्त धान के एवज में 1160 क्विंटल चावल बिहार राज्य खाद्य निगम (SFC) को उपलब्ध कराया गया तथा 1693.22 क्विंटल धान



संबंधित राइस मिल को भेजा गया। इसके बाद पैक्स के विभिन्न गोदामों में 4051.59 क्विंटल धान शेष रहना चाहिए था। लेकिन, जब अधिकारियों की टीम ने भौतिक सत्यापन के लिए जांच की तो हकीकत चौंकाने वाली थी। पैक्स के 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले सरकारी गोदाम तथा 150 मीट्रिक टन के निजी गोदाम में धान का भंडारण शून्य पाया गया। वहीं, सामुदायिक भवन भवानीपुर और 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले एक अन्य निजी गोदाम पर ताला लटका मिला। पहले भी सत्यापन से बचते रहे थे अध्यक्ष-प्रबंधकः अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब गोदाम बंद मिले। पूर्व में भी जब भौतिक सत्यापन का प्रयास किया गया था, तब भी तत्कालीन अध्यक्ष और प्रबंधक ने गोदाम बंद रखकर धान का सत्यापन नहीं होने दिया था। इससे यह स्पष्ट है कि गबन की नीयत से जानबूझकर स्टॉक का मिलान नहीं कराया गया। गायब हुए 4051.59 क्विंटल धान की सरकारी कीमत 96,99,506 आंकी गई है।

बांका के पत्रांक-1584 दिनांक 18 जुलाई 2026 के आलोक में भवानीपुर कठौन पैक्स के तत्कालीन अध्यक्ष करसानी प्रियेश कुमार, प्रबंधक रूपेश कुमार राणा तथा प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य सावित्री देवी, उषा देवी, दुलारी देवी, अनिल हरिजन, प्रदीप यादव, कपिल देव यादव, गुलजारीलाल मांझी, वर्षा भारती और दिवाकर लाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की गई है। इस मामले में बीसीओ सन्नी कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के लिए शनिवार शाम रजौन थाना में आवेदन दे दिया गया है। वहीं, थानाध्यक्ष महेश कुमार ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है और विभागीय निर्देशों के अनुसार नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।

## 17 दिन बाद नवविवाहिता की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** सुल्तानगंज-देवघर मुख्य मार्ग (NH-22) पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, पति की हालत गंभीर बनी है। ओवरटेक के चक्कर में हादसा हुआ है। घटना मदरिया पावर हाउस के पास की है। मृतका की पहचान मुंगेर जिले के मिर्जापुर बरदह निवासी रोशनी(20) के तौर पर हुई है। घायल पति जुल्फिकार को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भागलपुर रेफर कर दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। **शंभूगंज से घर लौट रहे थेः** परिजनों के मुताबिक रोशनी की शादी 17 दिन पहले 2 जुलाई को हुई थी। रविवार को दोनों बाइक से बांका जिले के शंभूगंज थाना क्षेत्र स्थित चुटिया बेलारी गांव से मुंगेर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। **'मेहंदी का रंग भी नहीं छूटा था'**: घायल पति जुल्फिकार ने रोते हुए कहा कि सिर्फ 17 दिन में हमारा साथ छूट गया। दोनों अपने नए जीवन को लेकर बेहद खुश थे, लेकिन एक पल में सड़क हादसे ने उनकी सारी खुशियां छीन ली। पत्नी के हाथों की मेहंदी का रंग भी फीका नहीं पड़ा था, वो हमेशा के लिए साथ छोड़कर चली गई।

**बिहार विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

अष्टादश बिहार विधान सभा का तृतीय-सत्र सोमवार दिनांक- 20.07.2026 को 11.00 बजे पूर्वा० में बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत किया गया है।

सत्र के दौरान कार्यवाही का प्रसारण आकाशवाणी, केंद्र, पटना से किया जायेगा। साथ ही इसका सीधा वेबकास्टिंग भी http://webcast.gov.in/biharvs, https://vidhansabha.bihar.gov.in तथा Youtube Channel-"Bihar Vidhan Sabha TV " पर देखा जा सकता है।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है। लिखित अनुमति अथवा प्रवेश-पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं०-9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे।

पूनम सिन्हा
प्रभारी सचिव
बिहार विधान सभा, पटना।

### भारतीय प्रतिनिधियों ने नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में धर्म परिवर्तन के साथ सुरक्षा के कई मसलों पर बातचीत की

**अररिया।** श्री हरि सत्संग समिति नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीखम चंद शरल की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल रविवार को सीमा पार पुलिस कार्यालय के डीएसपी लोकेंद्र सिंह गुरु से मुलाकात कर नेपाल भारत सीमावर्ती क्षेत्र में धर्म परिवर्तन के साथ सुरक्षा के कई मसलों पर बातचीत की। ग्रामीण संभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्यानंद मांझी ने डीएसपी को जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह संस्था नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र सहित ग्रामीण भाग में ईसाई मिशनरी के द्वारा चलाए जा रहे धर्म परिवर्तन के कार्य को रोकने में संगठन की भूमिका रही। संस्था के सलाहाकार राजेश कुमार शर्मा ने नेपाल से भारत जाने वाले आंख के अस्पताल के वाहन और चालक के कागजात की जांच व्यवस्थित तरीके से किए जाने की मांग की। जिसमें बताया गया कि दूसरे स्थानों से इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों से अभिलेख लेकर वाहन चालक अपने पास रख लेते हैं। पुलिस मुख्यालय डीएसपी लोकेंद्र सिंह गुरु ने आश्वस्त किया कि इन सभी मुद्दों ओर सकारात्मक रूप से कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि मरीज के रूप में भारत से नेपाल घुसपैठ करने की मंशा रखने वालों पर सख्त नजर रखी जा रही है।नेपाली मारुती वैन चालक संबंधित शिकायत को गंभीर बताते हुए ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय कर जांच करने का आश्वासन दिया। मौके पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीखम चंद सरल,ग्रामीण राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्यानंद मांझी, कोशी प्रदेश अध्यक्ष महेश साह, सलाहकार राजेश कुमार शर्मा, योजना प्रमुख अरविन्द साह, ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय यादव, संतोष रोनियार, संतोष साह सोनार सहित अन्य उपस्थित थे।

### उद्यम नीति के मसौदे में सुधार को लेकर उद्यमी आयोग के सदस्य ने दिए सुझाव

**अररिया।** बिहार के सुक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम अर्थात एमएसएमई नीति 2026 के मसौदे में सुधार को लेकर बिहार राज्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग के सदस्य आलोक कुमार भगत ने महत्वपूर्ण सुझावों को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह तथा निदेशक, एमएसएमई निदेशालय, उद्योग विभाग, बिहार को पत्र लिखा है।जिसमें आवश्यक संशोधन एवं सुधार करने का आग्रह किया गया है। सीएम सहित अन्य को भेजे गए पत्र में आयोग के सदस्य आलोक कुमार भगत ने अररिया जिला को भारत सरकार द्वारा घोषित आकांक्षी जिला में शामिल करने की मांग की गई है। अररिया को रीजन ए की सूची में शामिल किए जाने से उद्यमियों को धारा 7.9 के तहत पूंजीगत सब्सिडी और अन्य क्षेत्रीय लाभ उपलब्ध होंगे।इसके अलावा प्लाईवुड उद्योग के पुनरुद्धार के साथ ही यूपी मॉडल के तर्ज पर एग्रो लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर निर्माण को मांग की गई। पत्र में उन्होंने लिखा है कि बिहार मखाना,मक्का और शहद के उत्पादन में अग्रणी है।लेकिन कोल्ड चेन के अभाव में सही मूल्य नहीं मिल पाता है।उन्होंने बिहार सरकार के प्रस्तावित मेगा एमएसएमई पार्कों के भीतर स्वचालित कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं की स्थापना के लिए 35 फीसदी की विशेष पूंजीगत सब्सिडी देने की पहल की मांग की।जिससे कृषि प्रसंस्करण और निर्यात को बढ़ावा मिल पाएगा। श्री भगत ने आशा व्यक्त किया कि सुझावों पर सकारात्मक विचार करते हुए ऐसी एमएसएमई नीति का निर्माण किया जाएगा, जो राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को अधिक प्रोत्साहन दे।नए निवेश को आकर्षित करने के साथ रोजगार सृजन को बढ़ावा दे तथा बिहार के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करे।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण





**ठनका (वज्रपात) से पशुओं के बचाव हेतु आवश्यक सुझाव**

**क्या करें**

- पशुओं को पशु शेड में रखना चाहिए।
- उर्जा चालित यंत्रों से पशु को दूर रखना चाहिए।
- धातु से बने कृषि यंत्र–डंडा आदि से पशुओं को दूर कर दें।
- आसमानी बिजली के झटका से घायल होने पर पीड़ित पशु की चिकित्सा हेतु तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सालय से सम्पर्क करना चाहिए।
- स्थानीय रेडियो एवं अन्य संचार साधनों से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें।

**क्या न करें**

- पशुओं को किसी एकल उँचे वृक्ष के नीचे न बांधे।
- उँचे स्थान खासकर पहाड़ों पर पशु के खाने एवं पानी के लिये धातु निर्मित नाद का उपयोग नहीं करना चाहिए।
- तालाब और जलाशय के समीप पशुओं को न ले जाएं।
- बिजली के उपकरण या तार के साथ संपर्क से पशुओं को बचाएं व बिजली के उपकरणों को बिजली के संपर्क से हटा दें।
- साथ ही बिजली एवं टेलीफोन के खंभों के नीचे पशुओं को कदापि नहीं बाँधे क्योंकि उँचे वृक्ष, उँची इमारतें एवं टेलीफोन / बिजली के खंभे आसमानी बिजली को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

PR No.- 008178 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच और सड़क परियोजनाओं की समीक्षा

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग (पटना-आरा-सासाराम) परियोजना व प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में भारतीय एनएचएआई के परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू) पटना और सासाराम द्वारा संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने भूमि अधिग्रहण, प्राक्कलन की स्वीकृति, अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने और अन्य मामलों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सभी प्रक्रियाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके आलावा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित सड़क परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यपालक अभियंताओं व विभागीय पदाधिकारियों को परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, लंबित बाधाओं और कार्य निष्पादन की गति के संबंध में जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### वीकेएसयू में पालनाघर नहीं होने से शिक्षिकाओं व छात्राओं को परेशानी

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) मुख्यालय और इसके अंतर्गत आने वाले विभिन्न अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों में पालनाघर (क्रेच) की सुविधा न होना महिला संकाय (शिक्षिकाओं), महिला कर्मचारियों, शादीशुदा छात्राओं और शोधार्थियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। परिसर में इस बुनियादी सुविधा के अभाव के कारण न सिर्फ कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को रोजमर्रा के कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि यह उनके पेशेवर विकास और शैक्षणिक प्रदर्शन को भी सीधे तौर पर प्रभावित कर रहा है। देखा जाए तो बच्चों की सुरक्षा, बेहतर देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा के लिए परिसरों में पालनाघर का होना बेहद आवश्यक है, ताकि कामकाजी माताएं और उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राएं बिना किसी चिंता के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। वर्तमान स्थिति यह है कि विश्वविद्यालय और विभिन्न कॉलेजों के स्नातकोत्तर (पीजी) विभागों में पढ़ने वाली कई शादीशुदा छात्राएं रोज अपने छोटे बच्चों के साथ क्लास करने को मजबूर हैं। वहीं, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और कॉलेजों में कार्यरत शादीशुदा महिला शिक्षिकाएं और शिक्षकेतर कर्मचारी भी अपने मासूम बच्चों के साथ ही संस्थानों में आती हैं। पालनाघर न होने से उन्हें पूरे समय बच्चों की देखरेख और अपनी ड्यूटी या पढ़ाई के बीच संतुलन बनाने में काफी मानसिक व शारीरिक तनाव से गुजरना पड़ता है। शिक्षाविदों का मानना है कि अगर विश्वविद्यालय और कॉलेजों में पालनाघर की व्यवस्था हो जाती है, तो इन महिलाओं को बहुत बड़ी सहूलियत मिलेगी और वे अधिक एकाग्रता के साथ काम कर सकेंगी। शिक्षक-छात्र संवाद कार्यक्रम में उठा मुद्दा इस गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को विगत दिनों आयोजित हुए "शिक्षक-छात्र संवाद" कार्यक्रम में प्रमुखता से उठाया गया। इस संवाद के दौरान वीकेएसयू की शिक्षिका डॉ. फौजिया रहमान ने विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान इस कमी की ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने पुरजोर तरीके से इस बात को रखा कि वीमेंस एम्पावरमेंट (महिला सशक्तिकरण) की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय को अविलंब पालनाघर की स्थापना करनी चाहिए। डॉ. रहमान द्वारा उठाए गए इस जनहित के मुद्दे को कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने बेहद गंभीरता से लिया, जिस पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जल्द ही सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन भी मिला है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस दिशा में कितनी जल्दी धरातल पर काम शुरू करता है, ताकि कैंपस की आधी आबादी को राहत मिल सके।

### तीन दशक बाद सब्जी गोला में अतिक्रमण हटा, शीशमहल चौक तक होगा फोरलेन

**आरा**। तीन दशक से अधिक समय से सब्जी गोला में सड़क पर रहने वाला स्थायी अतिक्रमण अब नहीं दिखेगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर यहां से अवैध तक कब्जे को हटा दिया गया है। अतिक्रमण हटाने के बाद अब शीशमहल चौक तक फोरलेन सड़क बनेगी। यह फोरलेन शीशमहल चौक से उत्तर दिशा में सब्जी गोला, मीरगंज और गांगी स्टैंड होकर आरा- बड़हरा-एकौना पथ में दौलतपुर अंडरपास के पास बक्सर-आरा-पटना नेशनल हाईवे 922 और आरा-सरैंया-सिनहा पथ पर सिंगही तक बनेगा। इसके लिए गांधी स्टैंड से उत्तर दिशा में दौलतपुर अंडरपास और सिंगही तक अतिक्रमण हटाया जा चुका है। फोरलेन बनाने के लिए चौड़ीकरण भी कर दिया गया है। लेकिन अभी काम फाइनल नहीं हुआ है। बताया गया, सब्जी गोला में अतिक्रमण का हटाने का कार्य फोरलेन बनाने की कड़ी है। फोरलेन का निर्माण कार्य सड़क निर्माण विभाग (आरसीडी) द्वारा कराया जा रहा है।

### डायट पिरौटा में पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**आरा**। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), पिरौटा भोजपुर के परिसर में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विश्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पौधरोपण हुआ। संस्थान परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लगाए गए और डीएलएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। डायट के प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंद्र प्रकाश मणि त्रिपाठी ने पौधारोपण के बाद अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में विकास की दौड़ में मानव निरंतर वृक्षों की कटाई कर रहा है। जिसके कारण जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का काम करना चाहिए। डॉ. विरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज की सबसे बड़ी आवश्यकता पर्यावरण शिक्षा को व्यवहारिक जीवन से जोड़ने की है। मौके पर डायट के व्याख्याता डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. प्रमोद शंकर, वंदना कुमारी सहित संस्थान के तमाम अधिकारी व कर्मचारी थे। साथ में सतीश कुमार यादव, ओमप्रकाश गुर्जर व अन्य सदस्यों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

### एनसीसी कैडेटों ने स्वच्छता अभियान चलाया, लोगों को किया जागरूक

**आरा**। 5 बिहार बटालियन एनसीसी, आरा की ओर से पुनीत सागर अभियान के तहत शनिवार को रमना मैदान में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। कमान अधिकारी कर्नल पुनीत श्रीवास्तव के निर्देश पर अभियान में करीब 170 एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैडेटों ने रमना मैदान और उसके आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी नहीं फैलाने तथा अपने आसपास का वातावरण साफ रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाना और युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। इस मौके पर सूबेदार बरुण कुमार साहा, हवलदार टिंकू कुमार सिंह, हवलदार राजेश, सीनियर जीसीआई बिमला कुमारी सहित एनसीसी के अन्य स्टाफ और कैडेट मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाने तथा स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

### सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत

**आरा**। आरा-सिन्हा मार्ग पर शनिवार को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने साइकिल सवार को रौंद दिया। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान यादवपुर गांव निवासी अखिलेश पासवान(46) के तौर हुई है। पेशे से राजमिस्त्री थे। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। अखिलेश पासवान के मौत के बाद स्थानीय ग्रामीण और परिजनों का गुस्सा भड़क गया। पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित ग्रामीणों शव को गांव के पास रखकर रोड जाम कर दिया। जिसके चलते दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। करीब एक घंटे तक रोड जाम रहा।

# किसानों का दिल्ली के जंतर-मंतर आंदोलन को समर्थन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। दिल्ली के जंतर-मंतर पर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुंग को पुलिस द्वारा हटाए जाने के विरोध में चल रहे प्रदर्शन को अब बिहार के बक्सर के किसानों का समर्थन मिल गया है। बक्सर से प्रभावित किसान मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह यादव दर्जनों किसानों के साथ जंतर-मंतर पहुंचे और आंदोलनकारी छात्रों व युवाओं से मुलाकात की। धरना स्थल पर किसानों को संबोधित करते हुए रामप्रवेश सिंह यादव ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने पुलिस द्वारा सोनम वांगचुंग के साथ किए गए व्यवहार को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया। यादव ने प्रशासन से मांग की कि सोनम वांगचुंग को सुरक्षित रूप से वापस जंतर-मंतर के धरना स्थल पर लाया जाए ताकि आंदोलन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रह सके।

**नागरिकों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिएः** उन्होंने छात्रों और युवाओं से कहा कि जब तक प्रशासन सोनम वांगचुंग को वापस नहीं लाता, तब तक किसान भी उनके साथ डटे रहेंगे। उन्होंने जोर दिया कि यह लड़ाई सबकी साझा है। यादव ने यह भी कहा कि किसान, छात्र और नौजवान यदि एकजुट होकर जनहित के मुद्दे उठाएं तो सरकार तक उनकी आवाज अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकती है। रामप्रवेश सिंह यादव ने स्पष्ट किया कि जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा जैसे मुद्दे किसी एक वर्ग से नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य से संबंधित हैं। इसलिए इन विषयों पर सभी नागरिकों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए।

**किसानों के समर्थन ने प्रदर्शनकारियों का मनोबल बढ़ायाः** इस दौरान उन्होंने 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद मार्च में भी अधिक से अधिक छात्रों और युवाओं से भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह मार्च शिक्षा व्यवस्था में सुधार और छात्रों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को सरकार के सामने मजबूती से रखने का प्रयास होगा। उल्लेखनीय है कि जंतर-मंतर पर पिछले कई दिनों से सोनम वांगचुंग के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन चल रहा है। पुलिस कार्रवाई के बाद आंदोलनकारियों में नाराजगी देखी गई थी। ऐसे समय में बक्सर से पहुंचे किसानों के समर्थन ने प्रदर्शनकारियों का मनोबल बढ़ाया है। धरना स्थल पर मौजूद छात्रों ने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और अहिंसक रहेगा तथा वे अपनी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाते रहेंगे।

## विशेष लोक अदालत का सफल आयोजन, मामलों का निपटारा




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। विधिक सेवा प्राधिकार के तहत शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रधान जिला जज, सह-अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार, काजल झाम्ब, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव बिंदेश्वरी पांडेय, तथा सभी न्यायिक पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।जिला जज काजल झाम्ब ने कहा कि आयोजित होने वाली "विशेष लोक अदालत" में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु दोनों पक्ष आपसी सुलह-समझौते का मार्ग प्रशस्त करें। इस विशेष लोक अदालत का मुख्य फोकस परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत आने वाले चेक बाउंस तथा वित्तीय लेनदेन से जुड़े मामलों के त्वरित एवं सुलभ निस्तारण पर रहेगा। इस बार वादों का निष्पादन वर्चुअल (ऑनलाइन) एवं फिजिकल (भौतिक) दोनों माध्यमों से किया जा रहा है। इससे सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले पक्षकारों को भी न्याय मिलने में कोई असुविधा न हो। मौके पर उपस्थित अधिकारियों तथा आम जनता से जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव नेहा दयाल ने अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण अंत करें।

## संदिग्ध हालत में डेयरी संचालक की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में संदिग्ध हालत में डेयरी संचालक की मौत हो गई है। मुंह से झाग निकल रहा था। दाहिने पैर पर जख्म और सीने पर काला निशान मिला है। परिजनों ने मारपीट के बाद जहरीला पदार्थ खिलाकर मारने का आरोप लगाया है। घटना तीयर थाना क्षेत्र के जादोपुर गांव की है। सूचना मिलते ही जगदीशपुर एसडीपीओ पंकज मिश्रा और थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के लिए एफएसएल की टीम भी पहुंची। मृतक की पहचान हीरालाल सिंह उर्फ हरी नारायण सिंह के पुत्र राजाबाबू उर्फ अलबेला(25) के तौर पर हुई है। अपने गांव में ही डेयरी चलाते थे।



**'पैसे को लेकर विवाद हुआ था'ः** मृतक के बड़े भाई हरखेन कुमार उर्फ रौशन ने बताया कि खाना खाने के बाद रात 9 बजे के करीब सोने के लिए दलान पर चले गए। कुछ देर बाद एक आदमी दूध लेना पहुंचा। जगाने पर कोई जबाव नहीं मिला। इसके बाद परिवार के लोगों को सूचना दी गई। तुरंत मौके पर पहुंचा। वहां मृत अवस्था में पड़े थे। गांव के ही रमेश यादव और कृष्णा यादव के पास दूध का 500 रुपए बकाया था। जिसको लेकर विवाद हुआ था। रमेश यादव ने एक दिन पहले कहा था कि तुम्हें मेरा बड़ा भाई मारने के लिए खोज रहा है।

**हत्या की जताई आशंकाः** हरखेन कुमार ने कृष्णा यादव-रमेश यादव सहित अन्य लोगों पर मारपीट और जहरीला पदार्थ खिलाकर अपने भाई की हत्या करने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।


> ♦ बकाया 500 रुपए को लेकर विवाद हुआ था, मारपीट के बाद जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप

**घर में मचा कोहरामः** मृतक 9 भाई-बहन में सबसे छोटा था। परिवार में मां मानती देवी, पांच भाई हरेंद्र कुमार बादल, अरविंद कुमार बसेरा, अनिल कुमार अकेला, अखिलेश कुमार निराला, हरखेन कुमार रौशन और तीन बहन नीलम देवी, नीलू देवी, मीरा देवी है। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आकाशीय बिजली गिरने से मजदूर की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में रविवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान नारायणपुर निवासी स्वर्गीय धर्मदेव सिंह के बेटे विजय सिंह ( 50) के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में लगभग 20 वर्षीय एक पुत्र है, जबकि एक पुत्री की शादी हो चुकी है। विजय सिंह धान की रोपाई की तैयारी के लिए अपने खेत की मेड़ ठीक कर रहे थे, ताकि अगले दिन रोपनी का काम कराया जा सके। शनिवार रात से ही जिले में रुक-रुक कर बारिश हो रही थी, जिसके साथ तेज गर्जना और बिजली चमक रही थी। घटना सुबह करीब नौ बजे हुई, उस समय आसपास के कई किसान भी अपने-अपने खेतों में कृषि कार्य में जुटे हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काम के दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और विजय सिंह उसकी चपेट में आ गए। बिजली गिरते ही वह खेत में बेहोश होकर गिर पड़े।



**अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौतः** आसपास मौजूद किसानों और ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें उठाकर चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद विजय सिंह को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष शंभू भगत ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को अस्पताल भेजा गया था। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**आपदा राहत मुआवजा देने की मांगः** इधर, स्थानीय ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं तेज नारायण उपाध्याय और प्रकाश सिंह सहित अन्य लोगों ने मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत शीघ्र आपदा राहत मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विजय सिंह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी असामयिक मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की अपील की है।

## चुनावी सुधार से मजबूत होंगी हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शनिवार को संपन्न हो गई। संगोष्ठी का विषय "विकसित भारत-2047 के लिए भारत की निर्वाचन प्रणाली का पुनर्निर्माण : एक राष्ट्र, एक चुनाव एवं डिजिटल लोकतांत्रिक सशक्तिकरण की ओर" था। कार्यक्रम में देशभर के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने निर्वाचन सुधार, डिजिटल लोकतंत्र, निर्वाचन आयोग की भूमिका तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुदृढ़ता जैसे समकालीन विषयों पर गंभीर एवं सार्थक अकादमिक विमर्श किया। दिवस के प्रथम शैक्षणिक सत्र का विषय "आधार एवं मतदाता सूची : एक राष्ट्र, एक वोट की चुनौती" रहा। इसका संयोजन डॉ. निशांत कुमार ने किया। इस सत्र में प्रो. विजय कुमार वर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो. विश्वनाथ मिश्र, आर्य महिला पीजी कॉलेज, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, तथा डॉ. रजनी चौबे, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया ने आधार एवं मतदाता सूची के समन्वय, चुनावी पारदर्शिता, मतदाता पहचान की विश्वसनीयता तथा लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय शैक्षणिक सत्र का विषय "बदलते भारत में चुनाव आयोग की भूमिका" रहा। इसमें विभिन्न विद्वानों ने भारतीय निर्वाचन आयोग की संवैधानिक भूमिका, चुनावी सुधार, डिजिटल तकनीक तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुदृढ़ता पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इसके उपरांत आयोजित ऑनलाइन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता स्नातकोत्तर इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने की। इस सत्र में देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने निर्वाचन सुधार, डिजिटल गवर्नेंस, लोकतांत्रिक सहभागिता, सुशासन तथा विकसित भारत-2047 से संबंधित विविध विषयों पर अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। प्रस्तुत शोध-पत्रों की गुणवत्ता एवं विषय-वस्तु की विद्वानों ने सराहना की। इसे युवा शोधकर्ताओं के लिए एक उत्कृष्ट अकादमिक मंच बताया। समापन सत्र में महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए पारदर्शी, उत्तरदायी एवं तकनीक-सक्षम निर्वाचन प्रणाली समय की आवश्यकता है। उच्च शिक्षण संस्थानों को लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित शोध एवं नीति-निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## अलंकरण समारोह में छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। माउंट लिट्रा जी स्कूल बामपाली के परिसर में शनिवार को वार्षिक अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक श्रेयांश जैन एवं उपाध्यक्षा सुचिता जैन उपस्थित रहीं, जिनके साथ प्राचार्या डॉ. सहाया मेरी, उपप्राचार्य विजय कुमार, प्रधानाध्यापक रत्नेश चौबे एवं जूनियर कॉर्डिनेटर प्रियंका दत्ता भी मंच पर मौजूद थीं। समारोह की शुरुआत पारंपरिक रूप से प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद विद्यालय के संगीत शिक्षक व उनकी टीम द्वारा बेहद आकर्षक स्वागत गान की प्रस्तुति दी गई। इस वर्ष छात्र परिषद के लिए लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए विद्यार्थियों की घोषणा की गई, जिसमें मुख्य रूप से हेड गर्ल के पद पर आरोही जैन, हेड बॉय के रूप में सागर सिंह, खेल कप्तान अभिजीत सिंह, सांस्कृतिक सचिव अमृत, पर्यावरण सचिव रिद्धि राज और अनुशासन प्रमुख के रूप में श्रेया सिंह का चयन किया गया।

## संत मेरी में पौधे लगाए देखभाल का संकल्प




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। नगर के नया बाजार स्थित आईटीआई मैदान के पास संत मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में दैनिक भास्कर के राष्ट्रव्यापी एक पेड़, एक जिंदगी महाअभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। विद्यार्थियों ने उत्साह से 20 पौधे लगाए। विद्यार्थियों ने पौधों को वृक्ष बनने तक संभालने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मकसद विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ाना रहा। बच्चों को पौधरोपण का महत्व बताया गया। बच्चों को कहा गया कि स्वच्छ पर्यावरण, हरियाली स्वस्थ जीवन का आधार है। विद्यार्थियों ने ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने नियमित देखभाल का संकल्प लिया। फादर आनंद और स्कूल के प्रिंसिपल सर डोमिनिक आमलन ने अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी की भावना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर छात्र एक पौधा लगाए।

## रोजगार मेले में 253 को मिली नौकरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा**। बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार को आरा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन "आईसेक्ट इंडिया–रोजगार मंत्रा" की ओर से सिविल कोर्ट के पीछे, जिला स्कूल के समीप स्थित ए3 इंटरनेशनल (आईसेक्ट इंडिया बिजनेस पार्टनर) कार्यालय परिसर में किया गया। इस मेले में देश की कई जानी-मानी निजी कंपनियों ने हिस्सा लेकर युवाओं का साक्षात्कार (इंटरव्यू) लिया। रोजगार मेले को लेकर स्थानीय और आस-पास के युवाओं में खासा उत्साह देखा गया और सुबह से ही हजारों की संख्या में युवक-युवतियां नौकरी की उम्मीद लिए आयोजन स्थल पर पहुंचने लगे। आईसेक्ट इंडिया के प्रतिनिधि आयुष कुमार सिन्हा ने बताया कि इस मेले के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में कुल 327 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संचालित की गई थी। इन कंपनियों में बजाज ऑटो, टाटा मोटर्स, उत्कर्ष फाइनेंस, ब्लिंकिट, टेक्निको इंडस्ट्रीज और जय भारत मारुति जैसी नामचीन कंपनियां शामिल रहीं। मेले में रिसेप्शनिस्ट, काउंसलर, कंप्यूटर ऑपरेटर, हेल्पर, सुपरवाइजर, प्रोडक्शन एग्जीक्यूटिव, आईटीआई टेक्नीशियन, बैंकिंग फील्ड एग्जीक्यूटिव तथा मोबाइल व लैपटॉप सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर इंजीनियर जैसे विविध पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों की तलाश की गई। भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास से लेकर स्नातक (ग्रेजुएशन) तक निर्धारित की गई थी, जबकि आवेदकों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष के बीच रखी गई थी। चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों, पहचान पत्र, पासपोर्ट आकार के फोटो एवं बायोडाटा (रिज्यूमे) की गहन जांच की गई। प्रबंधक ने वेतनमान की जानकारी देते हुए बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को उनके पद और योग्यता के अनुसार 15,000 रुपये से लेकर 30,500 रुपये प्रति माह तक का आकर्षक वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही, कुछ चुनिंदा कंपनियों द्वारा कर्मियों को रहने और भोजन की सुविधा भी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजकों ने युवाओं को सचेत करते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि यह पूरा रोजगार मेला पूरी तरह से निःशुल्क था और भर्ती के नाम पर किसी भी अभ्यर्थी से कोई शुल्क नहीं लिया गया। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वे नौकरी दिलाने के नाम पर सक्रिय किसी भी बिचौलिए या फर्जी व्यक्ति को पैसे न दें और हमेशा केवल अधिकृत माध्यमों से ही भर्ती प्रक्रिया में शामिल हों।

## संक्षिप्त समाचार

### धोखाधड़ी मामले के फरार आरोपित के दो ठिकानों पर चिपकाया इश्तिहार

**मसौढ़ी।** लहसुना थाना कांड संख्या 853/23 में फरार चल रहे नामजद प्राथमिकी अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की। पुलिस ने अभियुक्त के दो ठिकानों पर इश्तिहार चिपकाकर उसे न्यायालय में उपस्थित होने की चेतावनी दी।थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि भारतीय दंड विधान की धारा के तहत दर्ज मामले में नामजद अभियुक्त अनुज कुमार, पिता स्वर्गीय रामजन्म सिन्हा, निवासी उस्मानचक, थाना लहसुना, जिला पटना के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।पुलिस ने उसके पैतृक गांव उस्मानचक स्थित घर के अलावा मसौढ़ी अनुमंडल चौराहा स्थित आवास पर भी विधिवत इश्तिहार चिपकाया।उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है। इश्तिहार के माध्यम से अभियुक्त को निर्धारित अवधि में न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने की चेतावनी दी गई है। समय सीमा के भीतर उपस्थित नहीं होने पर उसके विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शराबी पति के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराया मारपीट और जान से मारने की धमकी का केस

**मसौढ़ीः** थाना क्षेत्र में शराब के नशे में पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।इस मामले पीड़िता कश्मीरगंज मुहल्ले निवासी विकेश कुमार उर्फ विकाश कुमार की पत्नी किरण देवी ने अपने पति के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करता है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस आरोपित पति के खिलाफ आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### भाजपा जिला महामंत्री विजय यादव ने बांकीपुर में किया चुनाव प्रचार



**पटना।** भाजपा जिला महामंत्री विजय यादव ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा के साथ चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में जुटे हैं और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। प्रचार के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों की जानकारी लोगों को दी। विजय यादव ने कहा कि जनता का समर्थन भाजपा के साथ है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी प्रत्याशी को मजबूती मिलेगी। मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से शख्स की मौतःपैदल दवा लेने जाने के दौरान हादसा, महुआ-ताजपुर मार्ग पर हादसा

**हाजीपुर।** वैशाली में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 47 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घटना पातेपुर में महुआ-ताजपुर मार्ग पर डबैच चौक के पास हुई। मृतक की पहचान मंडईडीह वार्ड-13 निवासी लाला पासवान के रूप में हुई है। लाला पासवान शनिवार देर रात दवा लेने के लिए पैदल घर से निकले थे। डबैच चौक के पास उन्हें एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रविवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद से परिजनों का बुरा हाल है। इस घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने रविवार सुबह डभैच नहर के समीप महुआ-ताजपुर मार्ग को जाम कर दिया। वे मुआवजे की मांग कर रहे थे, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पातेपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम हटवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर घटना, आत्महत्या की आशंका

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह घटना 33 नंबर रेलवे फाटक के पास हुई, जहां युवक के आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी सत्येंद्र पासवान (27) के रूप में हुई है। उसके पास से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हुई। सत्येंद्र सत्यनारायण पासवान के बेटे बताए जा रहे हैं। रेल पुलिस ने शव मिलने की सूचना परिजनों को दे दी है। घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

### पुलिस ने अंतरजिला बकरी चोर गिरोह को दबोचा, चोरी की स्कॉर्पियो और 8 बकरियां बरामद, 4 सदस्य गिरफ्तार

**हाजीपुर।** हाजीपुर सदर थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान बकरी चोरी करने वाले एक अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चोरी की एक स्कॉर्पियो और उस पर लादी गई 8 बकरियां बरामद की हैं। इस मामले में मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गाड़ी का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस के अनुसार, सदर थाना की गश्ती दल ने महुआ मोड़ के पास एक तेज रफ्तार सफेद स्कॉर्पियो को रोकने का इशारा किया। हालांकि, चालक गाड़ी लेकर रामाशीष चौक की ओर तेजी से भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर दिग्गी पूर्वी में NH-22 पर चेला चौक के पास गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया। गाड़ी रुकते ही चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला, लेकिन गाड़ी में सवार चार लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। बताया गया कि यह गिरोह विभिन्न इलाकों में लगातार बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था, जिससे किसान भी परेशान थे। पकड़े गए चोरों की पहचान पटना जिले के कन्हैया कुमार (फुलवारीशरीफ), सन्नी कुमार (सचिवालय थाना क्षेत्र), गोपी नट (गौरीचक) और बटन नट (रूपसपुर) के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे समस्तीपुर के ताजपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों से बकरियां चोरी कर पटना में बेचने ले जा रहे थे। आरोपियों ने यह भी खुलासा किया कि जब्त की गई स्कॉर्पियो भी चोरी की है। फरार चालक विशाल पासवान इस गिरोह का मुख्य सदस्य है, जिसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इन चोरों ने पहले भी किन-किन इलाकों में घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा सभी बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। सदर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि बकरी चोरी करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है और फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# प्रो. यशवंतराव केलकर के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : डॉ. प्रेम कुमार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के शिल्पकार एवं प्रमुख संगठनकर्ता प्रो. यशवंतराव (बसंत राव) केलकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रो. केलकर दूरदर्शी चिंतक, विलक्षण संगठनकर्ता, राष्ट्रनिष्ठ शिक्षाविद् और युवा चेतना के प्रखर प्रेरणास्रोत थे।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रो. केलकर ने केवल एक छात्र संगठन का निर्माण नहीं किया, बल्कि ऐसे राष्ट्रभक्त, चरित्रवान और समाजोन्मुख युवाओं की पीढ़ी तैयार की, जिन्होंने शिक्षा, समाज, प्रशासन, राजनीति, विज्ञान, न्याय, साहित्य और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के संदेश "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत" को विद्यार्थी जीवन का मूल मंत्र बनाया और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना के व्यापक आंदोलन के रूप में स्थापित किया।

उन्होंने कहा कि प्रो. केलकर संगठन की कार्यपद्धति में अनुशासन, आत्मीयता, वैचारिक स्पष्टता और सेवा को सर्वोच्च स्थान देते थे। उनका मानना था कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति पदों में नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के संस्कार, समर्पण और चरित्र में निहित होती है। उनके नेतृत्व में विद्यार्थी परिषद ने शिक्षा सुधार, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों, पर्यावरण संरक्षण और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रो. केलकर ने युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास किया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने निरंतर प्रवास, संवाद और अथक परिश्रम के बल पर विद्यार्थी परिषद को देश के सबसे बड़े छात्र संगठनों में स्थापित करने में अहम योगदान दिया। आज देश के अनेक प्रतिष्ठित क्षेत्रों में कार्यरत असंख्य व्यक्तित्व उनके विचारों और संगठनात्मक संस्कारों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत अमृतकाल की ओर अग्रसर है। ऐसे समय में युवाओं के लिए आवश्यक है कि वे ज्ञान के साथ संस्कार, तकनीक के साथ नैतिकता और अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करें। उन्होंने आह्वान किया कि प्रो. यशवंतराव केलकर के आदर्शों को केवल स्मरण करने तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारते हुए "राष्ट्र प्रथम, समाज सर्वोपरि और विद्यार्थी शक्ति—राष्ट्र शक्ति" की भावना को आत्मसात करें।

# किराना दुकान की आड़ में शराब बेचते दुकानदार गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ बिहटा पुलिस की छापेमारी, 3 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**पटना।** पटना के बिहटा थाना पुलिस ने किराना दुकान की आड़ में अवैध शराब बेचने के आरोप में एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दुकान पर छापेमारी कर करीब 3 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान महम्मदपुर गांव निवासी विमलेश शर्मा के रूप में हुई है।

**झोले में छिपाकर रखी थी शराबः** पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि महम्मदपुर बाजार स्थित एक किराना दुकान से लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर बिहटा थाना पुलिस ने देर रात दुकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दुकान के अंदर एक झोले में छिपाकर रखे करीब 3 लीटर अंग्रेजी शराब के पाउच बरामद किए। मौके से दुकानदार विमलेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया।

जांच में सामने आया कि विमलेश शर्मा वर्ष 2021 में भी शराब बेचने के मामले में जेल जा चुका है। जेल से बाहर आने के बाद उसने दोबारा शराब का अवैध कारोबार शुरू कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया, 'पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह उत्तर प्रदेश से शराब की खेप मंगाकर अपनी किराना दुकान से ही बिक्री करता था। पुलिस के पहुंचने से पहले वह कई ब्रांड की शराब बेच चुका था। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है और उसके अन्य साथियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय नुरा का सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में हुआ लोकार्पण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**मसौढ़ीः** रविवार को बिहार सरकार की ओर से राज्य के 521 विद्यालयों को सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में एकीकृत शुभारंभ और लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसका ऑनलाइन शुभारंभ किया।इसी क्रम में मसौढ़ी प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय नुरा का भी सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में लोकार्पण किया गया।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन को सुना। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में विकसित करने और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य मो. मनवर आलम, लेखापाल प्रमोद कुमार,बीआरसी की आईटी सहायक खुशबू कुमारी वरीय शिक्षक निरव कुमार राजीव कुमार इंदल कुमार विक्रम बिहारी चंदन कुमार प्रीति कुमारी नूतन कुमारी कंचन कुमारी,छाया कुमारीअशोक रजक।विक्की कुमार शिवशंकर प्रसाद अनिल कुमार सुधीर कुमार गौरी कुमारी और सहायक शिक्षक राकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# ओल्ड फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष बने सरोज भारती

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**मसौढ़ीः** रविवार को नगर मुख्यालय के स्टेशन रोड स्थित विश्वकर्मा मार्केट में ओल्ड फ्रेंड्स क्लब की बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब के सचिव मुकुल कुमार एवं संचालन राजेश कुमार ने की.बैठक में क्लब के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सरोज भारती को अध्यक्ष चुना।

अध्यक्ष चुने जाने के बाद सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए क्लब के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।बैठक में क्लब की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने, युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। क्लब के संयुक्त सचिव मोहम्मद इम्तियाज अहमद ने कहा कि क्लब के माध्यम से नियमित रूप से खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा,ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल सके।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरोज भारती ने कहा कि क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग से ओल्ड फ्रेंड्स क्लब को और मजबूत बनाया जाएगा।युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने कहा कि क्लब सामाजिक और खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा।बैठक में क्लब के सदस्य और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# पटना आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स कॉलेज में प्रैक्टिकल के सामान गायब

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स कॉलेज में प्रैक्टिकल के सामान गायब और हॉस्टल जर्जर हैं। कॉलेज के बदहाल स्थिति को लेकर पटना यूनिवर्सिटी के छात्र संघ अध्यक्ष शांतनु शेखर ने सवाल उठाए हैं। वे 'आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स कॉलेज' का दौरा करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के छात्रों से मुलाकात कर उनकी गंभीर समस्याओं को करीब से जाना और उनके द्वारा बनाई जा रही कलाकृतियों को देखा। इस दौरे के बाद उन्होंने कॉलेज प्रशासन और विश्वविद्यालय प्रबंधन के रवैये पर गहरी नाराजगी जाहिर की। शांतनु शेखर ने कहा, 'यह बेहद शर्मनाक और दुखद है कि बिहार के इस एकमात्र और प्रतिष्ठित कला संस्थान में छात्रों को बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हैं। कला के क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन करने वाले इन छात्रों के साथ प्रशासन लगातार सौतेला व्यवहार कर रहा है।'उन्होंने आगे कहा कि छात्रों के रहने के लिए बने हॉस्टल की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। रहने लायक बुनियादी सुविधाएं भी गायब हैं, जिससे छात्रों को हर दिन मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है।

# जनवादी लोकगायक शंकर भारती कव्वाल का निधन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मसौढ़ी।** नगर मुख्यालय के कुम्हारटोली मोहल्ला निवासी प्रख्यात जनवादी एवं क्रांतिकारी लोकगायक और कम्युनिस्ट आंदोलन के सांस्कृतिक साथी झुलन ठाकुर उर्फ शंकर भारती कव्वाल का रविवार को निधन हो गया। वे करीब 75 वर्ष के थे। पिछले दस दिनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहे शंकर भारती का इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर से क्षेत्र के कला, सांस्कृतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई।

शंकर भारती कव्वाल के निधन से मसौढ़ी ने एक बहुआयामी लोक कलाकार, जनसंस्कृतिकर्मी और जनआंदोलनों के सशक्त स्वर को खो दिया। उन्होंने जीवनभर आम जनता के अधिकार, सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए अपनी कला को समर्पित रखा। धरना, प्रदर्शन और जनसभाओं में अपनी ओजस्वी गायकी के माध्यम से वे लोगों को जागरूक और प्रेरित करते थे। वे कम्युनिस्ट आंदोलन से जुड़े सक्रिय सांस्कृतिक साथी के रूप में भी अपनी भूमिका निभाते रहे।


कव्वाली, लोकगीत और वीर रस की गायकी में विशेष पहचान रखने वाले शंकर भारती ने पटना रेडियो स्टेशन से आल्हा-ऊदल की वीरगाथाओं का गायन किया था। मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न थानों में भी उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित कर वीर रस की गाथाएं प्रस्तुत कराई जाती थीं। उनकी कला से प्रभावित होकर कई थाना प्रभारियों ने उन्हें सम्मानित भी किया था।

शंकर भारती कव्वाल सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल थे। मुस्लिम समाज के विवाह समारोहों में वे उर्दू गीत और कव्वालियां प्रस्तुत करते थे। लोककला की विभिन्न विधाओं पर उनकी समान पकड़ थी। उनकी गायकी में जनभावना, सामाजिक सरोकार और सांस्कृतिक समरसता की झलक मिलती थी। मसौढ़ी की सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा।

उनके निधन की सूचना पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीपीआई(एम) मसौढ़ी अनुमंडल लोकल कमेटी के सचिव प्रो. सीपी मंडल, जिला कमेटी सदस्य सत्येंद्र प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, लल्लू प्रसाद, रामसेवक प्रसाद, अवधेश कुमार, चंद्रिका शर्मा और उमेश चंद्र राय समेत कई पार्टी कार्यकर्ताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताई।

# बांकीपुर उपचुनाव में एनडीए की बड़ी जीत होगी- अशोक चौधरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा- चुनावी मैदान में टिक नहीं पा रहे, बड़ी-बड़ी बातें कर रहे**

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर मंत्री अशोक चौधरी ने एनडीए की जीत का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं और आम लोगों में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा इस बार पिछले विधानसभा चुनाव में नितिन नवीन को मिले वोटों से भी अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज करेंगे।

**जनता का पूरा समर्थन NDA के साथ- अशोक चौधरीः** अशोक चौधरी ने कहा, 'बांकीपुर में कहीं कोई लड़ाई नहीं है। जनता का पूरा समर्थन NDA के साथ है और चुनावी माहौल पूरी तरह उनके पक्ष में दिखाई दे रहा है। एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हैं।' मंत्री ने एनडीए उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा की सराहना करते हुए कहा, 'वह लंबे समय तक एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए काम करते रहे हैं। बांकीपुर उपचुनाव में NDA उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा बड़ी जीत दर्ज करेंगे और यह जीत पिछले चुनाव के मुकाबले अधिक मतों के अंतर से होगी।'

**एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह - अशोक चौधरीः** अशोक चौधरी ने कहा, 'इस फैसले से एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह आया है। हर कार्यकर्ता को यह भरोसा मिला है कि मेहनत और समर्पण के बल पर भविष्य में वह भी विधायक या सांसद बन सकता है। यही वजह है कि सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।'

**चुनावी मैदान में टिक नहीं रहे, बड़ी-बड़ी बातें कर रहे- अशोक चौधरीः** विपक्ष पर निशाना साधते हुए अशोक चौधरी ने कहा, 'कुछ लोग चुनावी मैदान में मजबूती से टिक नहीं पा रहे हैं, लेकिन फिर भी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।' उन्होंने तंज कसते हुए कहा, "जो पहलवानी में पहले ही राउंड में भाग जाता है, वही सबसे ज्यादा जोर-जोर से ताल ठोकता है।"

# 7 जिलों में बारिश, सीवान में अस्पताल, रक्सौल में स्कूल डूबा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** नेपाल में लगातार हो रही बारिश के बाद बिहार में कोसी, बागमती समेत कई नदियां उफान पर हैं। इसी बीच सीतामढ़ी के रुन्नीसैदपुर स्थित बागमती नदी में 40 लोगों से भरी एक नाव पलट गई। नाव पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद खड़का घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों ने नदी में छलांग लगाकर यात्रियों को बचाया। कई लोग खुद तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। गनीमत रही कि स्थानीय लोगों की तत्परता के कारण इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। रविवार को कोसी बराज के 56 में से 28 फाटक खोले गए। इससे जिले में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बिहार में मानसून एक्टिव है। रविवार को जहानाबाद, बगहा, मधेपुरा, गोपालगंज, बक्सर,छपरा और सुपौल में बारिश हुई। लगातार बारिश के बाद बगहा के गांवों में पानी भर गया। बक्सर में कुछ घंटों की बारिश से सड़कें डूब गईं। घुटने भर पानी में लोग आने-जाने को मजबूर हैं। वहीं सीवान में बारिश के बाद सदर अस्पताल परिसर में पानी भर गया है। मौसम विभाग ने 17 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। जबकि 20 जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। इन जिलों में आकाशीय बिजली भी गिरने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले 48 घंटे राज्य के अधिकतर हिस्सों में मानसून एक्टिव रहेगा। खासकर दक्षिण-मध्य बिहार के जिलों में ज्यादा असर दिखेगा।

# सावन से पहले पहाड़ी मंदिर पहुंचे उपायुक्त, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

एजेंसी। रांची

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रविवार को आगामी सावन पर्व की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहाड़ी बाबा मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों को समयबद्ध ढंग से सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सावन माह में लाखों श्रद्धालु पहाड़ी बाबा के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें दर्शन, पूजा-अर्चना और अन्य सुविधाओं के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सीढ़ी मार्ग, शौचालय निर्माण, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पेवर ब्लॉक बिछाने के कार्य, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की



जानकारी ली। उन्होंने कहा, "पहाड़ी बाबा रांचीवासियों की आस्था के केंद्र हैं। सावन पर्व के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसलिए सभी निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। सुरक्षित एवं सुगम सीढ़ी मार्ग, पर्याप्त शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और विश्राम की सुविधाएं हमारी प्राथमिकता हैं।" उपायुक्त ने श्रद्धालुओं और दुकानदारों से भी विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि सावन पर्व के दौरान मंदिर परिसर में शीशे की किसी भी प्रकार की पूजन सामग्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। श्रद्धालुओं से पूजा में शीशे या धातु की वस्तुओं का उपयोग नहीं करने तथा दुकानदारों से ऐसी सामग्री की बिक्री नहीं करने का आग्रह किया गया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से पहाड़ी बाबा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रार्थना की कि पहाड़ी बाबा का आशीर्वाद सभी रांचीवासियों



पर बना रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को सावन पर्व से पहले सभी विकास कार्य पूरे करने, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त शौचालय, पेयजल, प्रकाश और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सीढ़ी मार्ग एवं मुख्य रास्तों को सुरक्षित और सुगम बनाने, सुरक्षा, स्वच्छता एवं भीड़ प्रबंधन की प्रभावी योजना तैयार करने तथा कार्यों की नियमित समीक्षा कर कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पहाड़ी मंदिर समिति के सदस्यों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर कुमार रजत, पुलिस अधीक्षक (शहर) पारस राणा, पुलिस अधीक्षक (यातायात) राकेश सिंह, प्रशिक्षु आईएएस आस्था शरण, रांची नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी धनंजय, जिला नजारत अपर समाहर्ता डॉ. सुदेश कुमार, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में कंप्यूटेशनल थिंकिंग और एआई पर कार्यशाला

एजेंसी। रांची

कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके में रविवार को सीबीएसई के डिस्ट्रिक्ट लेवल डिलीवरी कार्यक्रम के तहत विद्यालयों के लिए 'कंप्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की समझ' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने कंप्यूटेशनल थिंकिंग, मशीन लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क तथा नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों पर अपने अनुभव और शोध साझा किए। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय की निदेशक सह प्राचार्या परमजीत कौर, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. सुभाष चंद्र यादव, बीआईटी मेसरा के सहायक प्रोफेसर के. श्रीधर पटनायक, एसआर डीएवी के प्राचार्य डॉ. तापस घोष तथा डॉ. प्रतीक विश्वास ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर परमजीत कौर ने कहा कि बदलते समय के साथ सकारात्मक परिवर्तनों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटेशनल थिंकिंग और



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुके हैं। इनके विवेकपूर्ण उपयोग से विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान की क्षमता और रचनात्मकता का विकास होता है। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर भी बल दिया। मुख्य वक्ता प्रो. सुभाष चंद्र यादव ने कहा कि कंप्यूटेशनल थिंकिंग जटिल समस्याओं का तार्किक और व्यवस्थित समाधान खोजने की प्रक्रिया है, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उन समाधानों को प्रभावी रूप से लागू करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि भविष्य की शिक्षा और रोजगार के बदलते परिदृश्य में इन दोनों विषयों की समझ विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सीमा चंद्रिका तिवारी ने किया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सामाजिक कार्यकर्ता व फिटनेस एक्सपर्ट सुमित दुबे भाजपा में शामिल



**रांची**। भाजपा रांची महानगर जिला की ओर से तुपुदाना स्थित औरेलिया बैंक्वेट हॉल में रविवार को आयोजित भव्य सदस्यता ग्रहण व मिलन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हटिया-तुपुदाना क्षेत्र के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता व फिटनेस एक्सपर्ट सुमित दुबे व उनकी धर्मपत्नी श्वेता दुबे ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का एक व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन व आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सुमित दुबे व नवसदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुड़ने से संगठन और अधिक सशक्त होगा व जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी। सुमित दुबे ने भाजपा परिवार में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा, सेवा भाव व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे ऐतिहासिक कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने अपने साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री व रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ, भाजपा रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू, भाजपा रांची जिला पूर्वी अध्यक्ष विनय महतो (धीरज), रांची नगर निगम के उप महापौर नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता आरती कुजूर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा आरती सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष केके गुप्ता, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, ने नवसदस्यों को पार्टी का अंगवस्त्र व पुष्पमाला पहनाकर भाजपा परिवार में आत्मीय स्वागत किया।

### श्रद्धालुओं की भारी भीड़ व धीमी हुई रफ्तार से सड़क जाम



**रांची**। राजधानी के कांके रोड प्रेमसंस से लेकर गांधीनगर तक रविवार की दोपहर अवागमन करने वालो को भारी जाम का सामना करना पड़ा। दोपहर 1.30 बजे से ही अचानक लगे इस लंबे ट्रैफिक जाम के कारण सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिली। इस रोड के एक लेन में यातायात पूरी तरह से रेंगता हुआ नजर आया। इस भारी जाम में फसने की वजह इस्कॉन की ओर से निकाली जा रही भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा थी। वही दूसरी आसमान के काले बादल व भारी बारिश से राहगीरो के बीच व समस्या देखने को मिली। रथ यात्रा के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ, बलदेव व सुभद्रा जी के दर्शन के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रथ को खींचने व भगवान की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग कांके रोड पर इकट्ठा हुए थे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ व सड़क पर चल रहे उत्सव के कारण सुरक्षा व व्यवस्था के मद्देनजर इस रूट पर वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी हो गई थी। जाम की स्थिति को देखते हुए मौके पर ट्रैफिक पुलिस के जवान यातायात को सुचारू कराने के प्रयास में जुटे हुए थे।

### झारखंड आंदोलनकारी की मौत के लिए स्वास्थ्य मंत्री जिम्मेवारः प्रवीण प्रभाकर



**रांची**। आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले जामताड़ा में वरिष्ठ झारखंड आंदोलनकारी वं प्राचीन कोल आदिवासी कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उमानाथ कोल की सड़क दुर्घटना के बाद इलाज के अभाव में मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। उनकी मौत के लिए विभागीय मंत्री इरफान अंसारी स्वयं जिम्मेवार हैं। प्रवीण ने यह जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने की बजाय बयानबाजी में लगे रहते हैं। जामताड़ा जिले समेत पूरे राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं की हालत बदतर हो गई है। प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल वयोवृद्ध आंदोलनकारी उमानाथ कोल को जब फतेहपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, तो वहां न डॉक्टर मिले, न ही एंबुलेंस। उन्हें जामताड़ा रेफर कर दिया गया। इसके बाद रास्ते में उनकी मौत हो गई। इससे दो दिन पूर्व उचित चिकित्सा के अभाव में जामताड़ा सदर अस्पताल में एक प्रसूता की मौत हो गई, जिसका पर्दाफाश करने पर इरफान अंसारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे करवाए। प्रभाकर ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी अपने जिले में ही स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने में विफल रहे हैं, जिसके कारण आम जनता में आक्रोश है। जिले में स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के नाला विधानसभा में भी स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन धरातल पर कार्य नहीं दिख रहा। ये चिंता का विषय है।

# रांची में पहली बार इस्कॉन की तीन दिवसीय रथ यात्रा शुरू, श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ

एजेंसी। रांची

रांची में इस्कॉन की ओर से पहली बार आयोजित तीन दिवसीय भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव का शुभारंभ रविवार को भक्ति और उल्लास के माहौल में हुआ। लेक एवेन्यू, कांके रोड स्थित इस्कॉन मंदिर से निकली रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं ने हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन, भजन और नृत्य के साथ पूरे उत्साह से रथ यात्रा में भाग लिया। रथ यात्रा के शुभारम्भ से पूर्व भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मंगल आरती एवं विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जयंतनाथ शाहदेव और उनके पुत्र जीतेश नाथ शाहदेव ने परंपरा के अनुसार स्वर्ण झाड़ू से मार्ग का प्रतीकात्मक रूप से शुद्धिकरण किया। आरती के उपरांत रथ की



रस्सी खींचकर यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया गया। रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। संकीर्तन मंडलियों ने भजन, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। भक्तों ने भगवान को विभिन्न प्रकार के भोग अर्पित किए और आरती में भाग लेकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे मार्ग में "हरे कृष्ण, हरे राम" के जयघोष गूंजते रहे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी और बूंदी प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस्कॉन के महाप्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास ने बताया कि रांची में पहली बार आयोजित इस रथ यात्रा को श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इससे भी अधिक भव्य स्तर पर रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद ने लगभग 60 वर्ष पूर्व अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार रथ यात्रा की शुरुआत की थी। आज इस्कॉन के माध्यम से विश्व के 150 से अधिक देशों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली जाती है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, कांके विधायक सुरेश बैठा, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, उपमहापौर नीरज कुमार, लेक एवेन्यू सोसाइटी के सचिव मुकेश काबरा, अध्यक्ष विकास सिंह, वसंत बिहार के सचिव राजेश अग्रवाल, अर्जुन जालान, श्रवण जजोदिया, रवींद्र मोदी, अंचल किंगर, अनिल मोदी, रामावतार राजगढ़िया, विनोद मोदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। तीन दिवसीय उत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, संकीर्तन, प्रवचन और प्रसाद वितरण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# देबान्शी करेंगी ऑस्ट्रेलिया में एआई की पढ़ाई

एजेंसी। रांची

**रांची**। रांची की मेधावी छात्रा देबान्शी चक्रवर्ती उच्च शिक्षा के लिए अगस्त 2026 में ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगी। उन्हें प्रतिष्ठित न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय, सिडनी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में स्नातकोत्तर विज्ञान (एम.एस.) कार्यक्रम में प्रवेश मिला है। न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय, सिडनी ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों में शामिल है व विश्व स्तर पर भी इसकी प्रतिष्ठित पहचान है। क्यूएस विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग 2026 में न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय को ऑस्ट्रेलिया में प्रथम व विश्व स्तर पर 19वां स्थान प्राप्त हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय का चयन देबान्शी की शैक्षणिक प्रतिभा व मेहनत का प्रमाण है। देबान्शी चक्रवर्ती ने अपनी स्कूली शिक्षा लोरेटो कॉन्वेंट, रांची व डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल, रांची से प्राप्त की। अपने विद्यालय व



महाविद्यालय जीवन के दौरान उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न सह-पाठ्यक्रम व अतिरिक्त गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इन गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने कई पुरस्कार व सम्मान प्राप्त किए। उनकी बहुमुखी प्रतिभा, रचनात्मकता व विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय सहभागिता उनके व्यक्तित्व की विशेष पहचान रही है। देबान्शी के पिता डॉ एके चक्रवर्ती बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची में प्रोफेसर हैं, जबकि उनकी माता डॉ तनुश्री चक्रवर्ती रांची में चिकित्सक हैं। शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े परिवार में पली-बढ़ी देबान्शी ने अपनी प्रतिभा व परिश्रम से परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

# संत जेवियर्स कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को मिला प्रेरणा का संचार



एजेंसी। रांची

**रांची**। 1/3 कंपनी एनसीसी, संत जेवियर्स कॉलेज ने रविवार को अपने पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट दीपक कुमार ओमकारनाथ के साथ एक प्रेरणादायक संवाद सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसका उद्देश्य अनुशासन, नेतृत्व, देशभक्ति व राष्ट्र सेवा के मूल्यों को बढ़ावा देकर कैडेट्स को प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम की शोभा एएनओ कैप्टन डॉ. प्रिया श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति से बढ़ी। उन्होंने लेफ्टिनेंट दीपक कुमार ओमकारनाथ का स्वागत व अभिनंदन किया व उन्हें अपने पुराने संस्थान में पुनः आमंत्रित किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक जीवन के अनुभव साझा किए, कैडेट्स को एसएसबी की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया व नेतृत्व, सैन्य जीवन व सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए आवश्यक गुणों पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का समापन एक रोचक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस कार्यक्रम में कुल 70 एनसीसी कैडेट्स व 50 एनएसएस स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। यह कार्यक्रम एएनओ कैप्टन डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जो संस्थान की जिम्मेदार नागरिकों व राष्ट्र के भावी रक्षकों को तैयार करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# हॉकी झारखंड की नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित, भोलानाथ सिंह लगातार चौथी बार बने अध्यक्ष

एजेंसी। रांची

हॉकी झारखंड की 13वीं वार्षिक आमसभा रविवार को मोराबादी स्थित जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में संपन्न हुई। आमसभा में वर्ष 2026-2030 के कार्यकाल के लिए 11 सदस्यीय नई कार्यकारिणी समिति का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। भारतीय खेल नीति-2025 के प्रावधानों के तहत अंतरराष्ट्रीय खेल संघ में पदाधिकारी होने के कारण भोलानाथ सिंह लगातार चौथी बार हॉकी झारखंड के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं, मनोज कुमार प्रसाद (मनोज कोनबेगी) महासचिव और असरिता लकड़ा कोषाध्यक्ष चुनी गईं। आमसभा के दौरान राज्य में हॉकी के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड के 20 जिलों को प्रति जिला 65 हजार रुपये मूल्य के खेल किट वितरित किए गए। संगठन ने इसे जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक





रिपोर्ट, आय-व्यय का लेखा-जोखा, वित्तीय प्रतिवेदन, लेखा परीक्षक की नियुक्ति, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी सहित कुल आठ एजेंडों पर चर्चा हुई, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। चुनाव अधिकारी एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि सभी 11 पदों के लिए केवल एक-एक वैध नामांकन प्राप्त हुआ था। इसके कारण सभी उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। आमसभा में विजय शंकर सिंह को हॉकी झारखंड का डायरेक्टर जनरल भी नियुक्त किया गया। विजय शंकर सिंह ने संगठन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में झारखंड के 35 खिलाड़ियों ने भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया है। वर्तमान में राज्य के 15 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं, जबकि 20 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होकर देश का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह झारखंड में हॉकी के मजबूत ढांचे और लगातार किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हॉकी झारखंड खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में झारखंड को भारतीय हॉकी का मजबूत केंद्र बनाने के लिए सभी जिला इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। आमसभा में राज्य के सभी 24 जिलों के प्रतिनिधि, राज्य एथलीट समिति के सदस्य, पदाधिकारी तथा हॉकी से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मानदेय को लेकर महिला होमगार्ड के रोने की घटना चिंताजनक, सरकार जवाब दे : राफिया नाज़

एजेंसी। रांची

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज़ ने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में ड्यूटी के दौरान पांच महीने से मानदेय नहीं मिलने के कारण एक महिला होमगार्ड के फूट-फूटकर रो पड़ने की घटना को झारखंड सरकार की संवेदनहीनता का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक महिला होमगार्ड की पीड़ा नहीं, बल्कि राज्य के हजारों होमगार्ड जवानों की बदहाल स्थिति को उजागर करती है। रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में राफिया नाज़ ने कहा कि अस्पताल परिसर में महिला होमगार्ड ने यह कहते हुए अपनी व्यथा व्यक्त की कि यदि मानदेय नहीं मिला तो परिवार का गुजारा मुश्किल हो जाएगा। गंभीर बीमारी के बावजूद इलाज कराने में असमर्थता जताना इस बात का प्रमाण है कि सरकार अपने सुरक्षा कर्मियों की मूलभूत आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं कर पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इसी महीने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में मानदेय नहीं मिलने और आर्थिक तंगी से परेशान एक महिला होमगार्ड ने आत्महत्या का प्रयास किया गया था। इसके बावजूद सरकार ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार के लिए



होमगार्ड जवानों का सम्मान और उनका जीवन प्राथमिकता में नहीं है।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 2024 में झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद सरकार ने होमगार्ड जवानों का दैनिक मानदेय बढ़ाने की घोषणा की थी, लेकिन आज भी बड़ी संख्या में जवानों का भुगतान महीनों से लंबित है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि यदि न्यायालय के निर्देशों का पालन किया जा रहा है, तो लंबित मानदेय का जिला-वार विवरण सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा। राफिया नाज़ ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने होमगार्ड जवानों को सेवा सुरक्षा, सम्मान और स्थायी रोजगार की दिशा में ठोस पहल का भरोसा दिया था, लेकिन आज स्थिति यह है कि जवान अपने ही मेहनताने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। न उन्हें समय पर भुगतान मिल रहा है और न ही उनके भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट नीति बनाई गई है। राफिया नाज़ ने कहा कि होमगार्ड जवानों की स्थिति राज्य सरकार की व्यापक प्रशासनिक विफलता को भी उजागर करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर मंईयां सम्मान योजना में लाभार्थियों के नाम जोड़ने और हटाने को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर विधवा, दिव्यांग और वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी भी समय पर भुगतान नहीं मिलने से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांग और होमगार्ड अपने अधिकारों के लिए भटक रहे हैं, जबकि सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है। भाजपा प्रवक्ता ने मांग की कि सभी होमगार्ड जवानों का लंबित मानदेय तत्काल जारी किया जाए, न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप संशोधित मानदेय का नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाए, होमगार्ड जवानों की सेवा सुरक्षा के लिए स्पष्ट नीति बनाई जाए और चुनाव के दौरान किए गए वादों को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस सरकार में वर्दी पहनकर राज्य की सुरक्षा करने वाला जवान अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए रोने को मजबूर हो जाए, उस सरकार के संवेदनशील होने के सभी दावे स्वतः समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता अब केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि जवाबदेही और न्याय चाहती है।

## डिप्रेशन से जूझ रही महिला नग्न होकर पहुंच गई मंदिर, तालाब में कूदकर दी जान



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां मियापुर इलाके में मानसिक रूप से परेशान 25 वर्षीय पूर्व महिला तकनीशियन ने शनिवार को एक मंदिर के तालाब में कूदकर अपनी जान दे दी।

पुलिस जांच में सामने आया है कि पीड़िता (मृतक महिला) और उसकी मां दोनों गंभीर मानसिक तनाव व भय से पीड़ित थीं। पीड़िता के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवादों के कारण, पिता विशाखापत्तनम में रहते हैं। वहीं पीड़िता और उसकी मां हैदराबाद के पीरजादिगुडा में रह रही थी।

**क्या है पूरा मामला?:** 17 जुलाई को वह और उसकी मां शहर के मियापुर में एक डबल बेडरूम अपार्टमेंट खरीदने के इरादे से देखने गए थे। घर लौटने के बाद वे अलग-अलग कमरों में सोए। बाद में मृत महिला ने अपनी मां के कमरे को बंद कर दिया और नग्न अवस्था में पास के ही एक मंदिर पहुंच गई और वहां स्थित तालाब में कूदकर जान दे दी।

**पुलिस ने तालाब से निकाला शव:** पुलिस को शनिवार सुबह घटना की सूचना मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तालाब से शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद शव महिला की मां को सौंप दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला के पिता को घटना की जानकारी दे दी गई है। मामले की जांच जारी है। हेल्पलाइन यदि आप भी किसी तरह की मानसिक परेशानी से जूझ रहे हैं या फिर ऐसी समस्या झेल रहे किसी शख्स को आप जानते हैं तो नीचे दी गई जानकारी मददगार साबित हो सकती है। सरकार की हेल्पलाइन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से संपर्क किया जा सकता है।

## हिमाचल में एमआईएस के तहत सेब बिक्री के लिए पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश ने सरकार मंडी मध्यस्थता योजना (एमआइएस) के तहत बड़ा बदलाव किया है। सेब खरीद की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने बागबानों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। पंजीकरण की प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बीते रोज इसके लिए एप लांच की थी। बागवान स्वयं भी इस एप के माध्यम से पंजीकरण करवा सकते हैं।

इसके अलावा लोक मित्र केंद्र, बागबानी विभाग के कार्यालय व पंचायत सचिव के पास यह पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के लिए जमीन दस्तावेज दिखाना अनिवार्य होगा। एमआइएस के तहत बीते साल पेश आई कथित गड़बड़ियों के बाद पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सरकार ने यह निर्णय लिया है। जिस बागवान का पंजीकरण होगा, सेब खरीद उसी से की जाएगी। इसके लिए नियम फाइनल कर दिए हैं। 20 जुलाई को होने वाली कैबिनेट मीटिंग में अंतिम फैसला होगा। राज्य सरकार का सेब खरीद के लिए यह दूसरा बड़ा बदलाव है। दो साल पूर्व राज्य सरकार ने सेब खरीद के लिए यूनिवर्सल कार्टन की व्यवस्था को लागू किया था। उस वक्त भी काफी ज्यादा विरोध हुआ था। सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन लागू किया जिससे बागबानों को फायदा मिल रहा है। नई व्यवस्था को लागू करने का मकसद भी योजना में पारदर्शिता लाना है। बागबानों को भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। एचपीएमसी एमआइएस के तहत बागबानों से निम्न गुणवत्ता (सी-ग्रेड) का सेब खरीदता है। सी ग्रेड सेब को ओपन मार्केट में खरीददार नहीं मिल पाते। अभी तक सरकार पंचायत स्तर पर तीन से चार कलेक्शन सेंटर बनाती थी बागबान वहां पर अपने सेब को बेच सकते थे।

### मानसून सत्र से पहले सियासी उलटफेर

# उद्धव के छह सांसदों का शिवसेना में विलय को मंजूरी, टीएमसी के 20 बागी सांसद बैठेंगे अलग



**मुंबई, एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों के शिवसेना (शिंदे) में विलय को मंजूरी दे दी है। साथ ही शिवसेना की ताकत 13 सांसदों की हो गई है। लोकसभा अध्यक्ष ने तृणमूल कांग्रेस से अलग होकर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी आफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल होने वाले 20 सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था को भी मंजूरी दे दी है।

**अपनी पार्टी से अलग बैठेंगे टीएमसी से बागी सांसद:** तृणमूल से बगावत करने वाले 20 सांसद अपनी मूल पार्टी से अलग बैठेंगे। बागी तृणमूल सांसदों की एनसीपीआई के हिस्से के तौर पर मान्यता दिए जाने की मांग पर अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। यह मामला अभी विचाराधीन है। तृणमूल और शिवसेना (यूबीटी) ने विद्रोही सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग की थी। विद्रोही तृणमूल सांसदों के रविवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक में शामिल होने की भी संभावना है। लोकसभा अध्यक्ष ने इससे पहले तृणमूल के नेता अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल और पार्टी के अलग हुए गुट से मुलाकात की थी।

### उद्धव गुट के शिवसेना का कैसा हाल?

शिवसेना (यूबीटी) के मामले में भी ऐसी ही प्रक्रिया अपनाई गई थी। सूत्रों के मुताबिक, संसद के कानूनी और संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा किया गया और उन्होंने स्पीकर को निर्णय लेने के लिए अपनी राय दी।

सूत्रों ने बताया कि फैसले लेने से पहले इसी तरह की स्थितियों में लोकसभा के पूर्व अध्यक्षों और राज्यसभा के पूर्व सभापतियों द्वारा लिए गए निर्णयों का भी अध्ययन किया गया। साथ ही संवैधानिक और कानूनी पहलुओं पर भी गौर किया गया।

कांग्रेस द्वारा द्रमुक के साथ दशकों पुराना गठबंधन तोड़कर मुख्यमंत्री जोसेफ विजय की टीवीके से हाथ मिलाने के बाद द्रविड़ पार्टी ने भी अपने पूर्व सहयोगी से अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा इस मांग को भी स्वीकार किए जाने की संभावना है।

### उद्धव ने नागपुर के राममंदिर में किया राम रक्षा स्तोत्र का पाठ

दूसरी ओर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के गृह क्षेत्र और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गढ़ नागपुर के राम नगर स्थित ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर पहुंचकर शनिवार को उद्धव ठाकरे ने राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया।

पूजा-अर्चना और महाआरती के बाद मंदिर परिसर के बाहर जनसभा को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने भाजपा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और संघ प्रमुख मोहन भागवत पर तीखा हमला बोला।

ठाकरे ने अपने संबोधन में भाजपा के हिंदुत्व पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर निर्माण से जुड़े कथित घोटालों और चंदे की हेराफेरी के आरोपों का जिक्र करते हुए भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि शिवसेना ने राज्य में 'रामरक्षा' (राम की सुरक्षा) मुहिम इसलिए शुरू की है ताकि हिंदुओं को अंधभक्ति से जगाया जा सके। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज प्रभु श्रीराम के नाम पर राजनीति करने वाले खुद को हिंदुत्व का ठेकेदार समझते हैं, लेकिन असल में वे केवल सत्ता के भूखे हैं। संजय राउत ने इस कार्यक्रम के लिए आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भी विशेष निमंत्रण भेजा था।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर 20 जुलाई को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट, एसआइटी सौंपेगी स्टेटस रिपोर्ट



**अयोध्या, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी की निष्पक्ष और तय समय-सीमा के भीतर जांच की मांग करने वाली कई याचिकाओं पर 20 जुलाई को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की सूची के अनुसार, इस मामले से जुड़ी चार अलग-अलग याचिकाओं पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ सुनवाई करेगी। 13 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमति व्यक्त की थी। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी को निर्देश दिया था कि वह उसके समक्ष स्टेटस रिपोर्ट पेश करे। अदालत ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भी नोटिस जारी कर इस मामले में उसका जवाब मांगा था। बता दें कि मामले में मुख्य पक्षकारों में से एक रहे निर्मोही अखाड़ा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अखाड़े ने केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की मांग की है कि राम मंदिर का कामकाज संभालने वाले 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' का पुनर्गठन करके इसे पूरी तरह से एक 'पब्लिक ट्रस्ट' बनाया जाए।

## हैदराबाद में हाई-स्पीड ट्रेन हब के विरोध में पुलिस पर पथराव, महिलाओं ने फेंका मिर्ची पाउडर, कई हिरासत में



**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के शमशाबाद इलाके में शनिवार को उस समय भारी तनाव फैल गया, जब प्रस्तावित हाई-स्पीड ट्रेन हब के लिए 650 एकड़ जमीन की बाड़बंदी करने पहुंची टीम का स्थानीय लोगों और किसानों ने भारी विरोध किया।

प्रदर्शनकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों और अधिकारियों पर पथराव किया और मिर्ची पाउडर भी फेंका। इस हंगामे के बाद पुलिस ने कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया है।

**अब समझिए क्यों हुआ हंगामा?:** दरअसल, सरकार ने शमशाबाद में हाई-स्पीड ट्रेन हब बनाने के लिए 650 एकड़ सरकारी जमीन की पहचान की है। शनिवार सुबह जब राजस्व विभाग और 'हाइड्रा' की टीम इस जमीन पर बाड़ लगाने पहुंची, तो स्थानीय किसान और ग्रामीण विरोध पर उतर आए। देखते ही देखते प्रदर्शन उग्र हो गया और पुलिस के साथ झड़प शुरू हो गई। इसी बीच एक किसान बेहोश भी हो गया।

**आईपीएस अधिकारी पर फेंका मिर्ची पाउडर:** पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने पुलिस टीम पर मिर्ची पाउडर फेंका। हालांकि, कोई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है, लेकिन चेवेल्ला के पुलिस उपायुक्त योगेश गौतम समेत दो पुलिसकर्मियों के कपड़ों और चेहरे पर मिर्ची पाउडर गिर गया। डीसीपी ने तुरंत पानी से अपना चेहरा और आंखें धोईं। अधिकारियों ने साफ किया है कि वह सुरक्षित हैं।

**अब समझिए किसानों का पक्ष और सरकार का दावा:** बता दें कि इस पूरे मामले में किसानों का कहना है कि भले ही उनके पास इस जमीन के मालिकाना हक के कागज नहीं हैं, लेकिन वे सालों से इस पर खेती कर रहे हैं। यही उनकी रोजी-रोटी का जरिया है, इसलिए सरकार उनकी जमीन न छीने।

वहीं दूसरी ओर राजस्व विभाग के अधिकारी ने साफ किया कि यह पूरी 650 एकड़ जमीन सरकारी है। किसान जिस नक्शे का हवाला दे रहे हैं, वह सरकारी रिकॉर्ड में मान्य नहीं है। गौरतलब है कि हाल ही में केंद्र सरकार ने हैदराबाद को पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु से जोड़ने के लिए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की है।

## दो दिन की तलाश के बाद परिवार से मिली आंध प्रदेश की बुजुर्ग महिला, जबलपुर स्टेशन पर ट्रेन छूटने से बिछड़ी थीं





**अमरावती, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश जा रही 74 वर्षीय महिला ट्रेन से उतरने के बाद जबलपुर स्टेशन पर अपने परिवार से बिछड़ गई। करीब दो दिन तक चली तलाश के बाद रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने महिला को सकुशल ढूंढकर उसके स्वजन से मिला दिया।

भावुक पल में स्वजन ने महिला को गले लगाते हुए आरपीएफ और मददगार युवकों का आभार जताया। इस दौरान आरपीएफ ने स्टेशन सहित आसपास के सैकड़ों कैमरों की फुटेज खंगाली। 50 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की उसके बाद महिला को ढूंढा जा सका।

आंध्र प्रदेश के ईस्ट गोदावरी जिले के मारेदुमल्ली मंडलम निवासी बी शेट्टी नागमणि अपने परिवार के पांच सदस्यों के साथ ट्रेन क्रमांक 02552 बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस के बी-2 कोच में सवार होकर विजयवाड़ा से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन जा रही थीं।

गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि लगभग दो बजे ट्रेन जबलपुर स्टेशन पहुंची, जहां महिला किसी कारणवश नीचे उतर गईं। इसी दौरान ट्रेन रवाना हो गई और वह स्टेशन पर ही रह गईं। अगली सुबह स्वजन ने सीट पर महिला को नहीं पाया तो आरपीएफ को सूचना दी।

जबलपुर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें महिला ट्रेन जाने के बाद रात को सवा दो बजे मुख्य स्टेशन के प्लेटफार्म पर कटनी एंड पर नजर आई। यहां यार्ड और आसपास लगातार तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। फिर शहर पुलिस की मदद से विभिन्न स्थानों के कैमरे भी खंगाले गए।

आरपीएफ ने इंटरनेट पर महिला का फोटो प्रसारित किया गया। इसके बाद महिला को रेल नंबर एक, दो, तीन और सदर चौपाटी के पास देखे जाने का पता चला। हर जगह जाकर आरपीएफ ने पूछताछ की।

## मणिपुर में छह नगा नागरिकों की हत्या मामले में दो और आरोपित गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** नगा समुदाय के छह लोगों की हत्या के दो और आरोपितों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अगुवाई में सुरक्षा अधिकारियों की एक टीम ने शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि नगा समुदाय के छह लोगों के अपहरण और हत्या की जांच के बाद एनआईए, मणिपुर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान लेइलोन वैफेई गांव के निवासी लुंगौला वैफेई और कुकी-बहुल कांगपोकपी जिले के निवासी लुनमिंथंग सिथलौ (उर्फ जैक) के तौर पर हुई है। इससे पहले, 10 जुलाई को एनआईए ने लेइलोन वाइफेई से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था। मामले से जुड़े अन्य लोगों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। लेइलोन वैफेई गांव के पास 10 जून को नगा समुदाय के छह नागरिकों के शव मिले जिसके बाद नगा और मैतेयी समुदायों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया।



## कनाडा भागने की फिराक में था गैंगस्टर, अमेरिका बॉर्डर पर जग्गू भगवानपुरिया गैंग का नितिश कौशल गिरफ्तार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के कुख्यात जग्गू भगवानपुरिया गिरोह से जुड़े नितिश कौशल उर्फ लाला को कनाडा भागने की कोशिश के दौरान अमेरिका की सीमा पर गिरफ्तार कर लिया गया।

अमेरिकी सीमा सुरक्षा अधिकारियों ने उसे वर्मोंट राज्य में कनाडा सीमा से करीब एक मील पहले पकड़ लिया। उसकी गिरफ्तारी का पूरा घटनाक्रम अमेरिका की जिला अदालत में दाखिल हिरासत संबंधी दस्तावेजों से सामने आया है। दस्तावेजों के अनुसार 16 जुलाई की रात नितिश कौशल ने सीमा से कुछ दूरी पहले अपनी कार छोड़ दी और पैदल कनाडा के क्यूबेक प्रांत में प्रवेश करने का प्रयास किया। कनाडा के सुरक्षा अधिकारियों ने संदिग्ध गतिविधि देखकर अमेरिकी अधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के समय उसने न्यू जर्सी का फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस दिखाकर अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की, लेकिन उंगलियों के निशान और शरीर पर बने शेर के टैटू से उसकी पहचान उजागर हो गई।

## 'संसद चलो' मार्च से पहले सुरक्षा कड़ी, जगह-जगह बैरिकेडिंग; पुलिस ने बढ़ाई निगरानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र के पहले दिन 20 जुलाई को प्रस्तावित कॉकरोच जनता पार्टी के 'संसद चलो' मार्च को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया है।

नई दिल्ली जिले समेत कई संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रमुख मार्गों पर बैरिकेड लगाए गए हैं, वाहनों की सघन जांच की जा रही है और सीसीटीवी के जरिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, संसद सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च स्तर पर रहेगी। इसी कारण नई दिल्ली, मध्य दिल्ली और उत्तर दिल्ली के कई हिस्सों में चौबीसों घंटे निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। राजधानी के हाई-सिक्योरिटी जोन में प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

### बिना अनुमति संसद की ओर मार्च नहीं

दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संसद भवन की ओर किसी भी तरह के अनधिकृत मार्च की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, CJP की ओर से अब तक औपचारिक अनुमति के लिए आवेदन नहीं किया गया है। वहीं, संसद सत्र के दौरान लागू सुरक्षा प्रोटोकॉल को देखते हुए अनुमति मिलने की संभावना भी बेहद कम मानी जा रही है।

### इन इलाकों में सुरक्षा बढ़ाई गई

जंतर-मंतर, संसद मार्ग, सेंट्रल विस्टा, शंकर चौक, कनॉट प्लेस और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। पुलिस ने अतिरिक्त रिजर्व बल को भी तैयार रखा है। लगातार गश्त के साथ कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है और गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है।

**सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती:** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, जो 28 जून से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर थे, की तबीयत बिगड़ने के बाद शनिवार को उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि यह कदम उनकी स्वास्थ्य स्थिति और अदालत के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया।

### अभिजीत दीपके ने संभाली आंदोलन की कमान

वांगचुक के अस्पताल पहुंचने के बाद के संस्थापक अभिजीत दीपके ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि संगठन का 'संसद चलो' कार्यक्रम तय समय पर आयोजित किया जाएगा। वहीं, वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने भी कहा कि जरूरत पड़ने पर वह स्वयं मार्च में शामिल होंगी।

### इन मुद्दों को लेकर चल रहा है आंदोलन

आंदोलन से जुड़े लोग शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा में पेपर लीक के आरोप की ऑनलाइन मूल्यांकन प्रणाली से जुड़ी शिकायतों और अन्य शिक्षा संबंधी मुद्दों पर जवाबदेही तय करने की मांग उठाई है। इसके साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी आंदोलन का प्रमुख हिस्सा है।

## एक घंटे में दे दूंगा इस्तीफा, अभिषेक बनर्जी ने TMC के बागी नेताओं को ममता के खेमे में लौटने की चुनौती दी

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस (ममता गुट) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पार्टी छोड़ने के बाद तृणमूल की आलोचना करने वाले नेताओं को बड़ी चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि यदि उनमें साहस है तो दोबारा ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी में लौट आएं। यदि ऐसा होता है तो वे एक घंटे के अंदर अपना संगठनात्मक पद से इस्तीफा दे देंगे। अभिषेक ने कहा कि पार्टी छोड़ने वाले कई नेताओं ने भाजपा से समझौता कर लिया है, ताकि उन्हें ईडी-सीबीआई और अन्य जांच एजेंसियों से राहत मिल सके, इसीलिए वे तृणमूल व उनके खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। यदि किसी ने कोई गलत काम नहीं किया है तो उसे जांच का सामना करना चाहिए।

**अभिषेक बनर्जी ने दिया अपना उदाहरण:** ईडी-सीबीआई का जिक्र करते हुए अभिषेक बनर्जी ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें स्वयं कई बार विभिन्न एजेंसियों ने तलब किया है और उनके खिलाफ इतनी प्राथमिकी दर्ज हैं कि उन्होंने उच्च न्यायालय से सभी मामलों की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। इसके बावजूद वह कभी जांच से नहीं भागे। उनके लिए ईडी-सीबीआई से सुरक्षा नहीं, बल्कि जनता का विश्वास और समर्थन सबसे बड़ा संरक्षण है।

**केवल जनता के सामने झुकाऊंगा सिर- अभिषेक:** अभिषेक बनर्जी ने आगे कहा कि वे लोकतंत्र में केवल जनता के सामने सिर झुकाएंगे, दिल्ली में बैठे शक्तिशाली लोगों के सामने नहीं। उन्होंने कहा कि यदि 2024 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल की जीत का श्रेय उन्हें दिया जाता है, तो वह कमियों की जिम्मेदारी लेने के लिए भी तैयार हैं। अपने बयान में अभिषेक बनर्जी ने घोषणा की है कि 21 जुलाई के कार्यक्रम से पहले जो भी नेता या कार्यकर्ता पार्टी में वापस लौटना चाहते हैं, उनके लिए दरवाजे खुले हैं और उन्हें सम्मानपूर्वक वापस लिया जाएगा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### वैष्णो देवी मंदिर -20-30 करोड़ की असली, बाकी नकली? जवाब तलाश रही जांचे

हाल ही में मंदिर प्रबंधन की ओर से यह दावा किया गया था कि चढ़ावे के रूप में लगभग 550 करोड़ रुपये की चांदी प्राप्त हुई थी, जिसमें से केवल 20 से 30 करोड़ रुपये की चांदी ही असली थी, जबकि शेष चांदी नकली या मिलावटी थी। करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास पर बने मंदिरों में वित्तीय अनियमितताओं की परतें अब सिलसिलेवार खुलने लगी हैं। अयोध्या स्थित राम मंदिर और बद्रीनाथ धाम के बाद जम्मू के माता वैष्णो देवी मंदिर में चांदी के चढ़ावे में बड़े पैमाने पर हेराफेरी के आरोप लगे हैं। इस मामले में पुलिस की जांच प्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। यही वजह है कि अब स्थानीय अदालत ने पुलिस को शिकायत के संबंध में पूरा ब्योरा पेश करने का निर्देश दिया है ।ऐसे में अहम सवाल यह है कि आखिर क्या वजह है कि मंदिर प्रबंधन के जिन लोगों पर वित्त की निगरानी, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और इसकी संपत्तियों की रक्षा करने का दायित्व होता है, या तो उनके लिए इन जिम्मेदारियों का कोई महत्त्व नहीं होता या फिर वे खुद ही कठघरे में खड़े दिखाई देते हैं! जाहिर है कि व्यापक साठगांठ के बिना यह सब संभव नहीं हो सकता है ।माता वैष्णो देवी मंदिर में पाँच सौ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चांदी के चढ़ावे में हेराफेरी का आरोप है। इस मामले में पुलिस को शिकायत दी गई थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट पर ही सवाल उठने के बाद मामला अदालत पहुंच गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि पुलिस की रिपोर्ट में इस बात का कोई जिक्र नहीं है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई या नहीं, और न ही श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए करीब बीस टन चांदी के संबंध में लगे आरोपों की कोई सार्थक या विस्तृत जांच की गई ।दरअसल, हाल ही में मंदिर प्रबंधन की ओर से यह दावा किया गया था कि चढ़ावे के रूप में लगभग 550 करोड़ रुपये की चांदी प्राप्त हुई थी, जिसमें से केवल 20 से 30 करोड़ रुपये की चांदी ही असली थी, जबकि शेष चांदी नकली या मिलावटी थी। इस दावे पर इसलिए भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि चढ़ावे की चांदी में कैडमियम मिले होने की बात सामने आई है। चूंकि कैडमियम एक विषैली धातु है और इसका व्यापार एवं उपयोग नियमानुसार ही किया जा सकता है तथा इस पर सरकार की कई एजेंसियों की नजर रहती है ।इस मामले में आरोपों को इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है, क्योंकि प्रथमदृष्टया यह विश्वास करना मुश्किल है कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कैडमियम युक्त नकली चांदी खरीद सकते हैं। अगर मंदिर प्रबंधन का यह दावा सच पाया जाता है।

### जेल से गिरोह चलाने का सिलसिला पुराना, लॉरेंस बिश्नोई मामले ने खोली सुरक्षा तंत्र की पोल

उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने हथियारों की तस्करी के एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसे दिल्ली की तिहाड़ जेल से संचालित किया जा रहा था। यह विचित्र बात है कि जेल में बंद होने पर भी कुख्यात कैदी अपने गिरोह के जरिए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहते हैं और कारागार प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लग पाती है! मामला चाहे नशीले पदार्थों के काले कारोबार का हो, रंगदारी वसूलने एवं लक्षित हत्या का हो या फिर अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का, ऐसी तमाम वारदात की साजिश सलाखों के पीछे रहते हुए रचे जाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने हथियारों की तस्करी के एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसे दिल्ली की तिहाड़ जेल से संचालित किया जा रहा था। गिरोह के तीन तस्करों की गिरफ्तारी के बाद यह खुलासा हुआ है। इस गिरोह का जाल इतना बड़ा था कि वे दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में हथियारों की खेप पहुंचाते थे। सवाल है कि जेल में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच कोई कैदी किस तरह गिरोह को चलाता है और उसे दिशा-निर्देश देता है ।गौरतलब है कि जेल में बंद किसी कैदी की ओर से अपने गिरोह के जरिए रंगदारी, फिरौती और हत्या को अंजाम देने जैसे मामले पहले भी कई बार सामने आ चुके हैं। बावजूद इसके अभी तक ऐसा कोई तंत्र विकसित नहीं किया जा सका, जिससे ऐसे कैदियों की गतिविधियों पर स्थायी रूप से अंकुश लगाया जा सके ।पिछले दिनों अमेरिका के न्याय विभाग ने अपने आरोपपत्र में गुजरात की जेल में बंद कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। जाहिर है कि जेल कर्मियों की लापरवाही या फिर मिलीभगत के बिना यह सब संभव नहीं हो सकता। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या एक ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने की जरूरत नहीं है।

*भाजपा पंजाब में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ेगी। इस दौरे का दूसरा बड़ा आयाम रविदासिया समाज तक पहुंच बनाना है। प्रधानमंत्री इससे पहले भी गुरु रविदास जयंती पर डेरा सचखंड बल्लां पहुंच चुके हैं। जालंधर और पूरा दोआबा क्षेत्र रविदासिया समुदाय का प्रभावशाली राजनीतिक केंद्र माना जाता है,*

## पंजाब में कांग्रेस को आपसी खींचतान में उलझा देख भाजपा ने मोदी को आगे कर पलट दी बाजी

**(नीरज कुमार दुबे)**

प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे का दूसरा बड़ा आयाम रविदासिया समाज तक पहुंच बनाना है। प्रधानमंत्री इससे पहले भी गुरु रविदास जयंती पर डेरा सचखंड बल्लां पहुंच चुके हैं। जालंधर और पूरा दोआबा क्षेत्र रविदासिया समुदाय का प्रभावशाली राजनीतिक केंद्र माना जाता है। पंजाब में विधानसभा चुनावों से पहले का राजनीतिक परिदृश्य बड़ा हैरान कर देने वाला है। एक ओर सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी अपनी नाकामियों और तमाम तरह के आरोपों का सामना कर रही है, वहीं खुद को सत्ता की प्रबल दावेदार मान रही कांग्रेस में एकाएक जबरदस्त आपसी खींचतान मच गयी है। साथ ही पंजाब में कई बार राज कर चुका शिरोमणि अकाली दल अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है तो वहीं राज्य में पहली बार अपने दम पर सभी विधानसभा सीटों पर लड़ने का ऐलान कर चुकी भाजपा ने मौका देख कर अपनी चुनावी रणनीति को नई धार दे दी है। हम आपको बता दें कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाकर विकास, धार्मिक-सामाजिक समीकरणों और नए राजनीतिक संदेश के सहारे अपनी जमीन मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जालंधर दौरे पर आ रहे हैं। उनका दौरा केवल विकास परियोजनाओं के उद्घाटन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे 2027 की चुनावी बिसात का स्पष्ट राजनीतिक संदेश छिपा है। भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी का पंजाब दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब राज्य की राजनीति सतलुज फिल्म विवाद से गर्माई हुई है। इस पूरे विवाद में भाजपा सबसे अधिक राजनीतिक दबाव में दिखाई दी। पार्टी लगातार यह कहती रही कि फिल्म को ओटीटी मंच से हटाने में उसकी कोई भूमिका नहीं है, लेकिन विपक्ष ने पूरे विवाद का राजनीतिक ठीकरा भाजपा पर ही फोड़ दिया। भाजपा के भीतर भी मतभेद खुलकर सामने आए। केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने फिल्म को पंजाब की त्रासदी का एकतरफा चित्रण बताते हुए इसकी आलोचना की और कहा कि इसमें आतंकवाद की पृष्ठभूमि तथा पुलिसकर्मियों के बलिदान की अनदेखी की गई है। दूसरी ओर वरिष्ठ भाजपा नेता इकबाल सिंह लालपुरा ने सार्वजनिक रूप से बिट्टू को अपनी सीमाओं में रहने की सलाह दी। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने भी माहौल शांत करने की अपील करते हुए कहा कि पंजाब ने बहुत खून-खराबा देखा है, इसलिए पुराने जख्मों को कुरेदने की बजाय शांति और जिम्मेदार संवाद की जरूरत है। पार्टी के भीतर यह स्वीकार किया जा रहा है कि फिल्म कांग्रेस शासनकाल की घटनाओं पर आधारित होने के बावजूद राजनीतिक जवाब भाजपा को देना पड़ रहा है। ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री मोदी का विकास एजेंडा भाजपा के लिए राजनीतिक नैरेटिव बदलने का प्रयास माना जा रहा है। जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का उद्घाटन, मोहाली, श्री मुक्तसर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब समेत कई रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण केवल आधारभूत ढांचे का विस्तार नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश भी है कि भाजपा पंजाब में विकास की राजनीति को केंद्र में रखना चाहती है। साथ ही यह भी तय माना जा रहा है कि भाजपा पंजाब में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ेगी। इस दौरे का दूसरा बड़ा आयाम रविदासिया समाज तक पहुंच बनाना है। प्रधानमंत्री इससे पहले भी गुरु रविदास जयंती पर डेरा सचखंड बल्लां पहुंच चुके हैं। जालंधर और पूरा दोआबा क्षेत्र रविदासिया समुदाय का प्रभावशाली राजनीतिक केंद्र माना जाता है, जहां अनुसूचित जाति मतदाता चुनावी परिणाम तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आनंदपुर साहिब और मोहाली जैसे धार्मिक एवं शहरी क्षेत्रों को भी इस दौरे में शामिल करना भाजपा की व्यापक सामाजिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। श्री मुक्तसर साहिब का चयन भी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल का गृह जिला है। हम आपको बता दें कि भाजपा पहले ही 2027 का चुनाव अपने दम पर लड़ने का ऐलान कर चुकी है, हालांकि उसने गठबंधन के विकल्प पूरी तरह बंद भी नहीं किए हैं। ऐसे में विकास और सामाजिक आउटरीच के जरिए पार्टी अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान मजबूत करने की कोशिश कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि उसका अपना संगठन बन गया है। लंबे समय से चली आ रही गुटबाजी के बावजूद पार्टी हाईकमान ने अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखने का फैसला किया है। पार्टी का आकलन है कि विधानसभा चुनाव से पहले नेतृत्व परिवर्तन संगठन को कमजोर कर सकता है। कांग्रेस सूत्रों का दावा है कि राज्य के 29 में से 25 जिला अध्यक्ष, सात में से चार सांसद और 18 में से 10 विधायक वड़िंग के साथ हैं। पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने भी स्पष्ट संकेत दिया कि फिलहाल यथास्थिति ही बनी रहेगी और मीडिया में चल रही अटकलों पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि यह फैसला कांग्रेस के भीतर नई खींचतान का कारण बन गया है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बनाकर शक्ति संतुलन बनाने की कोशिश की गई, लेकिन चन्नी समर्थक इसे पर्याप्त नहीं मानते। उनका तर्क है कि चुनाव अभियान का नेतृत्व करने और पंजाब में पार्टी का प्रमुख चेहरा बनने के बाद चन्नी को अधिक अधिकार मिलने चाहिए थे। वरिष्ठ नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत कई नेता भी वड़िंग के नेतृत्व पर सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि लोकतांत्रिक दल में मतभेद स्वाभाविक हैं और समय आने पर असंतुष्ट नेताओं को साथ लेकर चलने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन फिलहाल संगठन में स्थिरता सबसे बड़ी प्राथमिकता है। बहरहाल, स्पष्ट है कि पंजाब की राजनीति अब केवल विकास बनाम विपक्ष की लड़ाई नहीं रह गई है। भाजपा अतीत की बहसों से निकलकर विकास, रेलवे परियोजनाओं और रविदासिया समाज के जरिए नया राजनीतिक विमर्श गढ़ना चाहती है, जबकि कांग्रेस अपने ही संगठनात्मक संकट से जूझते हुए एकजुटता बचाने में लगी है। इस बीच, सतलुज विवाद ने पंजाब के पुराने जख्मों को फिर से राजनीतिक बहस के केंद्र में ला दिया है, लेकिन असली मुकाबला इस बात का होगा कि 2027 तक कौन-सी पार्टी जनता के सामने सबसे विश्वसनीय राजनीतिक कथा स्थापित कर पाती है। फिलहाल भाजपा विकास और सामाजिक समीकरणों के सहारे नई जमीन तलाश रही है, जबकि कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी परीक्षा अपने घर की कलह पर नियंत्रण पाने की है। पंजाब की चुनावी बिसात बिछ चुकी है और आने वाले महीनों में यही दोनों ध्रुव राज्य की राजनीति की दिशा तय करेंगे क्योंकि आम आदमी पार्टी के प्रति बढ़ती नाराजगी को देखते हुए सत्ता से उसकी विदाई तय मानी जा रही है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

## मन के विचार और कर्मों का फर्क समझिए, हर दिखने वाली चीज का मतलब गलत नहीं होता

**(अमिताभ स)**

हर व्यक्ति में पूर्ण क्षमता है, चाहे तो वह कल्पना से भी ज्यादा नीचे गिर जाए और चाहे जितना भी ऊपर उठ जाए। ऊपर उठने की राह मेहनत और सही सोच से बनती है। एक दिन एक बच्चा अपने पिता के साथ बाजार गया। बाजार में चलते-फिरते उसकी नजर खिलौनों की दुकान पर पड़ी। दुकान के बाहर ही प्लास्टिक की एक बंदूक सजी लटक रही थी। बंदूक देख कर उससे रहा नहीं गया। वह अपने पिता से बंदूक लेने की जिद करने लगा। काफी देर तक टालने और मना करने पर भी न मानने के बाद पिता ने उसे बंदूक खरीद दी। वह बच्चा घर पहुंचा, तो उसने सबसे पहले अपनी मां को बंदूक दिखाई और बोला, 'ममी, इस बंदूक पर मेरे सपने टिके हैं!' सुन कर मां घबरा गई कि बेटा क्या कह रहा है। वह सोचने लगी कि कहीं उसका बच्चा बड़ा होकर चोर-डकैत तो नहीं बन जाएगा! फिर शाम होते ही वह अपनी खिलौना-बंदूक लेकर गली-मुहल्ले के अपने यार-दोस्तों पर रोब जमाने लगा। एक मित्र ने समझाया, 'यार, बंदूक भी कोई पसंद करता है? यह किस काम की है? कुछ लेना ही था, तो क्रिकेट का बल्ला और गेंद लेता। खेलते-खेलते खिलाड़ी बन जाता।' फिर उसने साफ-साफ पूछा, 'भई, तुमने बंदूक ली ही क्यों?' बच्चा जब समझाने लगा तो कहा- 'मैंने बंदूक यह सोच कर ली है कि मैं बड़ा होकर सेना में जाऊंगा और देश की रक्षा करूंगा।' सुन कर दोस्त हक्का-बक्का रह गया! जब उसकी मां को पता चला कि उसका बच्चा ऐसा सोचता है, तो उसका भी सिर गर्व से ऊंचा उठ गया।ओशो के शब्द हैं, 'उस मां को, उस पिता को, मैं सच्चा माता-पिता कहता हूं और उस गुरु को, मैं सच्चा गुरु कहता हूं, जो अपने बच्चों और शिष्यों से कहे कि तुम खुद जैसे बनने की कोशिश करना। साथ ही, कभी भूल कर भी किसी और जैसे मत बनना। तो तुम्हारे भीतर एक सुगंध, एक सौरभ, एक गरिमा पैदा होगी, जिसके लिए तुम दुनिया में आए हो।आमतौर पर, ऊपर-ऊपर से देख-सुन कर हर कोई अपने मन में किसी के बारे में धारणा बुन लेता है। मिसाल के तौर पर, अगर कोई युवा बेरोजगार तेज धार का चाकू खरीद लाए, तो उसे देखने वाले लोगों के दिमाग में पहला खयाल जरूर कौंधेगा कि चाकू से कुछ 'गलत' काम करने का इरादा होगा। बेशक उसकी ऐसी सोच हरगिज न रही हो। हो सकता है कि उसने अपने घर पर फल और सब्जियां काटने के लिए चाकू खरीदा हो। इसी तरह एक बार एक घरेलू सहयोगी नरेश चूहे मारने की टिकिया लेने मुहल्ले की परचून दुकान पर गया। उसने दुकानदार की तरफ सौ रुपए का नोट बढ़ाया और कहा, 'भैया, एक फलां कंपनी की चूहे मारने की टिकिया दीजिए।' दुकानदार ने उससे जानना चाहा कि इसका क्या करोगे, तो वह बिना जवाब दिए, गुमसुम दुकानदार को ताकता रहा। शायद उसे दुकानदार से ऐसे सवाल की उम्मीद नहीं थी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-6157

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6156

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 6157



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. ये उत्तरप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और भारत के चौथे गृहमंत्री थे (8)
7. कर्तव्य से संबद्ध होना, संलग्न होना (3)
8. निर्माण, बनावट, कृति (3)
9. अख्यात, जो प्रसिद्ध न हो, गुमनाम (3)
11. पुराणानुसार विंध्यपर्वत के पुत्र पर्यकगिरी से यह नदी निकलती है (3)
13. नेत्र, आंख, नयन (2)
14. इस भारतीय अभिनेत्री ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (4)
17. जो रिश्तें में माता की बहन के पति हो (2)
19. निद्रा रहित होना, सोकर उठना (3)
20. युद्ध, रण (2)
22. अशुभ तिथि यह कहलाती है (4)
23. पांडुपुत्र भीमसेन का उस समय का नाम जब वह महाराज विराट के यहां अज्ञातवास करते थे (3)

**ऊपर से नीचे**
1. वृत्ताकार रचना, गोलाकार पिंड (2)
2. पंख को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
3. दन-दन शब्द करते हुए, निरंतर, लगातार (4)
4. रिक्त स्थान की पूर्ति करना (3)
5. पांचवा, संगीतकार आरडी बर्मन इस नाम से भी जाने गए (3)
6. पेड़ के जमीन के ऊपर का वह भाग जहां से शाखाऐं निकलती है, पेड़ का धड़ (2)
10. यह भारत की सबसे ऊंची चोटी है जो भारत नेपाल सीमा पर स्थित है जो विश्व की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है (5)
12. ऑस्ट्रिया का यह शहर डन्यूब नदी के किनारे बसा है (3)
15. अनुचित, अवैध, अनुपयुक्त (4)
16. विशिष्ट गान प्रकार, सुखद अनुभूति (2)
18. रथ हांकने वाला, सूत (3)
21. दुर्दशा, दुर्गति (2)

### वर्ग पहेली 6156 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | दौ | र | | ब | ह | री | न |
| त | र | फ | दा | र | | झ | ट |
| जा | | ता | | क | ह | ना | |
| मी | ना | र | | रा | ज | | फि |
| | म | फ | ल | र | | | रो |
| रो | | ता | र | | ल | ह | जा |
| श | शि | | ज | मी | र | | बा |
| न | | मी | ना | | ज | ल | द |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन बढ़ते-बढ़ते आपकी जेब की स्थिति बेहतर होती जाएगी। आज आप पूरे जोश में रहेंगे। बस आज पार्टनरशिप के कामों में थोड़ा ध्यान रखें, कागजों को दो बार चेक कर लें। आज काम को लेकर आपके मन में जो नए-नए आईडिया आ रहे हैं, उन्हें नोट कर लें। आज का दिन बड़े बदलावों का है। आप जो भी नया कदम उठाएंगे, वह आने वाले समय में आपके करियर को एक नई दिशा देगा।

### वृष
आज आपमें काम करने का गजब का जोश होगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, उसे पूरा करने की जिद आपमें रहेगी। बस एक छोटी सी सलाह है पैसे के मामले में सुबह-सुबह ज्यादा हाथ न खोलें। कोई भी बड़ा निवेश करना हो, तो शाम तक रुक जाएं। ऑफिस में आप किसी को भी अपनी बात से सहमत कर सकते हैं, बस अपनी भाषा को थोड़ा प्यार भरा रखिएगा।

### मिथुन
आसपास भले ही कितनी भी हलचल मची हो, आप एकदम शांत रहेंगे। पैसों की बात करें तो आज बजट को एक बार दोबारा देख लें। फालतू के खर्चे काटकर बचत पर ध्यान देना ही आज की समझदारी है। अपने काम करने के पुराने तरीके पर ही टिके रहें, क्योंकि वही आपको आगे ले जाएगा।

### तुला
आज जेब पर जरा लगाम लगाकर रखें। किसी को भी आज पैसा उधार देना समझदारी नहीं होगी। काम की बात करें तो आज शोर कम मचाएं और चुपचाप अपने काम को गहराई से करें। आज आपकी मेहनत ही बोलेगी, आपको चिल्लाने की जरूरत नहीं है। आज आपकी एकाग्रता ही आपके बॉस की नजरों में आपको ऊपर उठाएगी।

### वृश्चिक
आज का दिन नेटवर्किंग का है। जितने लोगों से मिलेंगे, काम के नए मौके उतने ही खुलेंगे। आज किसी दोस्त या सहयोगी के साथ बैठकर अपने करियर पर चर्चा करें, कोई न कोई नया रास्ता निकल ही आएगा। अपनी प्रोफाइल को आज अपडेट कर लें, कहीं से कोई अच्छा मौका आ सकता है। आज की कोई छोटी सी बातचीत भी आपके करियर में बहुत बड़ा बदलाव ला सकती है।

### धनु
आज तो आपकी बातें लोगों को खूब पसंद आने वाली हैं। आपकी बुद्धि को एकदम पैना बना रहा है। आज मीडिया, लेखन या किसी को गाइड करने जैसे कामों में आपको बहुत नाम मिलेगा। ऑफिस में आज हर कोई आपसे सलाह लेना चाहेगा। आज एक साथ कई काम निपटाने की अपनी खूबी से सबको हैरान कर देंगे। बस ध्यान रहे, आज लग्जरी चीजों पर ज्यादा पैसा न उड़ जाए।

### कर्क
आज अकेले दौड़कर आप मंजिल तक नहीं पहुंच पाएंगे। काम में अगर कोई रुकावट आ रही है, तो अपने साथियों से बात करें। आज के दिन टीम के साथ मिलकर काम करना आपको जीत दिलाएगा। सुबह-सुबह काम का दबाव थोड़ा भारी लग सकता है, लेकिन घबराएं नहीं। आपका अनुशासन ही आपको इस परेशानी से बाहर निकाल लाएगा।

### सिंह
आज आपसे अनुशासन मांग रहे हैं। आज काम में थोड़ा क्रिएटिव बनें, कुछ अलग करने की कोशिश करें। आज आप अपने काम में जो नयापन लाएंगे, लोग उसकी खूब सराहना करेंगे। घर और काम में आज तालमेल बनाकर चलें। दोपहर के बाद से आपको काम में अच्छे नतीजे मिलने शुरू हो जाएंगे। धैर्य के साथ अपनी योजनाओं पर काम करते रहें, सब ठीक होगा।

### कन्या
आज दिमाग बहुत तेजी से दौड़ रहा है, लेकिन संभलकर! जल्दी अमीर बनने के चक्कर में आज कोई गलत कदम न उठाएं। आज अपना फोकस पेंडिंग फाइलों को निपटाने पर रखें। ऑफिस में आज आपकी काम करने की स्पीड देखकर सब दंग रह जाएंगे। अपने से छोटों को सिखाने का मौका मिले, तो जरूर करें।

### मकर
आज तो लक्ष्मी जी आप पर मेहरबान हैं। काम में अगर कोई प्रमोशन या तनख्वाह बढ़ने की बात चल रही थी, तो आज अपने बॉस से बात कर लें। आज का दिन अपनी बात मनवाने के लिए बहुत बढ़िया है। आज जो भी मेहनत करेंगे, उसका असर सीधा आपके बैंक बैलेंस पर दिखेगा। आज जो भी जिम्मेदारी आप लेंगे, वह आपको आने वाले समय में ऊंचे ओहदे तक ले जाएगी। बस मन लगाकर अपने काम में जुटे रहें।

### कुंभ
आज का दिन थोड़ा गहरा सोचने का है। पैसे के मामले में आज कोई बड़ा फैसला न लें, शाम तक रुक जाएं। आज कुछ नया सीखने की इच्छा होगी, तो कोई बढ़िया कोर्स या ट्रेनिंग जॉइन कर लें। यह निवेश आपको भविष्य में बहुत काम आएगा। दफ्तर में आज बहस से दूर रहना ही आपके लिए सबसे अच्छा है। आज अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं, आपको सफलता जरूर मिलेगी।

### मीन
आज का दिन अच्छा और शांतिपूर्वक ही रहेगा। पिछले काफी समय से काम का जो भारी बोझ आप ढो रहे थे, वो आज कम महसूस होगा। आज अपने मन की सुनें, क्योंकि आज आपकी छठी इंद्री आपको सही रास्ता दिखाएगी। पैसे के मामले में आज कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं, बस अपनी आंखों को खुला रखें। आज आपकी मेहनत ही है जो आपको ऊपर ले जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# लंदन में एकसाथ खिलखिलाते दिखे रोहित-विराट और गंभीर

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड दौरे पर मौजूद भारतीय टीम ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग का दौरा किया। इस दौरान खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त कुमारन पेरियासामी और वहां मौजूद भारतीय प्रवासी समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह मुलाकात खिलाड़ियों और सभी उपस्थित लोगों के लिए यादगार रही।

टीम इंडिया के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त कुमारन पेरियासामी ने भारतीय उच्चायोग में स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय प्रवासी भी खिलाड़ियों से मिले और उनका उत्साह बढ़ाया।



कार्यक्रम के दौरान बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भी मौजूद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के सुनहरे दौर और कई यादगार टीमों से जुड़ी पुरानी यादों को साझा किया।

रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर अटकलों के बीच लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग से सामने आई यह तस्वीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है। तस्वीर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और मुख्य कोच गौतम गंभीर एक साथ ठहाके लगाते और हल्के-फुल्के अंदाज में नजर आ रहे हैं। मैदान के बाहर दिखी यह सहज मुस्कान ऐसे समय सामने आई है, जब रोहित के भविष्य और टीम में उनकी भूमिका को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं।इससे पहले, लॉर्ड्स में अभ्यास सत्र से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ बालकनी में मौजूद थे। इसी दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कुछ मजाकिया इशारे किए, जिन्हें देखकर रोहित शर्मा अपनी हंसी नहीं रोक पाए। उनके साथ मौजूद सपोर्ट स्टाफ के सदस्य भी ठहाके लगाते नजर आए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इसे काफी पसंद कर रहे हैं।

दूसरे वनडे के दौरान सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें सामने आई थीं कि लॉर्ड्स में खेला जाने वाला तीसरा वनडे रोहित शर्मा के करियर का आखिरी वनडे हो सकता है। हालांकि, इन अटकलों पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने विराम लगा दिया। सैकिया ने स्पष्ट किया कि रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर चल रही खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक चयनकर्ताओं की योजनाओं में रोहित शामिल हैं, तब तक वह भारतीय टीम के लिए खेलते रहेंगे।



# 30 की हुई स्मृति


## बल्ले से लिख रही हैं भारतीय महिला क्रिकेट की नई कहानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आज 30 साल की हो गई हैं। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी, शानदार रिकॉर्ड और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर उन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।भारतीय महिला क्रिकेट की लोकप्रियता पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। आज महिला टीम के मुकाबलों में स्टेडियम दर्शकों से भरने लगे हैं और टीवी व डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी बड़ी संख्या में लोग मैच देखते हैं। इस बदलाव के पीछे जिन खिलाड़ियों का सबसे बड़ा योगदान माना जाता है, उनमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान और स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का नाम सबसे आगे आता है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी, शानदार तकनीक और निरंतर प्रदर्शन के दम पर स्मृति मंधाना ने न केवल भारतीय टीम को कई यादगार जीत दिलाई हैं, बल्कि महिला क्रिकेट को नई पहचान भी दिलाई है। लोकप्रियता के मामले में वह देश के कई पुरुष क्रिकेटरों को भी कड़ी टक्कर देती हैं। मैदान पर अक्सर फैंस के बीच 'मंधाना... मंधाना...' के नारे उनकी बढ़ती लोकप्रियता की गवाही देते हैं।

### बचपन से ही क्रिकेट से जुड़ाव

स्मृति मंधाना का जन्म 18 जुलाई 1996 को मुंबई में हुआ था। उनका परिवार पहले से ही क्रिकेट से जुड़ा रहा है। उनके पिता और भाई दोनों क्रिकेट खेल चुके हैं। इसी माहौल ने स्मृति को भी क्रिकेट की ओर प्रेरित किया। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि उनके पिता को बाएं हाथ के बल्लेबाज बेहद पसंद थे, इसलिए उन्होंने भी बाएं हाथ से बल्लेबाजी करना शुरू किया। महज नौ साल की उम्र में उन्हें महाराष्ट्र की अंडर-15 टीम में जगह मिल गई थी, जबकि 11 साल की उम्र में वह राज्य की अंडर-19 टीम का हिस्सा बन गई।घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना ने 5 अप्रैल 2013 को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मुकाबले से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और जल्द ही भारतीय महिला टीम की सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में शामिल हो गई।

## केर ने माइल दौड़ का 27 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा



**लंदन।** ब्रिटेन के स्टार धावक जोश केर ने शनिवार को लंदन डायमंड लीग में पुरुषों की माइल (एक मील) दौड़ का 27 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया। केर ने 3 मिनट 42.66 सेकेंड का समय निकालते हुए मोरक्को के महान धावक हिचाम एल गुएरूज का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले माइल दौड़ का विश्व रिकॉर्ड हिचाम एल गुएरूज के नाम था। उन्होंने 1999 में रोम में 3 मिनट 43.13 सेकेंड का समय दर्ज किया था। यह रिकॉर्ड पिछले 27 वर्षों से अटूट बना हुआ था, जिसे अब जोश केर ने तोड़ दिया। केर ने न केवल विश्व रिकॉर्ड बनाया, बल्कि रेस में भी पूरी तरह दबदबा कायम रखा। उन्होंने दूसरे स्थान पर रहे अमेरिका के यारेड नुगुसे को तीन सेकेंड से अधिक के अंतर से पीछे छोड़ा।

**फीफा फुटबाल वर्ल्डकप-2026**



# ओलीसे ने पेले का 56 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, बेलिंगहम ने की माराडोना की बराबरी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे स्थान के मुकाबले में भले ही फ्रांस को इंग्लैंड के हाथों 6-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इस मैच में दो ऐसे रिकॉर्ड बने, जिन्होंने फुटबॉल इतिहास में नई इबारत लिख दी। फ्रांस के विंगर माइकल ओलीसे ने 1970 से कायम पेले के सबसे ज्यादा असिस्ट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जबकि कप्तान किलियन एम्बाप्पे विश्व कप इतिहास के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। हालांकि, ये दोनों उपलब्धियां फ्रांस को जीत नहीं दिला सकीं और टीम चौथे स्थान पर रही। वहीं, इंग्लैंड के जूड बेलिंगहम ने भी अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर माराडोना की बराबरी की है।

बायर्न म्यूनिख के स्टार विंगर माइकल ओलीसे ने इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में एम्बाप्पे के दोनों गोल में असिस्ट किया। इसके साथ ही उनके नाम इस विश्व कप में कुल सात असिस्ट हो गए। इससे पहले एक विश्व कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा छह असिस्ट का रिकॉर्ड ब्राजील के महान खिलाड़ी पेले के नाम था, जिन्होंने 1970 विश्व कप में यह उपलब्धि हासिल की थी। यह रिकॉर्ड 56 वर्षों तक कायम रहा। ओलीसे ने टूर्नामेंट की शुरुआत से ही शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सेनेगल के खिलाफ पहले मैच में एक, इराक और स्वीडन के खिलाफ दो-दो तथा इंग्लैंड के खिलाफ दो असिस्ट देकर नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया। हालांकि एक संस्करण में सबसे ज्यादा असिस्ट का रिकॉर्ड अब ओलीसे के नाम हो गया है, लेकिन विश्व कप इतिहास में कुल असिस्ट के मामले में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी अब भी शीर्ष पर हैं।

## रिकॉर्डों के बीच इंग्लैंड ने जीता कांस्य पदक

मैच आधुनिक विश्व कप इतिहास का सबसे ज्यादा गोल वाला तीसरे स्थान का मुकाबला बन गया। इंग्लैंड ने पहले हाफ में 4-0 की बढ़त बना ली थी। डेक्लन राइस ने तीसरे मिनट में खाता खोला, इसके बाद एजरी कोंसा ने बढ़त दोगुनी की। बुकायो साका ने दो और गोल दागकर हाफ टाइम तक स्कोर 4-0 कर दिया। दूसरे हाफ में फ्रांस ने शानदार वापसी की। एम्बाप्पे ने दो और ब्रैडली बारकोला ने एक गोल कर स्कोर 4-3 कर दिया। हालांकि, 87वें मिनट में साका ने पेनाल्टी पर हैट्रिक पूरी कर इंग्लैंड को राहत दिलाई। इंजरी टाइम में उस्मान डेम्बेले ने एक गोल जरूर किया, लेकिन 90+8वें मिनट में जूड बेलिंगहम ने गोल कर इंग्लैंड की 6-4 की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। इस हार के साथ फ्रांस के मुख्य कोच डिडिएर डेशां का 14 वर्षों का कार्यकाल भी समाप्त हो गया। दूसरी ओर, इंग्लैंड ने 1966 के बाद विदेशी धरती पर विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

### एमबाप्पे बने विश्व कप के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी

इंग्लैंड के खिलाफ दो गोल दागकर किलियन एम्बाप्पे ने भी इतिहास रच दिया। उनके विश्व कप करियर में अब 22 गोल हो गए हैं और उन्होंने अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी (21) को पीछे छोड़ दिया।इंग्लैंड के जूड बेलिंगहम ने मैच के अंतिम क्षणों में गोल दागा और विश्व कप में किसी मिडफील्डर द्वारा सबसे ज्यादा गोल करने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

# सात साल का इंतजार खत्म! सिंधू ने जापान ओपन जीतकर रचा इतिहास



**टोक्यो।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने आखिरकार अपने लंबे खिताबी इंतजार को खत्म करते हुए जापान ओपन 2026 का महिला एकल खिताब जीत लिया। टोक्यो में खेले गए बीडब्ल्यूएफ सुपर-750 टूर्नामेंट के फाइनल में सिंधु ने मेजबान जापान की विश्व नंबर-तीन अकाने यामागुची को सीधे गेमों में 21-17, 21-17 से हराकर इतिहास रच दिया। करीब 50 मिनट तक चले मुकाबले में सिंधू ने शुरुआत से अंत तक आक्रामक खेल दिखाया और यामागुची को वापसी का मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ वह जापान ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई।

### सात साल बाद जीता सुपर-750 स्तर का खिताब

सिंधू के लिए यह जीत कई मायनों में खास रही। उन्होंने दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद पहली बार कोई बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब अपने नाम किया। वहीं, अगर सुपर-750 या उससे बड़े स्तर के टूर्नामेंट की बात करें तो सिंधू ने करीब सात साल बाद कोई बड़ा खिताब जीता है। उनका पिछला बड़ा खिताब 2019 विश्व चैंपियनशिप था, जिसमें उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।

### 17-17 के बाद लगातार चार अंक

फाइनल का पहला गेम काफी रोमांचक रहा। एक समय स्कोर 17-17 से बराबर था, लेकिन इसके बाद सिंधु ने शानदार आक्रामक खेल दिखाते हुए लगातार चार अंक जीते और गेम 21-17 से अपने नाम कर लिया। निर्णायक क्षणों में उन्होंने यामागुची को कोई मौका नहीं दिया।

### नहीं दिया वापसी का मौका

दूसरे गेम में सिंधू ने शुरुआत से बढ़त बना ली। उन्होंने 8-3, फिर 14-7 और बाद में 16-12 की बढ़त हासिल कर मुकाबले पर पूरी पकड़ बनाए रखी। उनकी तेज रफ्तार, सटीक स्मैश और डिफेंस से अटैक में शानदार बदलाव के सामने यामागुची लगातार संघर्ष करती नजर आई। आखिर में सिंधू ने दूसरा गेम भी 21-17 से जीतकर सीधे गेमों में मुकाबला समाप्त कर दिया।

### पूरे टूर्नामेंट में दिखी पुरानी सिंधू

इस पूरे टूर्नामेंट में सिंधू ने शानदार लय दिखाई। उन्होंने सभी मुकाबले सीधे गेमों में जीते और विश्व की शीर्ष खिलाड़ियों को हराते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। फाइनल में भी उन्होंने अपनी पुरानी रणनीति और धैर्य के साथ खेलते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

### यामागुची पर बढ़ाई बढ़त

सिंधू और अकाने यामागुची के बीच यह 30वीं भिड़ंत थी। इस जीत के बाद भारतीय स्टार ने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले कुछ वर्षों में कई यादगार मुकाबले हुए हैं, लेकिन इस बार सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापानी स्टार को उनके घरेलू दर्शकों के सामने मात दी।

## चैम्पियन बनने के बाद कर दी आलोचकों की बोलती बंद

# पीवी सिंधु ने आंसुओं के साथ बयां किया 19 महीने का दर्द!

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व वर्ल्ड चैम्पियन पीवी सिंधु का जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीतना बेहद खास है। इस दमदार जीत के बाद उनकी आंखें नम हो गई। इस टूर्नामेंट से पहले पीवी सिंधु को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। जिस पर अब उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ दी है। टोक्यो में खेले गए खिताबी मुकाबले में सिंधु ने दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची को सीधे गेमों में घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। इस धमाकेदार जीत के साथ ही सिंधु ने अपने करियर का पहला सुपर 750 खिताब जीतकर एक बार फिर शान से भारत का तिरंगा लहराया है।

जापान ओपन के फाइनल में पीवी सिंधु ने घरेलू स्टार अकाने यामागूची को सीधे गेमों में 21-17, 21-17 से शिकस्त दी। जैसे ही यामागूची का आखिरी शॉट कोर्ट से बाहर गिरा, सिंधु कोर्ट पर घुटनों के बल बैठ गईं। इसके साथ ही वहीं चेहरे को हाथों से ढककर फूट-फूटकर रोने लगीं। पीवी सिंधु की आंखों से निकलने वाले आंसू यह बताने के लिए काफी है कि यह जीत उनके लिए कितना मायने रखता है।

### लोग पूछ रहे थे-सब खत्म हो गया

जीत के बाद पीवी सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ से बात करते हुए कहा कि मेरी आंखों में आंसू थे क्योंकि यह जीत मेरे लिए बेहद जरूरी थी। मैं खुद पर बहुत कड़ी मेहनत कर रही थी। बहुत से लोग पूछ रहे थे-क्या हो रहा है? क्या करियर खत्म हो गया? लेकिन मुझे खुद पर अपने परिवार और कोचों पर पूरा भरोसा था। इस जीत का श्रेय उन्होंने अपने कोच, माता-पिता और पति को दिया।

### 2019 के बाद हुआ ये करिश्मा

लंबे समय से पीवी सिंधु की झोली में कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं आई थी। साल 2019 के बाद पहली बार उन्होंने कोई सुपर 750 स्तर का टूर्नामेंट जीता है। उन्होंने कहा कि फाइनल खेलना एक बात है, लेकिन पोडियम पर खड़े होकर गोल्ड जीतना बिल्कुल अलग अहसास है। इससे मेरा आत्मविश्वास सातवें आसमान पर पहुंच गया है। इस जीत के साथ ही सिंधु अब दुनिया की नंबर 7 खिलाड़ी बनने के बेहद करीब पहुंच गई हैं। अगले महीने दिल्ली में वर्ल्ड चैम्पियनशिप होनी है। ऐसे में सिंधु अपनी इस फॉर्म को आगे भी बरकरार रखना चाहेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### हसपुरा में उच्च विद्यालय बना आदर्श विद्यालय

**हसपुरा (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय, पथरौर में रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय का उद्घाटन किया। स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जैतपुर पंचायत के मुखिया सत्येंद्र पासवान, प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. विनोद कुमार, आस्तिक शर्मा और सोहन शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

### आयुष कुमार ने नीट परीक्षा में हासिल की सफलता

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** शहर के हाजीपुर गोला वार्ड 2 निवासी रामगोविंद प्रसाद गुप्ता के पुत्र आयुष कुमार ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि से उनके परिवार और रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है। मोहल्ले के लोगों ने उनसे मिलकर ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। आयुष कुमार दो भाइयों में छोटे हैं; उनके बड़े भाई का नाम पीयूष कुमार है। उनकी दो बहनें भी हैं, जिनके नाम शिवानी कुमारी और सिमरन कुमारी हैं। आयुष की माता ने बताया कि वह पढ़ाई में काफी मेहनती रहे हैं। उन्होंने अपनी मैट्रिक की पढ़ाई गया जिले के बोधगया स्थित ज्ञान भारती स्कूल से पूरी की थी। उनके पिता ने जानकारी दी कि आयुष की बचपन से ही मेडिकल क्षेत्र में जाने की रुचि थी और वह लगातार इसकी तैयारी कर रहे थे। अपनी सफलता पर आयुष ने माता-पिता और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य डॉक्टर की पढ़ाई पूरी कर लोगों की सेवा करना है।

### मारपीट एवं हत्या के प्रयास मामले का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** औरंगाबाद पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मदनपुर (आजन) थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव से मारपीट एवं हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मदनपुर (आजन) थाना में दर्ज मारपीट एवं हत्या के प्रयास के कांड में फरार चल रहे एक अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर मिर्जापुर गांव से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मुख्यमंत्री के राज्यव्यापी कार्यक्रम का औरंगाबाद में हुआ सीधा प्रसारण

# जिले के 14 विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में किया गया विकसित, उज्ज्वल भविष्य की तैयारी

### अनुग्रह इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ जिला स्तरीय उद्घाटन समारोह, डीएम ने किया आदर्श विद्यालय की सुविधाओं का निरीक्षण, अनुभवी शिक्षकों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी होगी तैयारी, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

- स्मार्ट क्लास और डिजिटल सुविधाओं से संवरेंगे जिले के सरकारी विद्यालय
- शिक्षा के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा बेगूसराय से राज्य के सभी प्रखंडों में स्थापित 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) के राज्यव्यापी लोकार्पण के अवसर पर औरंगाबाद जिले में भी जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। सदर प्रखंड स्थित अनुग्रह इंटर कॉलेज (गेट स्कूल) परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के उद्घाटन समारोह एवं संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आदर्श विद्यालय के रूप में चयनित होने पर विद्यार्थियों और शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर स्मार्ट कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण, अनुशासित एवं परिणामोन्मुख शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का निर्देश दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं से संवाद कर नियमित अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आदर्श विद्यालयों की स्थापना राज्य सरकार की दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर शैक्षणिक अवसर देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकसित समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है तथा ऐसे विद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन, स्मार्ट कक्षाएं, आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेलकूद की सुविधाएं, करियर मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक तैयारी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। डिजिटल शिक्षण संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

#### जिले के 14 विद्यालयों का हुआ चयन

औरंगाबाद जिले में अनुग्रह इंटर कॉलेज (गेट स्कूल), अनुग्रह कन्या उच्च विद्यालय, टाउन इंटर विद्यालय, राजकीयकृत उच्च विद्यालय जम्होर, देवांशी उच्च विद्यालय सुंदरगंज (बारुण), उच्च विद्यालय चरण महादेवा (नवीनगर), उच्च विद्यालय डुमरी (कुटुंबा), राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय (देव), उच्च विद्यालय बेरी (मदनपुर), रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय (रफीगंज), उच्च विद्यालय रुकुंडी (गोह), उच्च विद्यालय पथरौर (हसपुरा), राष्ट्रीय उच्च विद्यालय दाउदनगर तथा उच्च विद्यालय ओबरा को सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में विकसित किया गया है। समारोह में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 258.60 किलो अफीम डोडा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एरका स्थित उत्पाद जांच चौकी पर एक कंटेनर से 258.60 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ भूसे के बीच छिपाकर रखे गए 11 बोरों में रखा गया था। इस मामले में पंजाब के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद खेप की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है।

### स्कैनर जांच में खुला तस्करी का राज

उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड की ओर से एक कंटेनर में भूसे के बीच अफीम डोडा छिपाकर बिहार लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर एरका उत्पाद जांच चौकी पर निगरानी बढ़ा दी गई और झारखंड से आने वाले वाहनों की सघन जांच शुरू की गई। शनिवार रात संदिग्ध कंटेनर को रोककर स्कैनर मशीन से जांच की गई। स्कैनिंग में संदिग्ध वस्तु दिखाई देने पर तलाशी ली गई, जिसमें भूसे के नीचे छिपाकर रखे गए 11 बोरों से कुल 258.60 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद हुआ।

कार्रवाई के दौरान उत्पाद विभाग ने कंटेनर चालक पवन कुमार और सुखमिंदर सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों पंजाब के लुधियाना जिले के खन्ना क्षेत्र के रहने वाले हैं और झारखंड से कंटेनर लेकर बिहार में प्रवेश कर रहे थे। जांच दल के प्रभारी उत्पाद पदाधिकारी राजेश सहनी ने दोनों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पूरी कार्रवाई कुटुंबा के अंचलाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। कंटेनर और बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि बरामद अफीम डोडा की खेप कहां से लाई गई थी और इसकी आपूर्ति किन लोगों तक की जानी थी। मामले में तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है तथा इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी शुरू कर दी गई है।

## बहू से विवाद के बाद बुजुर्ग महिला ने नहर में लगाई छलांग, ग्रामीणों ने बचायी जान



**निज संवाददाता** | जम्होर (औरंगाबाद)

जिले के जम्होर थाना क्षेत्र स्थित रामपुर गांव के समीप रविवार सुबह एक बुजुर्ग महिला ने कथित तौर पर घरेलू विवाद से आहत होकर नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद ग्रामीणों की तत्परता से महिला की जान बच गई। ग्रामीणों ने अपनी जान की परवाह किए बिना नहर में उतरकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय गांव के पास बड़की नहर के किनारे लोगों की आवाजाही थी। इसी दौरान एक बुजुर्ग महिला अचानक नहर में कूद गई। यह देख ग्रामीण विमलेश सिंह बिना देर किए नहर में कूद पड़े। उनके साथ कई अन्य युवकों ने भी पानी में उतरकर महिला तक पहुंचने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद सभी ने मिलकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के परसा गांव की रहने वाली है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह किसी बात को लेकर उसका अपनी बहू से विवाद हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार, घरेलू कलह और कथित प्रताड़ना से आहत होकर उसने यह कदम उठाया। ग्रामीणों ने महिला को बाहर निकालने के बाद तत्काल प्राथमिक उपचार किया। स्थानीय स्तर पर उसके पेट में भरा पानी बाहर निकालने का प्रयास किया गया, जिससे उसकी स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो गई। तबीयत स्थिर होने के बाद गांव के युवकों ने उसे सुरक्षित उसके घर पहुंचा दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि कुछ सेकंड की भी देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## मानसून सत्र में औरंगाबाद का नाम आदित्य नगर करने की मांग तेज



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिले का नाम बदलकर आदित्य नगर करने की मांग को लेकर सामाजिक संस्था केशव लोक मंच ने अपना अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में मंच के प्रतिनिधियों ने रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर 20 से 24 जुलाई तक चलने वाले बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने का आग्रह किया। केशव लोक मंच के संयोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जिले का नाम आदित्य नगर किए जाने की मांग को लेकर पूरे जिले में चरणबद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर इस प्रस्ताव का समर्थन करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि विधायक से आग्रह किया गया है कि वे विधानसभा के मानसून सत्र में इस विषय को मजबूती से उठाएं।

### नाम परिवर्तन में कोई तकनीकी बाधा नहीं

अनिल कुमार सिंह ने कहा कि ज्ञापन में विस्तार से बताया गया है कि औरंगाबाद जिले का नाम आदित्य नगर क्यों किया जाना चाहिए। उनका दावा है कि नाम परिवर्तन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा नहीं है और यदि सरकार पहल करे तो इस दिशा में कार्रवाई संभव है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और आम लोगों का समर्थन जुटाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

रफीगंज में सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय का शुभारंभ

## अब ग्रामीण बच्चों को भी मिलेगी निजी स्कूलों जैसी शिक्षा : प्रमोद कुमार सिंह

**निज संवाददाता** | रफीगंज (औरंगाबाद)



रानी ब्रजराज प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेगूसराय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यभर के आदर्श विद्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन किया। रफीगंज में आयोजित समारोह में विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने फीता काटकर, दीप प्रज्वलित कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने अतिथियों का अंगवस्त्र, माला एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान से हुई। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आदर्श विद्यालय योजना पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसे वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आगे बढ़ाते हुए धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 534 प्रखंडों सहित कुल 551 आदर्श विद्यालयों की शुरुआत कर शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल की है। विधायक ने कहा कि इन विद्यालयों का उद्देश्य केवल आधुनिक भवन तैयार करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को तकनीक आधारित शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अब गांव, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को भी मॉडल स्कूल जैसी आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। नई शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुरूप पढ़ाई कराई जाएगी, जिससे उन्हें बेहतर भविष्य के अवसर प्राप्त होंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष एवं प्रखंड कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, शिक्षा पदाधिकारी अमर कुमार, जदयू नेता विजय विश्वकर्मा, संजय अंबेडकर, मनोज यादव, मधुकर लाल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, उमेश पासवान, विनोद कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## औरंगाबाद में जिला वादक कलाकार महासंघ का गठन कलाकारों के हितों की रक्षा का लिया गया संकल्प

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद




जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के समीप सरदार पटेल स्मृति भवन परिसर में रविवार को जिला वादक कलाकार महासंघ की प्रथम बैठक आयोजित की गई। सुरेश विद्यार्थी के संचालन में आयोजित बैठक में दानिका संगीत महाविद्यालय के निदेशक दानिका महाराज डॉ. रविंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया, जिसके बाद कलाकारों ने संगठन के गठन एवं उसके उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से महासंघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सुनेश कुमार को अध्यक्ष, बीरबल कुमार को उपाध्यक्ष, जयपाल कुमार को सचिव, अमित सिंह को उपसचिव, अनुज कुमार को संयोजक, राहुल कुमार को सह संयोजक, मोहित कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष तथा मोहित कुमार आर्गन को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं डॉ. रविंद्र कुमार को मुख्य संरक्षक, साकेत कुमार सिंह को कानूनी सलाहकार तथा सुरेश विद्यार्थी को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### उचित मानदेय और सम्मान की उठाई मांग

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जिले में आयोजित सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को आमंत्रित तो किया जाता है, लेकिन उन्हें उनके कार्य के अनुरूप उचित मानदेय और सम्मान नहीं मिल पाता। कलाकारों ने एक स्वर में कहा कि उनके अधिकारों, सम्मान और हितों की रक्षा के लिए सभी कलाकारों का एकजुट होना समय की आवश्यकता है। महासंघ के माध्यम से कलाकारों की समस्याओं को संगठित रूप से संबंधित अधिकारियों और सरकार के समक्ष रखा जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महासंघ की अगली बैठक में संगठन की नियमावली, सदस्यता अभियान और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर रवि कुमार चौधरी, ब्रजेश भास्कर, जय किशन, सोनू कुमार, विकास कुमार प्रजापति, संतोष कुमार, ललन कुमार रवि, नीरज कुमार पांडेय, जयप्रकाश कुमार, चंदन कुमार शर्मा, राजेश कुमार, पंकज कुमार, रौनक सिंह, टिंकू कुमार गुप्ता, भोलू कुमार, गंगा गुप्ता, अनिल कुमार, पप्पू कुमार सहित बड़ी संख्या में कलाकार उपस्थित रहे।

## थाना परिसर में मानव तस्करी व बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**निज संवाददाता** | रफीगंज (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिला प्रशासन एवं दीप ज्योति कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रफीगंज थाना परिसर में मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी के विरुद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को इन सामाजिक अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशेष अपराध नियंत्रण के डीएसपी डॉ. शंकर कुमार झा ने कहा कि मानव तस्करी, बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी जैसे अपराध समाज के लिए गंभीर चुनौती हैं। इनकी रोकथाम केवल प्रशासन के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने कहा कि पुलिस इन अपराधों के विरुद्ध पूरी तरह प्रतिबद्ध है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम को दीप ज्योति कल्याण संस्थान के जिला समन्वयक रितेश कुमार, सरिता कुमारी तथा सहायक शिक्षक मुसाफिर दास ने भी संबोधित किया। उन्होंने मानव तस्करी और बाल श्रम उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को मानव तस्करी, बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी से संबंधित कानूनों, अधिकारों तथा बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही समाज से इन अपराधों के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता फैलाने और प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर एसआई रेखा कुमारी, एसआई निधि कुमारी, सुनील कुमार बर्मा, श्रीकांत कुमार पाठक सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 11 हजार वोल्ट लाइन के स्टे वायर में उतरे करंट से महिला की मौत

**निज संवाददाता** | फेसर (औरंगाबाद)



जिले के फेसर थाना क्षेत्र के पिरौटा गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन के खंभे से जुड़े स्टे वायर में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से 61 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान स्वर्गीय सुखदेव महतो की पत्नी बरती देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया।

### खेत में खाद डालने के दौरान हुआ हादसा

परिजनों के अनुसार बरती देवी रविवार दोपहर सिर पर गोबर (मान) से भरा ओड़िया लेकर खेत में खाद डालने जा रही थीं। घर से करीब एक किलोमीटर दूर बधार में पहुंचने के दौरान उनका हाथ 11 हजार वोल्ट बिजली लाइन के खंभे से जुड़े स्टे वायर से छू गया। स्टे वायर में करंट प्रवाहित हो रहा था। करंट लगते ही वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ीं। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने उन्हें गिरते देखा तो शोर मचाकर ग्रामीणों और परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि स्टे वायर में करंट प्रवाहित होना विभाग की बड़ी चूक है। ग्रामीणों का आरोप है कि बारिश के मौसम में बिजली के पोल, स्टे वायर और जर्जर तारों की नियमित जांच नहीं होने के कारण इस तरह के हादसे हो रहे हैं।

## जमीनी विवाद में 70 वर्षीय वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या, गांव में तनाव

**निज संवाददाता** | गोह (औरंगाबाद)

जिले के गोह थाना क्षेत्र के घाटों गांव में रविवार को जमीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। विवाद के दौरान 70 वर्षीय किशोरी साव की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, किशोरी साव रविवार को गांव से पश्चिम स्थित बधार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें देख लिया। खतरे का आभास होने पर उन्होंने वापस लौटने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी सीताराम साव एवं अन्य लोगों ने बाइक से उनका पीछा किया और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग उन्हें इलाज के लिए गोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## छठ घाट के निर्माण-सौंदर्यीकरण की उठी मांग विधायक से विधानसभा में मुद्दा उठाने की अपील

**निज संवाददाता** | बारुण(औरंगाबाद)



विधानसभा क्षेत्र के बारुण प्रखंड अंतर्गत पिपरा पंचायत स्थित बरौली गांव के ऐतिहासिक सूर्य मंदिर एवं छठ घाट के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विधायक चेतन आनंद से आगामी विधानसभा के मानसून सत्र में इस महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे को उठाने का आग्रह किया है। ग्रामीणों ने बताया कि बरौली का सूर्य मंदिर एवं छठ घाट वर्षों से क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। छठ महापर्व के अवसर पर यहां बारुण सहित आसपास के कई प्रखंडो से हजारों श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। इसके बावजूद छठ घाट पर पक्के घाट, सीढ़ियां, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश की समुचित व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने विधायक चेतन आनंद से अनुरोध किया है कि वे 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र में इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का मुद्दा मजबूती से उठाएं, ताकि सरकार द्वारा आवश्यक राशि स्वीकृत कर इस स्थल का समुचित विकास कराया जा सके।

## सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन के प्रधान कार्यालय का शुभारंभ

**निज संवाददाता** | ओबरा (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड अंतर्गत खरांटी स्थित शहीद जगतपति कुमार स्मारक के समीप रविवार को सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह धार्मिक अनुष्ठान और सामाजिक सरोकारों के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सत्यनारायण भगवान की व्रत कथा एवं पूजा से हुई। आचार्य कमलकिशोर पांडेय ने पुरोहित के रूप में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई, जबकि संगठन के मीडिया प्रभारी रॉकी दूबे यजमान बने। पूजन के उपरांत हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत शर्मा, आचार्य कमलकिशोर पांडेय, विश्वनाथ पांडेय एवं रंजीत सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रधान कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की समय पर सहायता करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।